सूर्योदय 5:25 सूर्यास्त 7:10

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.4 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 20.7 न्यू | 30.2 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 75410.39 |
| निफ्टी | 22957.10 |
| सोना | 70,770 |
| चांदी | 92,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 25 मई, 2024 | 12 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 157, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र **अपील:** दुनिया बदलने के लिए 'मतदान' एक शक्तिशाली हथियार

## न्यूज शॉर्ट्स

### विभव कुमार को नहीं मिली राहत



**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल मारपीट मामले में अरविंद केजरीवाल के पीए विभव कुमार को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने 4 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली पुलिस ने 4 दिन की न्यायिक हिरासत मांगी थी। शुक्रवार को कस्टडी खत्म होने के बाद उन्हें जेल में पेश किया गया था।

### चीन ने ताइवान पर किए नकली मिसाइल हमले

**बीजिंग।** चीन ने शुक्रवार को ताइवान के नए राष्ट्रपति लाई चिंग-ते को दंडित करने के लिए दो दिवसीय अभ्यास के एक भाग के रूप में नकली मिसाइल हमले किए और बमवर्षकों के साथ जीवित मिसाइलों से लैस लड़ाकू जेट भेजे। बमवर्षकों ने ताइवान के पूर्वी जल में कई आक्रमण संरचनाएं स्थापित कीं। नौसैनिक जहाजों के साथ समन्वय में नकली हमले किए, क्योंकि चीन ने 'शक्ति जब्त करने' और ताइवान के प्रमुख क्षेत्रों को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता का परीक्षण किया।

### लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा लाखों रुपए का गोल्ड

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पर कस्टम अफसरों ने एक तस्कर से तकरीबन एक किलो सोना बरामद किया है। तस्कर सोने का पेस्ट बनाकर उसे मलाशय में छिपाकर लाया था, लेकिन उसके बाद भी वह अफसरों की नजरों से नहीं बच सका। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस सोने की कीमत करीब 59.43 लाख रुपए बताई जा रही है।

### आज खुलेंगे हेमकुंड साहिब के कपाट



**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब जी के दरवाजे 25 मई को भक्तों के लिए औपचारिक रूप से खोले जाएंगे। हालांकि, तीर्थयात्रा आधिकारिक तौर पर बुधवार को गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब, लक्ष्मण झूला रोड, ऋषिकेश से शुरू हुई। उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सरदार गुरमीत सिंह ने पांच प्यारे के नेतृत्व में तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष अवसर पर गुरुद्वारा परिसर और दरबार हॉल को फूलों और अन्य सजावट से सजाया गया था।

### विमान में टर्बुलेंस से यात्रियों को आईं चोटें

**सिंगापुर।** लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में खतरनाक टर्बुलेंस की वजह से कई यात्री गंभीर चोटों का शिकार हुए हैं। बताया गया है कि ज्यादातर घायलों को दिमाग और रीढ़ में चोटें आई हैं। थाईलैंड में विमान की आपात लैंडिंग के बाद जिन यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनमें से कई ने टर्बुलेंस की इस घटना का खौफनाक मंजर बयां किया। इस बीच बैंकॉक हॉस्पिटल के प्रमुख ने बताया कि जिन यात्रियों को अस्पताल लाया गया, उनमें से 20 को आईसीयू में रखा गया है।

## अनंत व्यंग्य




# सरकार बनते ही लूंगा पैसे की बंदरबांट का हिसाब : मोदी





मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली के दौरान ऐतिहासिक पड्डल मैदान के मंच पर पीएम मोदी, भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत, जयराम ठाकुर, अनिल शर्मा व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता लोगों का अभिवादन करते हुए। (इनसेट) मंडी रैली में उमड़ा जनसमूह।

### हिमाचल राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्ष के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। हिमाचल राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है, क्योंकि कुछ साल पहले पालमपुर में भाजपा की राष्ट्रीय वर्किंग कमेटी की बैठक में जो निर्णय हुआ था, उसने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इससे जहां सारा देश खुश है, वहीं पर कांग्रेस खुश नहीं है।

### आपके वोट ने गिराई धारा 370 की दीवार

**अपने** भाषण में कहा कि आपके वोट की ताकत ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 की दीवार को गिरा दिया, पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने के साथ ही भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बना है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण दिया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को एक ऐसा भारत चाहिए जिसमें गरीबी हो संकट हो और समस्याएं हों। कांग्रेस विकास का रिवर्स गियर लाना चाहती है। कांग्रेस चुनावों में कह रही है कि सत्ता में आने पर धारा 3 को वापस लाएंगे, परमाणु हथियार खत्म कर देंगे।

## मंडी में कंगना रनौत के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

**अनिल शर्मा, मंडी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा शाब्दिक हमला बोला।

एक के बाद एक मुद्दों पर प्रखर हुए पीएम मोदी ने कहा कि मेरे मित्र जयराम ठाकुर ने सैकड़ों संस्थान खोले, लेकिन कांग्रेस को एक ही काम आता है धोखा देना और ताला लगाना। आपदा के दौरान मैंने बहुत पैसा भेजा, लेकिन कांग्रेस सरकार ने उसकी बंदरबांट की। चुनाव के बाद मेरा पहला काम पैसे की बंदरबांट को पकड़ना है। डेढ़ साल में ही लोग कांग्रेस सरकार से तंग आ चुके हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश को कांग्रेस के शिकंजे से बचाने के लिए मुझे आपके सहयोग की जरूरत है। देश तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा और एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है। अब हिमाचल की चारों सीटें जीत कर सोने पर सुहागा हो जाएगा। हिमाचल में चार शून्य की हैट्रिक लगने वाली है। (अनंत ज्ञान)

## नाहन में सुरेश कश्यप के पक्ष में बोले- एक तरफ मोदी की गारंटी, दूसरी तरफ कांग्रेस की बर्बादी का मॉडल

**एसपी जैरथ, नाहन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहन के चौगान में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा भारत को जो स्पीड और स्केल चाहिए, वो सिर्फ भाजपा ही दे सकती है। उन्होंने अपने भाषण से पूर्व हिमाचल में गुजारे समय को याद किया। मोदी ने सिरमौरी बोली में माता बालासुंदरी, रेणुका मां, भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि, मां चूड़ेश्वर देवता, शिरगुल देवता, महासू देवता और गुरु गोबिंद सिंह की धरती को संबोधित कर लोगों में उत्साह भर दिया।

उन्होंने कहा कि जब मैं हिमाचल का प्रभारी था, तब भी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानता था और आज भी मानता हूं। समय बदला है पर मोदी नहीं बदला है। मेरे लिए न नाहन नया है और न ही सिरमौर, लेकिन मुझे कहना पड़ेगा कि आज का माहौल नया है। जब देश मोदी को जानता नहीं था, तब भी आप लोगों ने मुझे आशीर्वाद और प्यार देने में कोई कमी नहीं रखी। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी सुरेश कश्यप को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा एक तरफ मोदी की गारंटी है तो दूसरी तरफ कांग्रेस की बर्बादी का मॉडल। फैसला आपको लेना है।

कांग्रेस के दौर में पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी, लेकिन भारत अब दुनिया से भीख नहीं मांगेगा, भारत अपनी लड़ाई खुद लड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

### ऊंचे पहाड़ों ने मुझे सिर गर्व से ऊंचा रखना सिखाया

**हिमाचल** के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे हौसला दिया। हिमाचल के ऊंचे पहाड़ों ने मुझे अपना सिर गर्व से ऊंचा रखना सिखाया है। मैं मां भारती का अपमान नहीं सह सकता, लेकिन कांग्रेस मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को भारत माता की जय और वंदे मातरम् कहने से दिक्कत है। ऐसी कांग्रेस कभी हिमाचल का भला नहीं कर सकती। सत्ता पाने के लिए कांग्रेस ने हिमाचल के लोगों से खूब झूठ बोला। इन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट में ये होगा, वो होगा, लेकिन पहली कैबिनेट में कुछ भी नहीं हुआ, बल्कि कैबिनेट ही टूट-फूट गई।

## जवाली में कार रोककर पकड़ी 12 किलो 156 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, जवाली**



पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत कोटला पुलिस चौकी के अधीन 32 मील-रानीताल सड़क मार्ग डोल-दुराना पुल के पास 12 किलोग्राम 156 ग्राम चरस की खेप पकड़ कर नूरपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है।

जानकारी अनुसार पुलिस ने पुल के पास नाकाबंदी कर ऑल्टो कार को रोककर तलाशी ली तो कार से चरस बरामद हुई। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि कार व चरस को कब्जे में लेकर चालक रमेश कुमार निवासी मंडी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। खेप कहां से लाई गई है और किसको सप्लाई की जानी थी इसका पता लगाया जाएगा।

## छठे चरण के लिए 8 राज्यों की 58 सीटों पर वोटिंग आज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



धर्मेंद्र प्रधान



मनोहर लाल खट्टर



महबूबा मुफ्ती

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए शनिवार को 7 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 58 सीटों पर वोटिंग होगी।

इन राज्यों में बिहार 8, हरियाणा 10, झारखंड 4, ओड़िशा 6, जम्मू-कश्मीर एक, उत्तर प्रदेश 14, पश्चिम बंगाल 8, जबकि दिल्ली की 7 सीटों पर चुनाव होगा है। इस चरण में 3 केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, कृष्ण पाल सिंह गुर्जर और राव इंद्रजीत सिंह मैदान में हैं। 3 पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, मनोहर लाल खट्टर और जगदंबिका पाल भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा मनोज तिवारी, मेनका गांधी, नवीन जिंदल, बांसुरी स्वराज, संबित पात्रा आदि अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

### हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार 2010 के बाद से राज्य में जारी किए गए सभी ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देगी। ममता ने दक्षिण 24 परगना जिले के सागर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गर्मी की छुट्टियों के बाद आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत में अपील करेगी। उन्होंने कहा, "हम ओबीसी प्रमाणपत्रों को रद्द करने संबंधी आदेश को नहीं मानते। हम ग्रीष्म अवकाश के बाद शीर्ष अदालत में अपील करेंगे।"

## सुक्खू आरक्षण कम करने की तैयारी में तो नहीं : अनुराग

**अनंत ज्ञान, कुटलैहड़/नयनादेवी**

केंद्रीय सूचना प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जब 10 जनपथ के इशारों पर एससी, एसटी और ओबीसी का हक मारने की तैयारी कर रही थी, तो क्या मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसका विरोध किया था?

मुख्यमंत्री सुक्खू लोगों को क्यों नहीं बताते कि क्या हिमाचल में भी वो एससी/एसटी और ओबीसी समुदाय के आरक्षण में कटौती की तैयारी में है या नहीं। मोदी ने आर्थिक रूप कमजोर सवर्णों को भी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया, मगर आरक्षण विरोधी कांग्रेस को यह भी हजम नहीं हो पा रहा है। अनुराग ने ये बातें शुक्रवार को कुटलैहड़ और नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र में अपने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों और जनसभाओं के दौरान कहीं।



चुनाव प्रचार के दौरान अपने समर्थकों के साथ अनुराग ठाकुर।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में एससी समाज कल्याण के लिए प्रतिवर्ष मात्र 40 हजार करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया जाता था। आज भाजपा सरकार में एससी समुदाय के कल्याण का बजट 1 लाख 40 हजार करोड़ से अधिक है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सामाजिक न्याय मंत्रालय के बजट में अनुसूचित जातियों पर विशेष ध्यान देने के साथ 90 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हुई है। 1998 में जब भाजपा की प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व में सरकार बनी तब उस समय अनुसूचित जाति उप योजना का बजट मात्र 11 प्रतिशत था, जबकि अनुसूचित जाति कि जनसंख्या 25 प्रतिशत थी। इसे देखते हुए धूमल ने अनुसूचित जाति का बजट 11 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया था।

**मौसम** सोलन में फिसली पंजाब रोडवेज की बस, कुल्लू में नदी पर बना पुल बहा

## हिमाचल में बारिश ने दिलाई उमस भरी गर्मी से राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में शुक्रवार को कई जगह बारिश होने से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। सोलन में कुछ देर तक तेज बारिश होने से मौसम ठंडा हो गया। सोलन के शमलेच में बारिश की वजह से चंडीगढ़ से शिमला जा रही पंजाब रोडवेज की बस नेशनल हाईवे किनारे लगे पैरापिट से टकरा गई। गनीमत यह रही कि पैरापिट नहीं टूटा। अगर टूटता तो यह बस गहरी खाई में गिर सकती थी। बस में करीब 13 लोग सवार थे। सभी सुरक्षित हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने शनिवार को राज्य के कई भागों में बारिश की संभावना जताई है। शिमला में भी शुक्रवार को दिनभर मौसम खराब बना रहा। वहीं, 25 से 28 मई तक राज्य के कई मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। पूरे प्रदेश में 29 मई तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। 30 मई को कुछ क्षेत्रों में बारिश का पूर्वानुमान है। ऊना में अधिकतम तापमान 40.6, धौलाकुआं 38, हमीरपुर 36.6, चंबा 36, सुंदरनगर 35.8, कांगड़ा 35.2, मंडी में 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।। वहीं शिमला में न्यूनतम तापमान 17.4, सुंदरनगर 20.2, भुंतर 16.1, कल्पा 10.6, धर्मशाला 20.7, ऊना 24.4, नाहन 23.1, केलांग 8.0, पालमपुर 18.5, सोलन 18.6, मनाली 13.1, कांगड़ा 18.0, बिलासपुर 23.4, हमीरपुर 22.3, चंबा 18.6, जुब्बड़हट्टी 21.2, कुफरी 14.7, कुकुमसेरी 6.3, नारकंडा 12.9, रिकांगपिओ 14.3, सेऊबाग 14.5, धौलाकुआं 26.2, मशोबरा 16.7 व ताबो में 11.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



सोलन में हुई झमझमाझम बारिश।

### केदारनाथ में हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**देहरादून।** उत्तराखंड में बड़ा हादसा टल गया। केदारनाथ धाम में हेलिकॉप्टर पायलट की सूझ-बूझ से यह हादसा होने से बचा। हेलिकॉप्टर ने छह यात्रियों को लेकर केदारनाथ के लिए उड़ान भरी थी। ये यात्री तमिलनाडु के थे। तकनीकी खराबी के कारण हेलिकॉप्टर को केदारनाथ हेलिपैड से लगभग 100 मीटर पहले आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। जानकारी मिली है कि क्रिस्टल के हेलिकॉप्टर का रूडल खराब हो गया। पायलट पायलट कल्पेश ने सूझबूझ दिखाते हुए हेलिकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिग कराई। हेलिकॉप्टर के सुरक्षित लैंड के बाद तीर्थ यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 तीर्थयात्रियों की मौत

**एजेंसी, देहरादून**

चारधाम यात्रा के दौरान अब तक कुल 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से सबसे अधिक 23 श्रद्धालुओं की केदारनाथ में मृत्यु हुई है। अधिकतर श्रद्धालु 60 साल से अधिक आयु के हैं।

शुक्रवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में गढ़वाल कमिश्नर और मुख्यमंत्री के सचिव विनय शंकर पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि गंगोत्री में 3, यमुनोत्री में 12, बदरीनाथ में 14 और केदारनाथ में 23 यात्रियों सहित कुल 52 यात्रियों की मृत्यु हुई है। ज्यादातर की उम्र 60 वर्ष से अधिक है और ज्यादातर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। उन्होंने बताया कि यात्रा को



लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक हुई है। यात्रा शुरू होने से लेकर अब तक मुख्यमंत्री 6 बैठकें कर चुके हैं। सीएम धामी ने चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिए निगरानी समिति का गठन कर अधिकारियों को यात्रा मार्गों में तैनात रहने का निर्देश देते हुए कहा है कि कोई यात्री बिना पंजीकरण के किसी धाम पर पहुंचता है तो इसके लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## जागरूकता अभियान




पधर : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर द्रंग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता की गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटीढ़ी और ग्राम पंचायत कटीढ़ी में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

## मतदान का संदेश




सरकाघाट : स्वीप टीम ने शुक्रवार को जैहमत और मछ्याड़ पंचायतों एवं आसपास के क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## चुनावी चुटकी

### नेता जी जरा संभलना

**नेता** जी जरा संभलकर, हराने वाले बहुत दूर नहीं होते। भाषण और वास्तविकता में अंतर दिख रहा है। दिख रहा है और सुना जा रहा है कि हम एक साथ हैं और एक साथ ही रहेंगे। विधानसभा उपचुनाव में टिकट के दावेदार थे, लेकिन अब पार्टी के घोषित प्रत्याशी के साथ चल रहे हैं। जहां हमारी जरुरत पड़ रही है वहां हम जा रहे हैं। जनसभा में पहली पंक्ति में स्थान मिल रहा है पूरा मान सम्मान मिल रहा है। अब कोई स्टार प्रचारक आ रहा है तो भी हमें बुला रहा है। नाराज नहीं हैं सिर्फ मन में टीस है कि जिसे टिकट मिला वे अभी सिर्फ तीस का है। साथ भी चल रहे हैं और समर्थन भी कर रहे हैं, लेकिन अपने खास वर्करों के पास जाने से बच रहे हैं। स्थिति ऐसी है कि किसी भी सूरत में ऐसे नेता जी अपने सियासी तजुर्बे को प्रत्याशी के साथ सांझा नहीं कर रहे हैं। लाइम लाइट में रहने के लिए वे साथ भी चल रहे हैं और मीडिया में भी एकजुटता का संदेश दे रहे हैं। कुछ ऐसे हैं जो प्रत्याशी को मजबूरी में प्रभारी बनाने पड़े हैं, लेकिन वे अपनी खोई हुई पहचान बनाने में जुट पड़े हैं। प्रत्याशी के पैसे पर अपनी ब्रांडिंग करा रहे हैं, पार्टी वर्करों को छोड़ अपने खास को पार्टी करा रहे हैं। समय पर नहीं समझे तो हो जाएगा गड़बड़झाला। रौनकी ताऊ ने भी खूब ऐसे नेताओं की लगाई है पहचान, वो उनकी अंतर्रात्मा को गए हैं जान। रौनकी ताऊ ने भी माना है कि जो साथ चल रहे हैं वे अवसरवादी बन रहे हैं। साथ चलकर ही देख रहे हैं तमाशा, प्रत्याशी हारेगा तभी तो पूरी होगी उनकी अभिलाषा।



### सुनामी दिख नहीं रही

**एक** पार्टी को हिमाचल में जिस सुनामी का इंतजार था वह आकर चली गई है। इसके बाद तूफान भी आने वाला है। आंधी और हवा तो आती जाती रहेंगी। यहां तक कि लहर का अभी तक कोई अता पता नहीं चला है। हिमाचल में सुनामी का इंतजार था, लेकिन बादल आए और गरजे भी बरसे भी, जो हो सका वह आसमान से किया, लेकिन धरती पर सुनामी कहीं किसी को दिखी है तो आप जानें। हमें हवा और तूफान के बाद आसमान में उडन खटोलों की आवाज ही सुनाई पड़ रही है। हिमाचल देवी देवताओं की धरती है यहां सुनामी से देवता लोगों को बचाए भी रखते हैं, लेकिन जिस तरह से बरसातों में आपदा आई थी तो देवता रुष्ठ भी हो जाते हैं। देव परंपराओं को अगर हम नहीं मानेंगे तो ऐसी सुनामी, आंधी, त्रासदी से बचा जा सकता है। किसी को हिमाचल में सुनामी का इंतजार था, लेकिन रौनकी ताऊ उस सुनामी का गलत मतलब समझ गए। यह सुनामी कोई समुद्र वाली या आसमान वाली नहीं थी, यह सियासी सुनामी की बात चल रही थी। पड्डल हो या सेरी, हमारे ताऊ तो शिमला की रिज से चारों ओर देख रहे थे। ताऊ की मानें तो सुनामी और आंधी कहीं दिख नहीं रही है। अगर असर होगा तो धीरे धीरे हो सकता है, लेकिन तुरंत वाला कुछ नहीं है। उधर हवा और आंधी जरुर थी, हो सकता है कि आसमान में इतने उडन खटोले जा रहे हैं उनकी हो सकती है।



# सीएम सुक्खू रायजादा को बना रहे बेवकूफ : इंद्रदत्त लखनपाल

जातीय और क्षेत्रवाद के समीकरणों ने बड़सर में विधानसभा उपचुनाव की जंग को रोचक बना दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल को आरोपों के चक्रव्यूह में फंसाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने यहां पर सुभाष ढटवालिया को प्रत्याशी बनाकर जो तुरुप चाल चली है, उसका प्रभाव कांग्रेस के भीतर है। क्षेत्र की समस्याओं और चुनावी समीकरणों को लेकर **'अनंत ज्ञान'** के हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ **विक्रम ढटवालिया** ने इंद्रदत्त लखनपाल से कई मुद्दों पर बातचीत की। पेश है मुख्यांश-

**सवाल : बड़सर में सीएम फैक्टर कितना काम करेगा? आप पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं सीएम?**

**जवाब :** सीएम झूठ की जिस घोड़े पर सवार हैं, उसका जनता को मुकम्मल पता है। उन्होंने चुने हुए विधायकों के साथ कितना अन्याय किया है, इसे बार-बार बताने की जरूरत नहीं है। वह फिजूल के आरोप लगाकर केवल अपनी बौखलाहट निकाल रहे हैं। सत्ता का नशा उन पर खास अंदाज में सवार है।

**सवाल : आप तीन बार विधायक बने, विकास में कोई ऐसे बड़े काम जो आप गिना सकें?**

**जवाब :** जिन योजनाओं और विकास के बड़े कामों को पिछली सरकार के समय जनता की सुख-सुविधा के लिए अमलीजामा पहनाया गया था, सुक्खू सरकार ने सत्ता संभालते ही उस पर पानी फेर दिया। सारी योजनाओं को डी-नोटीफाइड कर दिया।

**सवालः आप कांग्रेस के मजबूत सिपाही रहे हैं। भाजपा में जाना अब संगठनात्मक तौर पर कितना कठिन है?**

**जवाब :** भाजपा में शामिल होने के पीछे की कहानी अब पुरानी हो गई है। कांग्रेस ने राज्यसभा में जिस व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया, वह हिमाचल के हितों के खिलाफ था, सनातन धर्म के विरुद्ध था। उसे भला वोट कैसे डाला जा सकता था, इसकी सपोर्ट नहीं हो सकती थी। भाजपा में अब सब सामान्य है। यहां का संगठन मजबूत है। पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भी अब चुनाव प्रचार में कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, कोई दिक्कत नहीं है हम मिलकर चुनाव जीतेंगे।



अनंत ज्ञान
एक्सक्लूसिव इंटरव्यू

**सवाल : भाजपा में तो आ गए हैं, भितरघात कहीं महंगा न पड़ जाए?**

**जवाब :** जी नहीं, भाजपा विश्वास का दूसरा नाम है। यहां जो बोल दिया सो बोल दिया। अब सभी एकजुटता के साथ चुनाव प्रचार में जुट चुके हैं।

**सवाल : विधानसभा उपचुनाव में संगठन कितना काम कर रहा है।**

**जवाब :** पूरा काम कर रहा है। इक्का-दुक्का कुछ समस्याएं थीं, वह भी अब हल हो चुकी हैं। क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा प्रमुख सभी नेता बराबर काम कर रहे हैं।

**सवालः कांग्रेस का साथ देने के लिए सीटू भी समर्थन देने को तैयार, क्या कहेंगे?**

**जवाब :** दो महीने पहले तक तो सीटू मुख्यमंत्री के खिलाफ जगह-जगह प्रदर्शन कर रहा था। जिस श्रम कल्याण बोर्ड दफ्तर को बंद किया गया था, उसके खिलाफ सीटू ही हो हल्ला कर रहा था, लेकिन अब कांग्रेस के साथ हो गया। लोगों को सब पता है, खरीद-फरोख्त हो रही है।

**सवाल : एक वोट सीएम, एक पीएम को, यह नारा क्या यहां भी काम कर रहा?**

**जवाब :** सीएम का नारा तो यहां कोई है नहीं, केवल झूठ का सहारा लिया जा रहा है। रही बात संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा की, उन्हें मुख्यमंत्री बेवकूफ बना रहे हैं। मंत्री और यहां के कांग्रेस के चुनाव इंचार्ज राजेश धर्माणी खुद बोल रहे हैं, मेरा टारगेट लखनपाल है, एमपी नहीं।

**सवाल : सीएम कह रहे बिकाऊ बागी विधायक के 55 लाख पकड़े हैं। क्या है सारा माजरा, कहां पकड़े, कुछ बता पाएंगे?**

**जवाब :** कहां पकड़ा है, किससे मिला, डीसी-एसपी या फिर चुनाव आयोग को, सभी मना कर रहे हैं। सीएम झूठ के सहारे बदनाम करने का प्रयास कर रहे हैं। धरातल पर सीएम का चेहरा बेनकाब हो चुका है। चुनाव आयोग को हमने लिखा है, इसकी जानकारी दी जाए, नहीं तो मामला दर्ज हो।

**सवाल : तीन बार भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़े, अब भाजपा के हो गए हैं, कैसा लग रहा है आपको?**

**जवाब :** नए परिवार में आकर कुछ समय तो एडजस्ट होने में लगता ही है। मुझे तो कोई समस्या नहीं है। सभी लोग इकट्ठे चल रहे हैं। गिले-शिकवे दूर हो चुके हैं और अब एक ही लक्ष्य है, मुख्यमंत्री के झूठ को पटखनी देना। उसी पर सभी काम कर रहे हैं।

# सुक्खू झूठ की दुकान लेकर धर्मशाला में आते हैं : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुक्खू के धर्मशाला में दिए गए झूठे बयानों पर भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू झूठ की दुकान लेकर धर्मशाला में आते हैं और अनाप शनाप बयानबाजी करने लग जाते हैं। मेरे ड्राइवर के नाम पर झूठ बोलना सरासर गलत है।

सुक्खू को चैलेंज करते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि मैं उनको चैलैंज करता हूं कि इलेक्शन कमीशन को सौंपे गए मेरे हल्फनामें के अलावा कुछ भी और मेरा निकला तो मैं सब सरकार को दे दूंगा, लेकिन साथ में सीएम सुक्खू भी अगर झूठ बोल रहे हैं तो उन्हें भी अपना सब कुछ सरकार के नाम कर देना चाहिए!

सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम



सुक्खू ने अपनी आपदा में अवसर तलाशते हुए एक बड़ी छवि बनाने का प्रयास किया। 51 लाख रुपए को जीवन भर की कमाई बताकर ढोंग रचा गया, लेकिन जो एसजेवीएनएल की बिल्डिंग किराए पर है और उसका किराया बढ़वाया वो किसकी है? इसके आंकड़ें भी सुधीर शर्मा ने पेश किए।

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि मुझे तो लगता है कि पहले मैं सुक्खू के सपने में आता था, लेकिन अब मुझे लगता है कि उन्हें हेलोजीनेशन हो रही है। यानी जब कोई व्यक्ति किसी एक ही व्यक्ति के बारे में सोचता रहता है तो उसे हेलोजीनेशन होने लगती है। सुधीर ने तंज कसते हुए सुक्खू को कहा कि आज मंच पर सुक्खू कहते हैं कि मेरा गला बैठ गया, लेकिन उनके राज में जो प्रदेश का भट्ठा बैठ गया है उसका हिसाब जनता को देना होगा।

### नादौन में सीएम का करोड़ों का घोटाला

आरोप लगाते हुए सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम के गृह क्षेत्र नादौन में जो ओएसडी हैं अनिल वह पहले नादौन में तहसीलदार थे। उन्होंने वहां पर तीन लोग अजय कुमार, राजेंद्र सिंह राणा, प्रभात चंद के नाम पर अढ़ाई लाख रुपए की रिजस्ट्री की और बाद में जब सुक्खू सीएम बने तो वहीं जमीन एचआरटीसी को 6 करोड़ 72 लाख रुपए में बेची। सुक्खू राज में यह सरेआम भ्रष्टाचार किया गया। राजीव सिंह जो सीएम सुक्खू के सगे भाई हैं उनके नाम 29 हेक्टेयर लीज खड्ड यानी सरकारी वन भूमि की कर दी गई।

# कांग्रेस ने डेढ़ साल में 22 हजार को दिया रोजगार : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि कांग्रेस सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल मे 22 हजद्दर रोजगार प्रदान किये गए है जबकि भाजपा के 5 वर्ष के कार्यकाल में केवल 20 हजार रोजगार प्रदान किए गए हैं।



शुक्रवार को सीएम चुनावी प्रचार के लिए लाहुल के त्रिलोकनाथ पहुंचे। सुक्खू ने कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं है। इस चुनाव में देश के लोकतंत्र को बचाने व देश के संविधान को बचाने के लिए वोट करना है। भाजपा सरकार ने षडयंत्र के तहत लोगों के मत से चुनी गई बहुमत की सरकार को गिराने की कोशिश की। इस बार के चुनाव में धनबल को हराना है और जनबल की जीत होगी।

# बड़सर विधायक का मुख्यमंत्री को हटाने का षड्यंत्र नहीं हुआ कामयाब : सुभाष ढटवालिया

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर से विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार सुभाष ढटवालिया ने गारली पंचायत में नुक्कड़ सभा में कहा कि बड़सर के पूर्व विधायक का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह खुक्खू को हटाने का षड़यंत्र कामयाब नहीं हुआ।

उन्होंने बड़सर के पूर्व विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि कर्मचारियों के अधिकतर तबादले विधायक के कहने पर हुए। इस सब के बावजूद विधायक आरोप लगा रहे हैं कि मुख्यमंत्री उनकी नहीं सुनते हैं। मुख्यमंत्री के हाल ही के दौरे में जो काम विधायक ने बताए वह सब किए।

बड़सर की जनता भी सब जानती है, कि आपदा में हुए नुकसान के बावजूद बड़सर में कितना रुपया आया और खर्च हुआ। बड़सर के पूर्व विधायक पहले ही खुद का मन बना चुके थे भाजपा में जाने का इसीलिए वह विरोधियों के कहने पर काम कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़सर विधानसभा के लोग आपको माफ नहीं करेंगे। बड़सर के पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री को हटाने का षडयंत्र रचा पर सच्चाई की जीत हुई और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को आप नहीं हटा पाए।



चुनावी सभा के दौरान सुभाष ढटवालिया समर्थकों के साथ।

# मेरी एक-एक सांस सुजानपुर के लिए समर्पित : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पूर्व विधायक और सुजानपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य सुजानपुर को विकास के मामले में बुलंदियों पर देखना है और उनकी एक-एक सांस सुजानपुर के लिए समर्पित है।

शुक्रवार को सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर प्रचार अभियान के दौरान नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि लोगों की सेवा और सुजानपुर को शिखर पर ले जाना उनका एकमात्र एजेंडा रहा है और वह अपने लक्ष्य से कभी पीछे नहीं हटेंगे। केंद्र में भाजपा का प्रधानमंत्री और हिमाचल में भाजपा का मुख्यमंत्री होने पर सुजानपुर के विकास को भी नए पंख लगेंगे और सुजानपुर को उसका खोया गौरव दिलाया जाएगा। डबल इंजन की सरकार में सुजानपुर से भेदभाव का अध्याय भी समाप्त हो जाएगा और विकास का कारवां तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि लगातार 24 सालों से वह सुजानपुर की जनता के बीच में रहे हैं और लोगों ने उन्हें भरपूर प्यार व आशीर्वाद दिया है जो उनके जीवन की अनमोल पूंजी है। वह अंतिम सांस तक सुजानपुर के विकास को समर्पित रहेंगे और यहां के हितों की लड़ाई लड़ेंगे।



# जुब्बल में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने की चुनावी जनसभा

**दशमी रावत, जुब्बल**

शिक्षा मंत्री व शिमला ससंदीय क्षेत्र के प्रभारी रोहित ठाकुर एवं शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने शुक्रवार को तहसील जुब्बल के बटारगलू में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।



बटारगलू में आयोजित जनसभा में ग्राम पंचायत बरथाटा, कठासू व बढ़ाल पंचायत के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजन से जनसंपर्क किया। वहीं, जुब्बल तहसील की ग्राम पंचायत नकराडी के राम सिंह नेगी ने अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्य को देखते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

# लोकसभा चुनाव में पीएम दे रहे निम्न स्तर के भाषणः केसी वेणुगोपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पीएम मोदी के हिमाचल दौरे को लेकर कांग्रेस ने बड़ा हमला बोला है। कांग्रेस नेताओं ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस प्रधानमंत्री को प्रदेश में आई भयंकर आपदा के समय हिमाचल की याद नहीं आई वह किस मुंह से आज वोट मांग रहे हैं। शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल व कांग्रेस प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने पीएम मोदी की रैली पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आजतक के इतिहास में निम्न स्तर का भाषण दे रहे हैं। के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव में पीएम को यह पता लग चुका है कि वह चुनाव हार रहे हैं। इसी बौखलाहट में वह असली मुद्दों से हटकर निम्न स्तर के भाषण देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी हर दिन विपक्ष के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं, लेकिन 2014 और 2019 में किए वायदों का जिक्र तक नहीं करते। मोदी ने 2014 में देश के 2 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन आज यह आंकड़ा 20 करोड़ पहुंच गया।




प्रेस कांफ्रेंस के दौरान के.सी. वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला व अन्य।

**चुनाव प्रचार**

## अनुराग ठाकुर हमीरपुर तो सतपाल रायजादा ऊना जिले से रखते हैं ताल्लुक

# लीड का 'फेर' सीएम-डिप्टी सीएम के लिए बना प्रतिष्ठा

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर**

चुनाव चाहे लोकसभा का हो या विधानसभा का, हिमाचल के सीएम और डिप्टी सीएम दोनों के लिए यह चुनाव अपने-अपने जिलों में प्रतिष्ठा का सवाल बने हुए हैं।

कारण यह है कि ऊना जिले से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के प्रत्याशी सतपाल रायजादा को लीड दिलवाने की जिम्मेदारी मुकेश अग्निहोत्री के इर्द-गिर्द भी घूम रही है। वहीं स्थिति हमीरपुर जिला में सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन में इस बार किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं है। दोनों की साख लीड के फेर में उलझी हुई है।

हो भी क्यों नहीं, ऐसा पहला मौका है, जब हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस की सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम दोनों विराजमान हों, लेकिन असल समस्या यह है कि चार बार के सांसद अनुराग ठाकुर के धरातल को कमजोर करना इन दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। इस जिला में परंपरा भी ऐसी ही रही है, जहां से विधानसभा क्षेत्र कोई भी रहा हो, सांसद को हमेशा लीड मिलती रही है। इस बार हमीरपुर संसदीय सीट पर विधानसभा के चार ऐसे उपचुनाव हो रहे हैं, जिनमें हार-जीत का मतलब सरकार की साख को बनाना और बिगाड़ना बना हुआ है। हमीरपुर में भी पांच ही विधानसभा क्षेत्र हैं, ऊना में भी इतने ही हैं।

उपचुनाव भी दो-दो विधानसभा क्षेत्र में ही हो रहे हैं। दो चुनाव सुजानपुर और बड़सर में मुख्यमंत्री के गृह जिले में तो कुटलैहड़ और गगरेट डिप्टी सीएम के गृह जिले में हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)





### नादौन में बार-बार जा रहे सुक्खू

**नादौन** में सीएम सुक्खू बार-बार जा रहे हैं। वहां लोगों से अच्छा खासा कनेक्ट हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं की बैठकें भी ले रहे हैं। उन्हें इस बार के चुनाव का अपने ही अंदाज में एहसास भी करवा रहे हैं। यही वजह है कि चुनावी फिजा अब आरोपों-प्रत्यारोपों में जिस बड़े स्तर पर उलझ गई है, वह अंदाज पहले दिखता नहीं था।

### 'चमक' बिखेरने का मौका रोज-रोज नहीं मिलता

**एक**-दूसरे दल के नेताओं के साथ दोस्ती का अंदाज पहले और अब चुनावी माहौल में परंपरा के मुताबिक तो चला आ रहा है, लेकिन जब जमीनी हकीकत अपने वर्चस्व के साथ जुड़ जाए तो फिर साख बचाने के लिए नेताओं को अलग अंदाज में भी खुद को जनता के सामने बेहतर साबित करने के लिए 'चमक' बिखेरने का मौका रोज-रोज नहीं मिलता। शायद यही कुछ इस बार दिख रहा है। इसका प्रयास भी हो रहा है। सफलता किसे मिलेगी? इसका पता तो परिणाम से ही चलेगा, लेकिन मशक्कत जारी है।



हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट पर कंगना रनौत भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार हैं। यहां शुक्रवार को चुनाव के बीच पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया। उनकी रैली में समर्थकों का भारी हुजूम देखने को मिला।

# मोदी ने हाटी समुदाय का जिक्र किया तो नारों से गूंज उठा पंडाल

एसपी जैरथ, नहान

**पीएम** मोदी ने नाहन रैली के दौरान जैस ही नहाटी समुदाय का जिक्र किया तो नारों से सारा पंडाल गूंज उठा। मोदी ने कहा की कांग्रेस ने हमारे गिरिपार के हाटी समुदाय को भी आरक्षण नहीं दिया था। यह्व सारे काम मोदी ने आपका कर्ज उतारने के लिए किए हैं। इसके कारण आज हमारे समाज के लोगों को अलग-अलग स्थान पर अवसर मिल रहा है।

विपक्षी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। दो दिन पहले ही वहां कोलकाता उच्च न्यायालय ने कई मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की कई जातियों को विपक्षी गठबंधन वालों ने ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। ऐसा करके विपक्षी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले के बाद विपक्षी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं।

आज मैं आपसे तीसरी बार भाजपा सरकार के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। मुझे आशीर्वाद मेरे लिए नहीं चाहिए, मेरे परिवार, मेरी जात-बिरादरी के लिए नहीं चाहिए। मुझे आशीर्वाद चाहिए - ताकतवर भारत बनाने के लिए, विकसित भारत बनाने के लिए, विकसित हिमाचल के लिए। रैली की अध्यक्ष भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने की। उन्होंने कहा यह हमारा सौभाग्य है कि हिमाचल की पावन धरती पर पीएम मोदी का आगमन हुआ। आज के दौरे के बाद भाजपा और चुनावी प्रचार में बल मिलेगा। कार्यक्रम में सांसद सुरेश कश्यप उपस्थित रहे और मोदी जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सिरमौरी बोलकर मोह लिया सब का मन

**रेणुकाजी।** मोदी ने मंच संभालते ही सिरमौरी बोली में 'मेरी सभी ढालो से' करके सभी का मन मोह लिया। उन्होंने न केवल बाला सुंदरी माता को नमन किया, बल्कि भगवान परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि की तपोस्थली, भगवान परशुराम की भूमि, माता रेणुका को भी नमन किया। मोदी ने सिरमौरी व्यंजन असकली, पटंडे, सिडकु का भी अपने भाषण में वर्णन किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हाटी समुदाय को जनजातीय का दर्जा दिया तो हिमाचल की कांग्रेस सरकार ने उसमें अड़गे डाले। अपने भाषण के अंत में मोदी ने लोगों को उनके प्रधानमंत्री बनने के यहां के देवी-देवताओं के मंदिर में हर रोज ढाल करने के लिए कहा यानी प्रार्थना करने के लिए कहा।



सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में चुनावी रैली में पहुंचने पर लोगों का अभिवादन स्वीकारते प्रधानमंत्री मोदी।



पीएम मोदी को फूल भेंट करती भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।



पीएम मोदी को सम्मानित करते जयराम ठाकुर व अनिल शर्मा।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



प्रदेश में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है, लेकिन सरकार द्वारा एग्जाम ही कंडक्ट नहीं होते। अगर हो भी जाएं, तो उनके रिजल्ट आने में लंबा समय लग जाता है। किसी भी नौकरी को पाने के लिए एक एज लिमिट होती है और यह लिमिट क्रॉस कर जाती है, तो भविष्य अंधकार की ओर चला जाता है। प्रत्याशी चाहे किसी भी पार्टी का जीते, उसे युवाओं के बारे में सही वक्त पर सही निर्णय लेना होगा। **-अभिषेक, घुमारवीं**



सांसद ऐसा हो जो रोजगार उन्मूलक हो। हमीरपुर संसदीय सीट में ऊना जिले को छोड़ दें तो इस संसदीय क्षेत्र में न के बराबर उद्योग हैं। ऐसे में युवाओं को नालागढ़, बद्दी और पड़ोसी राज्यों (पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा व दिल्ली) का रुख करना पड़ता है। **-विशाल, घुमारवीं**



बिलासपुर बस स्टैंड से 'एम्स' के लिए एचआरटीसी की सर्विस हर 30 मिनट पर हो रही। बहुत ही बढ़िया प्रयास है। जो देशहित और लोकहित के लिए अच्छे फैसले ले वहीं, सरकार बननी चाहिए, बिलासपुर में 'एम्स' अस्पताल खुलने से हिमाचल समेत अन्य राज्यों के लोगों को बहुत फायदा हो रहा। **-दीपक बिलासपुर**



लोग इस बार उन्हें वोट डालेंगे, जिन्होंने काम किया है। अभी भी देश सहित प्रदेश में कई ऐसे मुददे है जो कि आज तक पूरे नहीं हुए है। कांग्रेस व भाजपा दोनों ही पार्टी की जो गारंटी है, वह कभी भी पूरी नहीं हो पाई है। लोगों को यह भी जानने की कोशिश करनी चाहिए कि उन्हें किस पार्टी से फायदा हो रहा है। उन्हें ही वोट डाला जाना चाहिए। **-अखिल मांटा, शिमला**



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकतंत्र का महापर्व मनाया जा रहा है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा युवा देश है। इन आम चुनाव में युवाओं की भूमिका अहम रहने वाली है। चुनाव मे भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। **-अमित सारटा, शिमला**



जिस तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा-लिखा हो जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीतने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए। **-मनीष कुमार संसदीय क्षेत्र हमीरपुर**



लोगों को सोच समझकर मत का प्रयोग करना होगा। देश भर में पेपर लीक जैसे अपराध और बेरोजगारी ने देश के युवाओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। युवाओं को अपने भविष्य, भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को मजबूत करने जैसे अहम मुद्दों को ध्यान में रखते हुए वोट करना चाहिए। **-बंटी ठाकुर, शिमला**

# कांग्रेस ने काम किया, पर शोर कभी नहीं मचाया : आनंद शर्मा



चुनावी सभा में मंच पर उपस्थित आनंद शर्मा व अन्य कांग्रेस के नेता।

पंकज सोनी, ज्वालामुखी

कांगड़-चंबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा ने आज ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में सात अलग-अलग स्थान में छोटी-छोटी चुनावी सभाओं का आयोजन किया और कहा की डॉ. मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में भारत ने कई अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की जिनके लिए उनके कार्यकाल को भारत के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था चार गुना बड़ी थी और दो ट्रिलियन डॉलर तक पहुंची थी जबकि भाजपा शासन काल के 10 सालों में यह दो गुना भी नहीं बढ़ी है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि डॉक्टर मनमोहन सिंह कितने बड़े अर्थशास्त्री थे।

जब पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहा था तब भी हमारे देश में आर्थिक मंदी की छाया तक नहीं पड़ी। उन्होंने बताया की जब 2014 में भाजपा ने केंद्र में सरकार बनाई तो उससे पहले भारत परमाणु शक्ति बन चुका था। भारत चंद्रमा तक पहुंच चुका था। अंतरिक्ष में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर चुका था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत उस दौरान काफी सशक्त देश बन चुका था।

यही वजह है कि अमेरिका जैसे देश को उस दौरान भारत के साथ परमाणु समझौता करना पड़ा था और जब विश्व के सभी देश आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे थे तो सभी देशों की हुई बैठक में डॉक्टर मनमोहन सिंह को अस्वस्थ होने के बावजूद सादर आमंत्रित किया गया था और पूरा विश्व आर्थिक मंदी के दौर से उबरकर सामने आया था।

### कहा-कांग्रेस के 10 साल के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था चार गुना बढ़ी थी

# मेरा विजन क्षेत्र को सर्वश्रेष्ठ बनाना, कंगना का लक्ष्य खुद नंबर वन बनना : विक्रमादित्य

अनिल शर्मा, मंडी

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी हिमाचल के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि वह मंडी संसदीय क्षेत्र को देश का सर्वश्रेष्ठ संसदीय क्षेत्र बनाने के विजन को लेकर चुनाव मैदान में उतरे हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को खुद को नंबर बनाना चाहती हैं।

### कहा- अब मोदी भी नहीं लगा सकेंगे कंगना की नैया पार

उन्हें न तो क्षेत्र के लोगों की दुख पीड़ा का पता है और न ही यहां की समस्याओं व भौगोलिक स्थिति का ज्ञान है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा ने एक प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारा है, जिनकी नैया अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पार नहीं लगा सकते हैं। करसोग विधानसभा क्षेत्र के काव, ठाकुरठाना, चुराग व पांगणा में अपनी चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना को मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता पहले दिन से ही रिजेक्ट कर चुकी है। भाजपा प्रत्याशी सभाओं में भी ऐसे भाषण देती हैं, जैसे किसी फिल्म की शूटिंग चल रही हो।

लोगों से मिलना तो दूर, वह जनता के प्रति दिखावे का प्यार दिखाती हैं, लेकिन वह भूल रही हैं कि हिमाचल के भोले भाले लोग सारी भावनाओं को अच्छी तरह पढ़ना जानते हैं।



करसोग में चुनाव प्रचार करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

# मैं मोदी के विकास रथ से जुड़ चुकी हूं : कंगना

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि मैं भी मोदी की सेना में जुड़ चुकी हूं। प्रधानमंत्री का गुणगान करना मानो सूर्य को दीपक दिखाना है। मैं मोदी जी के विकास के रथ में जुड़ चुकी हूं। वह पूरे विश्व में सबसे लोकप्रिय नेता हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास के कई आयाम स्थापित किए हैं।

आज हमारा सौभाग्य है कि वह हमारे बीच आए हैं। उनके कार्यकाल में कई ऐतिहासिक निर्णय हुए, जिसका लाखों लोगों को लाभ मिला है। कंगना ने कहा कि सारा देश आज उन्हें विकास के मसीहा के रूप में जानता है। मोदी लगातार काम करने वाले नेता है, जो कभी छुट्टी नहीं लेते हैं। दूसरी तरफ विपक्षी नेता छुट्टी लेकर चले जाते हैं।



प्रधानमंत्री मोदी के साथ मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

# पांच चरणों में ही भाजपा पहुंच चुकी बहुमत के पार : राजीव भारद्वाज

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कहा कि पांच चरणों में भाजपा बहुमत के आंकडे को पर कर चूकी है। 4 जून को 400 के पार का लक्ष्य भी भाजपा निश्चित ही प्राप्त करने जा रही है।

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी की 2 रैलियों ने आज प्रदेश के चुनावी माहौल को भाजपा के पक्ष में कर दिया है और मैं देख सकता हूं कि हिमाचल इस बार 4-0 से हैट्रिक बनाने जा रहा है और हिमाचल प्रदेश की जनता निश्चित ही केंद्र में भाजपा की सरकार बनाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का सहयोग करने वाली है। राजीव भारद्वाज ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश सरकार का खजाना खाली करने में लगे है व इनकी निकम्मी सरकार हर मोर्चे में फेल हो चुके हैं।



आज प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा चुकी है व गरीबों को मिलने वाली आयुष्मान भारत व हिमकेयर योजनाओं का बकाया व एंबुलेंस सुविधाओं का बकाया देने में भी सुक्खू सरकार असमर्थ है जिस कारण प्रदेश गरीब तबका दर-दर की ठोकरे खाने में मजबूर हैं।

भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि 55 लाख मिलने की जो बात मुख्यमंत्री कह रहे वह मनगंढत, तथ्यहीन और काल्पनिक हैं। हिमाचल प्रदेश के झूठे मुख्यमंत्री अपनी हर जनसभा में झूठ परोसने का कार्य कर रहें हैं।

# विक्रमादित्य का जोगिंद्रनगर दौरा आज

अनंत ज्ञान जोगिंद्रनगर

हिमाचल में लोकसभा चुनाव के लिए कम समय बचा है। इसी बीच मंडी संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह शनिवार को जोगिंद्रनगर में एक दिवसीय दौरा करेंगे।

जानकारी देते हुए कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा विक्रमादित्य सिंह के दौरे से पहले जोगिंद्रनगर में जोरों शोरों से तैयारियां शुरू हो चुकी है। जनसंपर्क कार्यक्रम के बारे में बताया शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे घटासनी, सुबह 8:45 बजे में गुम्मा, नौ बजे गलू, 9:15 बजे में हराबाग, 9:30 बजे जोगिंद्रनगर गुरुद्वारा से पैदल यात्रा रेलवे फाटक तक, दस बजे मच्छयाल में जनसभा करेंगे, साढ़े बारह बजे चौतडा में और साढ़े तीन बजे लडभड़ोल में जनसभा को संबोधित करेंगे।

इसके अलावा इस जनसभा कांग्रेस के कार्यकर्ता व कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

# नेरवा में 30 मई को गरजेंगी प्रियंका गांधी

अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल

लोकसभा चुनाव की तिथि नजदीक आते ही चौपाल विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां अपने चरम पर हैं। कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाने को लेकर 30 मई को नेरवा में कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी रैली करेंगी।

कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी की जनसभा को लेकर जहां पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश है, वहीं इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव एवं पिछले विधानसभा चुनाव में चौपाल से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रजनीश किमटा ने स्वयं कमान संभाल ली है। वह सुबह से देर रात तक जनसंपर्क के माध्यम से न केवल पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार का मोर्चा संभाले हुए हैं, बल्कि इस दौरान वह प्रियंका गांधी के नेरवा दौरे की जानकारी भी दूरदराज के क्षेत्रों में पहुंचा रहे हैं।



### विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में करेंगी प्रचार

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी की नेरवा रैली एक ऐतिहासिक रैली होगी तथा यहीं से विनोद सुल्तानपुरी की जीत की इबारत लिखी जाएगी। किमटा ने दावा कि इस रैली में चौपाल विधानसभा क्षेत्र के आलावा ठियोग, जुब्बल कोटखाई एवं जिला सिरमौर के शिलाई व पच्छाद विधानसभा क्षेत्र से भी हजारों लोग शामिल होंगे।

बता दें कि पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप को पूरे संसदीय क्षेत्र में चौपाल से सबसे अधिक 27 हजार से अधिक मतों की बढ़त हासिल हुई थी। प्रियंका गांधी की रैली का पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी को कितना फायदा मिलेगा यह तो चार जून को मतगणना के बाद ही पता चलेगा, परंतु इस रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में अच्छा खासा जोश दिखाई दे रहा है।

**सियासत** पूर्व मुख्यमंत्री ने अनुराग ठाकुर के विकास कार्यों की सराहना की

# धूमल ने वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

रवि ठाकुर, हमीरपुर

हमीरपुर जिला के तरोपका में भाजपा हमीरपुर मंडल के भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, पूर्व विधायक उर्मिल ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद स्वरूप सहित पार्टी के पदाधिकारियों ने शिरकत की।

सम्मेलन में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के द्वारा करवाए गए विकास कार्यों की सराहना की गई और उन्हें घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ की हड्डी करार देते हुए कहा कि उनकी मेहनत के चलते ही भाजपा को आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा के उम्मीदवार व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को रिकॉर्ड 5 लाख मतों से जीत दिलवाने का आह्वान किया। धूमल ने कहा कि हमीरपुर जिला हमेशा राजनीति का केंद्र रहा है और भाजपा का मजबूत गढ़ के रूप में जाना जाता है। सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी की जीत के लिए जोर लगाना होगा।



वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान प्रो. प्रेम कुमार धूमल व अन्य भाजपा नेता।

### वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा की

प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से पार्टी की सेवा की है और किसी पद की अभिलाषा नहीं की। इन्हीं कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें। हमीरपुर सदर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, यह सभी की मेहनत से बनी है।

हमीरपुर से दो बार मुख्यमंत्री रहे धूमल ने भी पार्टी को नई दिशा दी है। तीसरी बार देश में मोदी की सरकार बन रही है और पांचवीं बार अनुराग ठाकुर लोकसभा में चुन कर जाएंगे।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

## मतदान प्रक्रिया की बारीकियां समझाई

**केलांग।** लोकसभा व विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के लिए पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर शुक्रवार को लाहौल-स्पीति -21 विस अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों के लिए केलांग पुलिस ग्राउंड में दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित करवाया गया, जिसमें ईवीएम पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं।

इस मौके पर इलेक्शन डयूटी के लिए तैनात अधिकारियों को ईवीएम और वीवीपैट के संचालन की ट्रेनिंग देने के साथ मतदान के दौरान प्रयोग होने वाले दस्तावेजों बारे जानकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी लाहौल स्पीति एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# गगल में पिकअप से 4.7 लाख रुपए नकद व शराब की खेप बरामद

### गगल थाना में मामला दर्ज, स्टेटिक सर्विलांस टीम अब तक पकड़ चुकी है 10 लाख रुपए

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

चुनावों का काउंटडाऊन शुरू होने के साथ ही नकदी तथा शराब बरामद करने के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गगल के सराह रोड पर एक पिकअप कैंपर वाहन से भारी मात्रा में नकदी के अलावा शराब की खेप पकड़ने का मामला सामने आया है। इस बारे पुलिस थाना गगल में मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार एसएचओ नारायण सिंह की अगुवाई में गगल पुलिस थाना की टीम के साथ जब फ्लाइंग सर्विलांस टीम गश्त पर थी तो एक पिकअप (नंबर एचपी36सी-6547) से 4,70,800 रुपए की नकदी के अलावा 5 पेटी बीयर तथा 1 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसको लेकर चालक को हिरासत लेकर पूछताछ की जा रही है। इस संदर्भ में गाड़ी के चालक संजय कुमार निवासी रैत व इसके साथ बैठे विवेक कुमार निवासी वठरा तहसील डाडासीबा के विरूद्ध पुलिस थाना गगल में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया है।

गौर रहे कि इससे पूर्व कांगड़ा के सदरपुर में एक लाख रुपए, कांगड़ा में ही 2,37000 रुपए, नूरपुर में 1,72000 तथा कांगड़ा बाईपास में 60400 रुपए की नकदी पुलिस की मौजूदगी में सर्विलांस टीम पकड़ चुकी है। आपकों बता दें कि चुनावों को प्रभावित करने वाले किसी भी लेनदेन तथा ऐसे कृत्य को लेकर स्टेटिक सर्विलांस टीमें मुस्तैद हैं तथा पुलिस बल की मदद से आए दिन ऐसे मामले सामने आ रहे हैं।

उधर, मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी वीर बहादुर ने बताया कि गगल पुलिस थाना के तहत एक वाहन से कैश तथा शराब बरामद की गई है। मामले की जांच जारी है। (अनंत ज्ञान)


पकड़े गए कैश और शराब के साथ गगल पुलिस थाना व फ्लाइंग सर्विलांस टीम।

# प्रशासन ने श्री दक्षिण काली आश्रम के पीछे जाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ उपमंडल के बीड़ गांव में स्थित श्री दक्षिण काली आश्रम के पीछे जाने पर प्रशासन ने आज पूर्णतया प्रतिबंध लगा दिया गया है।

बीड़ पंचायत के चोलट गांव के पास इलाके के एकमात्र जल स्रोत के समीप एक विदेशी महिला बिना किसी अनुमति के पिछले कुछ समय से रह रही थी।

जंगली इलाका होने की वजह से यहां पर जंगली जानवर भी घूमते रहते हैं परंतु इसके बावजूद यह विदेशी महिला यहां पर बिना किसी पहचान तथा बिना अनुमति के बारिश तथा सर्दी के मौसम में रह रही थी। इसके यहां रहने के कारण काफी मात्रा में विदेशी तथा देसी पर्यटक भी यहां पहुंचने आरंभ हो गए थे जिसकी वजह से यहां के पानी के नाले में लोगों की गतिविधियां काफी बढ़ गई थी और दक्षिण काली आश्रम के समीप गांव के पेयजल भंडारण के टैंक भी दूषित होने आरंभ हो गए थे। दंडाधिकारी बैजनाथ के आदेश अनुसार आज सुबह 5:00 बजे स्थानीय पुलिस वन विभाग के कर्मचारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने यहां पर दबिश देकर अस्थायी रूप में बने इस महिला के टेंट को हटा दिया है।

जब कर्मचारी यहां पर पहुंचे तो यह विदेशी महिला यहां से पहले ही कहीं जा चुकी थी। अब यहां पर लोगों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। सवाल यह है कि जिस तरह से यह महिला यहां पर पिछले डेढ़ वर्ष से बिना अनुमति के रह रही थी इसके बावजूद पहले कोई भी कार्रवाई अमल में न लाया जाना समझ से परे है।

दंडाधिकारी के आदेशानुसार की गई इस कार्रवाई का पंचायत प्रतिनिधियों समेत गांव वासियों ने भी स्वागत किया है।


मौके पर कार्रवाई करते पुलिस व

# 'चुनाव कर्मी आपस में बनाए तालमेल'

### बैजनाथ में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के पंडित संतराम राजकीय महाविद्यालय में दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया। पूर्वाभ्यास में एसडीएम बैजनाथ एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डीसी ठाकुर ने कहा कि मतदान के सफल संचालन के लिए नियुक्त सभी कर्मी अपना कार्य अच्छी तरह से करें तथा आपसी तालमेल बनाएं।

उन्होंने सभी पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर को कहा कि रिहर्सल के समय अपनी हर प्रकार की शंकाओं का निवारण करें ताकि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को चुनाव के दिन किसी भी तरह की समस्या का सामना ना करना पड़े। मास्टर्स ट्रेनर ने इवीएम को जोड़ने और वोट करने जैसे हर विषय पर जानकारी उपलब्ध करवाई। पूर्वाभ्यास में मास्टर ट्रेनर ने मतदान प्रक्रिया में शामिल होने वाले सभी कर्मियों को ईवीएम और वीवीपैट से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। पूर्वाभ्यास में लगभग 700 को ट्रेनिंग दी गई।

इस रिहर्सल कार्यक्रम में एआरो एवं एसडीएम बैजनाथ डीसी ठाकुर सहित तहसीलदार रमन ठाकुर, नोडल अधिकारी सहित विभिन्न पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर मौजूद रहे।


दूसरे पूर्वाभ्यास में भाग लेते चुनाव कर्मी।

# प्रोफेसर पर शोध पत्र चुराकर अपने नाम प्रकाशित करने का आरोप

### केंद्रीय विश्वविद्यालय मारपीट मामले में आया नया मोड़

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बीते दिन केंद्रीय विश्वविद्यालय में एक घटना सामने आई है, जिसमें एक प्रोफेसर द्वारा शोधार्थी लिखित शोध पत्र की चोरी कर उसे अपने नाम से प्रकाशित करवाया गया है। ये आरोप विश्वविद्यालय छात्र परिषद ने लगाए हैं।

आरोपों के मुताबिक परिषद ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के देहरा परिसर के अंतर्गत आने वाले समाजशास्त्र विभाग में एक प्रोफेसर द्वारा उच्च शिक्षण संस्था में शोधार्थी के शोध पत्र की चोरी किए गए। शोधार्थी द्वारा अपना शोध पत्र प्रोफेसर को त्रुटियां निकालने के लिए दिया गया था किंतु उक्त प्रोफेसर द्वारा उस शोध पत्र को अपने नाम से प्रकाशित करवाया गया। जब शोधार्थी द्वारा कमेटी के संज्ञान में यह घटना लाई गई है। इस दौरान उक्त प्रोफेसर द्वारा विश्वविद्यालय का माहौल खराब करने का प्रयास किया जाता है और स्वयं को बचाने के लिए मारपीट का झूठा इल्जाम कमेटी के सदस्यों पर लगा दिया जाता है। विश्वविद्यालय छात्र परिषद के संज्ञान में यह बात आने के बाद छात्र परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव के माध्यम से कुलपति को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें विश्वविद्यालय छात्र परिषद ने इस घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने उक्त प्रोफेसर पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि विश्वविद्यालय में शिक्षा का माहौल बना रहे एवं आए दिन ऐसी घटनाएं विश्वविद्यालय में न घटे।


केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपते स्टूडेंट्स।

### मामले की जांच के लिए सीयू ने गठित की कमेटी

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में बीते दिनों संकाय सदस्यों में हुए विवाद को लेकर जांच शुरू कर दी गई है। विवि प्रशासन के अनुसार इस मामले की जांच के बाद आई रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई की जाएगी। विवि के कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा के अनुसार विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र की साहित्यिक चोरी की शिकायत की जांच करने के लिए गठित जांच समिति की बैठक का अधिष्ठाता अकादमिक कार्यालय में आयोजन किया गया। इसमें संबंधित संकाय सदस्य को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में इस कमेटी के अध्यक्ष अधिष्ठाता (अकादमिक) रहे और अन्य सदस्यों में शोध निदेशक, स्पर्श कमेटी की अध्यक्षा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण मौजूद रहे। कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट में लिखा गया है कि बैठक के दौरान जांच के दौरान बुलाए गए संकाय सदस्य द्वारा अध्यक्ष जांच समिति तथा स्पर्श कमेटी की अध्यक्षा से दुर्व्यवहार किया गया तथा पुलिस-कोर्ट में जाने की धमकी दी गई। बैठक के दौरान संकाय सदस्य ने अपने बाजुओं पर अपने नाखूनों से खरोंचे लगाने का प्रयास किया और यह कहने लगा कि यह खरोंचे डीन द्वारा लगाई गई हैं। जांच समिति की कार्रवाई के दौरान संकाय सदस्य द्वारा अपने पिता को फ़ोन के माध्यम अनधिकृत रूप से बैठक में बुलाया तथा बैठक में हंगामा किया। इन सब कारणों के समिति की आगामी कार्रवाई रोक दी गई। बैठक को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया। अब उक्त मामले को लेकर विवि की ओर से कमेटी गठित कर दी गई है और जांच की जा रही है।

# मोदी आपदा के समय कहां थे : केवल पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

भाजपा पर इस बार धनबल की राजनीति पर जनबल भारी पड़ेगा। ये कहना है विधानसभा उपमुख्य सचेतक एवं विधायक केवल पठानिया का।

शुक्रवार को केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर हलके के चंगर क्षेत्र के डोडला, परगोड़ बैरिया, हारचकियां धारकलां, भनियार में नुक्कड़ जनसभाओं का आयोजन कर लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में लोगों के बीच जाकर चुनाव प्रचार किया। इस दौरान कई लोगों ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन भी थामा। पठानिया ने भाजपा पर जुबानी हमले करते हुए कहा कि आज मंडी में मोदी कहते हैं कि पहाड़ का आशीर्वाद मुझे मिल गया है, लेकिन जब हिमाचल में आपदा आई तब कहां थे,तब याद नहीं आई हिमाचल की। हिमाचल को राष्ट्रीय आपदाग्रस्त घोषित क्यों नहीं किया। हर बार भाजपा ने जाति धर्म के आधार पर वांटने का प्रयास किया है। भाजपा झूठ की राजनीति करती है। आज देश की हालत ऐसी है कि हर विभाग का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितने भी कांगड़ा-चंबा के अंदर शिक्षा स्वास्थ्य से जुड़े बड़े संस्थान हैं वे सब कांग्रेस की देन हैं। भाजपा केवल जाति व धर्म का मुद्दा बनाकर लोगों को वांटने का काम कर रही। युवाओं के रोजगार की कोई बात नहीं। अग्निवीर योजना जैसी स्कीम लाकर देश के युवाओं का भविष्य खराब कर दिया। किसी अग्निवीर की मृत्यु हो जाती है तो उसे शहीद का दर्जा तक नहीं दिया जाता। परन्तु अब जनता जाग चुकी है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों में अब फंसने वाली नहीं है। प्रदेश में कर्मचारियों को पेंशन की सुविधा कांग्रेस पार्टी ने दी, लेकिन भाजपा इसे बंद करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि 2019 में प्रधानमंत्री जब कांगड़ा आए थे तो उन्होंने कहा था कि अगली बार जब वह आएंगे तो पठानकोट-जोगिंद्रनगर की रेललाइन को ब्रॉडगेज कर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री बताएं कि कहां गई रेल लाइन जो चल रही थी उसे भी सही से नहीं चला पाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी को भारी मतों से जीताकर कांगड़ा चंबा की जनता दिल्ली भेजेगी।


केवल पठानिया का हार पहनाकर स्वागत करते लोग।

**उपमुख्य सचेतक एवं विधायक ने नुक्कड़ सभाएं करके मांगा जनसमर्थन**

# योग युक्त व नशा मुक्त बने हिमाचल : स्वामी संकल्प देव

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में कांगड़ा के प्रवास के दौरान युवा भारत केंद्रीय प्रभारी स्वामी संकल्प देव ने विभिन्न स्कूलों-कॉलेजों और अन्य जगहों पर योग संगोष्ठी का आयोजन के दौरान युवाओं को योग युक्त और नशा मुक्त रहने का संदेश दिया।



कार्यक्रम संयोजक योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक शर्मा हेल्थ एवं वेलनेस केंद्र आयुष विभाग शाखा रैत के सहयोग द्वारा क्रमवार केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डा. जितेंद्र की अध्यक्षता में स्वंयसेवियों को, जिला मुख्यालय स्थित धर्मशाला में लाला लाजपतराय जिला एवं मुक्त सुधार गृह में कारागार अधीक्षक विकास भट्टाचार्य की अध्यक्षता में कैदियों को, नशा मुक्ति केंद्र अब्दुलापुर में आदर्श शर्मा की अध्यक्षता में नशा ग्रस्त युवाओं, बीएड द्रोणाचार्य महाविद्यालय रैत के एमडी बीएस पठानिया की अध्यक्षता में, न्यू एरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल छतड़ी प्राचार्या सुषमा गुलेरिया की अध्यक्षता में योग संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वामी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा जिस माध्यम से हमें सुख मिलता है उसी के वियोग से हमें दुखों की प्राप्ति होती है यह प्रत्यक्ष प्रमाण है, जिसको प्रत्येक व्यक्ति अनुभव करता है फिर भी उसी ओर उसका आकर्षण सदैव बना रहता है अत: केवल योग ही ऐसा सशक्त माध्यम है, जिसके द्वारा युवा शक्ति भी जो दिन प्रतिदिन मादक द्रव्यों से क्षीण हो रही है उसके निदान के लिए पूज्य स्वामी संकल्प देव ने योग युक्त, नशा मुक्त करके प्रदेश को शरीर के साथ-साथ मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित किया तथा युवाओं को संकल्प भी दिलाया।

इस मौके पर 350 प्रतिभागियों सहित भारत स्वाभिमान के गौतम पठानिया, जिला प्रभारी अमरजीत डडवाल, गौतम पठानिया योग समिति जिला प्रभारी प्रीतम सिंह, हरनाम सिंह, कुलदीप पटियाल, शिव सिंह आदि मौजूद रहे।

**चुनाव** घर-घर पहुचीं मोबाइल पोलिंग टीमें, 263 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी

# 29 मई तक करवाई जाएगी होम वोटिंग

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी 12 चुनाव क्षेत्र में बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के मतदान मोबाइल पोलिंग टीमों द्वारा घर घर जाकर करवाए जा रहे हैं। शुक्रवार को गांव रैंखा में मोबाइल पोलिंग पार्टी नंबर-4 द्वारा पोलिंग स्टेशन 39 सिहोरपाई 2 में होम वोट करवाए गए।

इस संदर्भ में ज्वालामुखी उपमंडल अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि होम वोटिंग में 85 आयु वर्ग बजुर्गों व दिव्यांगजनो की वोटिंग 29 मई तक करवाई जाएगी। गत दिवस तक 52 प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है और आज यह आंकड़ा 70 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा।

दूसरे चरण की रिहर्सल भी आज करवाई जा रही है, जिसमे पोस्टल वॉलेट से मतदान करवाया जा रहा है। शुक्रवार को अन्य कर्मचारियों के 194 मतदान ज्वालामुखी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र में करवाए गए और 27 ज्वालामुखी विधानसभा के कर्मचारियों के वोट करवाए गए। इसके अलावा 263 इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट जारी किए गए।

उन्होंने बताया कि सभी पोलिंग पार्टियों के रहने-खाने की व्यवस्था इलेक्शन कमीशन इंडिया द्वारा करवाई जा रही है। प्रशासन की तरफ से चुनावों को लेकर हर व्यवस्था व सुरक्षा के मद्देनजर नजर रखी जा रही है। (अनंत ज्ञान)


ज्वालामुखी कॉलेज में बनाए गए मतदान केंद्र में वोट करते कर्मचारी।





घर-घर जाकर वोट करवाती मोवाइल पोलिंग पार्टी।



## न्यूज ब्रीफ

### आरोपियों के विरुद्ध की जाए कड़ी कार्रवाई

**गगल।** गगल के पत्रकारों की बैठक पत्रकार परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुंद्रा की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला प्रशासन से मांग की गई कि कांगड़ा में वरिष्ठ पत्रकार राकेश कथुरिया पर जानलेवा हमला करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए और मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए। इस मौके स्थानीय पत्रकारों नरेश राणा, अमरीक सिंह, रोहित सैनी, विमुक्त शर्मा, राज चौधरी और प्रमोद सैनी आदि ने भाग लेकर हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### हाइपरटेंशन पर लोगों को किया जागरूक



**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी उपमंडल के तहत गांव बसदी में द हंस फाउंडेशन की टीम द्वारा हाइपरटेंशन पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। टीम ने इस दौरान गांव के लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और हाइपरटेंशन के लक्षण व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई। इस मौके पर आवश्यकतानुसार लोगों के लैब टेस्ट भी किए गए। साथ ही लोगों को दवाइयां भी वितरित की गई।

### शतरंज में जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा का दबदबा



**कांगड़ा।** जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीएवी पब्लिक स्कूल कांगड़ा का दबदबा रहा। ठानपुरी के एक निजी स्कूल में हुई इस प्रतियोगिता में हर वर्ग में जीएवी के छात्रों ने कमाल का प्रदर्शन कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रधानाचार्य सुनील कांत चड्डा ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। अंडर-14 लड़कियों के वर्ग में अर्शिया चौधरी, संवेदना राणा, आंचल, आशिमा आंचल, अवंतिका भूषण ने विरोधियों को मात देकर प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-14 लड़कों के वर्ग में आर्यवीर, सक्षम, अनिरुद्ध गुप्ता, सौरभ, रोहन, सवेन नाग के दमदार प्रदर्शन से रनरअप रहे। अंडर-19 लड़कों के वर्ग में शोर्य नाग, सूर्यांश, वंशज, आदित्य, अंकित, सूर्यांश भव्य सूद ने रनरअप ट्रॉफी दिलाई। अंडर 19 लड़कियों जेसिका व अहाना गुप्ता के दम पर तीसरा स्थान हासिल किया।

### 10.67 ग्राम चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत तपोवन में सन्नी गोस्वामी निवासी वार्ड नं. 03, मौहल्ला हवीपुर से 10.67 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

# चाचा के दोस्त ने नाबालिग से किया दुष्कर्म, उपचार के दौरान खुलासा

## पीड़िता तीन माह की गर्भवती; मामला दर्ज, रक्कड़ पुलिस ने गगरेट से गिरफ्तार किया आरोपी

**अनंत ज्ञान, परागपुर**

पुलिस थाना रक्कड़ के अंतर्गत पड़ते क्षेत्र में एक नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म होने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पुलिस थाना रक्कड़ में मामला दर्ज किया गया है। वहीं, रक्कड़ ने अरोपी को भी गिरफ्तार कर हर पहलू पर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ब्लॉक खंड परागपुर के अंतर्गत तहसील रक्कड़ की है। बताया जा रहा है कि उपरोक्त छात्रा अपनी बुआ के घर जिला ऊना में गई हुई थी। तभी उसे वहां पेट दर्द की शिकायत हुई और घर वाले उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां जांच के दौरान नाबालिग छात्रा तीन माह की गर्भवती पाई गई।



जब लड़की से इस बारे में पूछा गया, तो उसने आरोपी का नाम बताया। आरोपी लड़की के चाचा का दोस्त बताया जा रहा है और अक्सर चाचा के घर पर आता रहता था। इस दौरान आरोपी पिछले कुछ दिनों से उसे डरा-धमकाकर दुष्कर्म कर रहा था और इस बारे में परिजनों को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। आरोपी होशियारपुर का रहने वाला बताया जा रहा है और गगरेट में कार्य करता था। पुलिस ने पीड़ित छात्रा के बयान पर आरोपी को गगरेट से ही गिरफ्तार कर रिमांड के लिए कोर्ट में पेश किया। वहीं, पीड़ित नाबालिग लड़की को मजिस्ट्रेट के सामने पेश कर बयान दर्ज करवाए गए।

इस बाबत थाना प्रभारी रक्कड़ गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए किशोरी के मेडिकल परीक्षण और बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो आदि धाराएं लगाकर इस मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

# पुली बंद, बारिश होने पर घरों और खेतों में घुस रहा पानी

**अनंत ज्ञान, गगल**

धर्मशाला मार्ग पर गगल में पानी की निकासी के लिए बनाई गई पुली बंद होने के कारण बारिश और कूहल का पानी लोगों के खेतों और दुकानों व घरों में घुस रहा है, जिस कारण प्रभावित ग्रामीण बहुत परेशान हैं।

प्रभावित ग्रामीण गोपाल दास, हरनाम सिंह, नवल चौधरी आदि ने बताया कि इस बंद पुली का मामला लोक निर्माण विभाग के ध्यान में भी लाया गया था और विभाग के कनिष्ठ अभियंता मौका भी देख चुके हैं, लेकिन समस्या का कोई हल नहीं हुआ।

उन्होंने विभाग से मांग की है कि बरसात शुरू होने से पहले पहले बंद पुली को खोला जाए।

**परेशान ग्रामीणों ने बरसात से पहले बंद पुली को खोलने की उठाई मांग**

जब इस बारे विभाग के कनिष्ठ अभियंता कुलदीप सिंह पठानिया से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस कार्य की प्रकरण रिपोर्ट तैयार कर दी गई है तथा आचार संहिता खत्म होते ही यह कार्य करवा दिया जाएगा और लोगों की परेशानी को दूर किया जाएगा ।



गगल में बंद पुली के ऊपर से बहता पानी।

# मोदी राज में पड़ोसी देशों से बढ़ी नशीले पदार्थों की तस्करी : लाल सिंह

## बरंडा में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में जनसभा आयोजित

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर विधानसभा क्षेत्र की बरंडा पंचायत में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में जनसभा को आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस पार्टी जेएंडके एक्स मंत्री लाल सिंह चौधरी के साथ राजस्थान से कांग्रेस नेताओं ने जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में हर वर्ग को ठगने का ही काम किया है, लेकिन इस बार जनता असलियत जान चुकी है। पूरे देश में सत्ता परिवर्तन की लहर चल रही है। केंद्र में इस बार विपक्षी गठबंधन की सरकार बनना तय है पूर्व सांसद एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी लाल सिंह चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार ने इलैक्ट्राल बांड के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया है। अग्निवीर योजना को लाकर न केवल देश की सुरक्षा को खतरा पैदा किया है, बल्कि देशभक्ति की भावना लेकर सेना में भर्ती होने वाले युवाओं के सपनों को भी बुरी तरह कुचला है।



बरंडा पंचायत में आयोजित जनसभा में मंच पर मौजूद कांग्रेस नेता।

उन्होंने कहा कि केंद्र में विपक्षी गठबंधन की सरकार बनते ही अग्निवीर योजना को रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने की बात कर रही है तो वह चुनावों में कश्मीर की सभी सीटों से चुनाव क्यों नहीं लड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 के बाद मोदी सरकार के अस्तित्व में आने के बाद पड़ोसी देशों से नशीले पदार्थों की तस्करी के रिकार्ड मामले सामने आए हैं। आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है, लेकिन चंद पूंजीपतियों को देश की संपत्ति बेची जा रही है। युवा बेरोजगारी से त्रस्त है किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं। इस मौके पर प्रभारी धर्मेंद्र राठौर, विक्रम सिंह नेगी, कर्ण सिंह, पूर्व विधायक अजय महाजन, जिलाध्यक्ष कर्ण पठानिया, संजीव जरियाल आदि मौजूद रहे।

# फतेहपुर में पकड़ी 15 पेटी शराब

**अनंत ज्ञान, ज्वाली**

जिला पुलिस नूरपूर ने नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर फतेहपुर के सुनेत में एक रिहायशी मकान में छापेमारी कर अवैध शराब बरामद की है जिसमें 11 पेटी देसी शराब, 3 पेटी बियर, और 1 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद हुई है। आरोपी की पहचान रिंकू पुत्र जगदीश चंद्र के रूप में हुई है।

मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की आगामी कार्यवाही में जुटी हुई है।



पकड़ी गई अवैध शराब के साथ जिला पुलिस नूरपूर की टीम।

### सिद्धपुर में सड़क हादसा, 2 घायल

**धर्मशाला।** पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सिद्धपुर में कार (नंबर एचपी37-9720) चालक मोनू निवासी शीला चौक ने मोटरसाकिल (नंबर एचपी39ए-7275) को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार उसमान व नावेद निवासी बिजनौर (उत्तर प्रदेश) घायल हो गए। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मशाला में भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 व धारा 187 मोटर वाहन अधिनियम में दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### राजपुर चौक में अवैध शराब की बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत राजपुर चौक में गाड़ी (नंबर एचपी22ए-4933) से 8,250 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। गाड़ी चालक रमन कुमार निवासी वोधल के विरुद्ध पुलिस थाना पालमपुर में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में होमी जहांगीर भाभा सदन प्रथम

**राकेश डोगरा, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में शुक्रवार को भाषा विषय प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में अर्चना ठाकुर, सभ्या और रितु डोगरा ने प्रश्नोत्तरी संचालक का कार्यभार निभाया। पूजा शर्मा प्रवक्ता वाणिज्य द्वारा इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता चार सदनों के बीच सीनियर और जूनियर वर्ग में अलग-अलग हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत विषय में करवाई गई।

सीनियर वर्ग में होमी जहांगीर भाभा सदन के आकाश, रितिका, कनिष्क और वंशिका प्रथम, दूसरे स्थान पर श्रीनिवास रामानुजन हाउस की अक्षिता, रुखसाना, आरती और संगीता रही।

जूनियर वर्ग में अब्दुल कलाम सदन की समृद्धि, अमानवी और अक्षिता प्रथम, सीवी रमन सदन की महक, आकांक्षा और अक्षय द्वितीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभागियों को विद्यालय प्रशासन की तरफ से पुरस्कार बांटे गए। प्रधानाचार्य संजीव जंवाल द्वारा अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को इस प्रकार के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





(ऊपर) भाषा विषय पर करवाई प्रश्नोत्तरी में लेते सदन तथा (नीचे) उपस्थित बच्चे।

स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष लवली धीमान तथा समस्त समिति सदस्यों द्वारा इस कार्यक्रम के आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया तथा ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी करवाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर तमन्नाा ठाकुर, राशि सूद, अर्चना सिंह, पूजा शर्मा, सभ्या, रितु डोगरा, शगुन डोगरा, अनिल, राजीव, वरुण दत्त शर्मा, मोहिंद्र, सुरेश, सीमा, अजीत धीमान, रीता, नीता व निर्मला आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण बचाना सभी का नैतिक कर्तव्य : शशि लता

**गरली।** अखिल भारतीय आशा कर्मचारी महासंघ की उपाध्यक्ष एवं गरली पंचायत प्रधान शशिलता ने कहा कि पर्यावरण को बचाना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि शायद ही कोई गर्मी का मौसम रहा होगा जिसमें उपमंडल देहरा के अंतर्गत जंगलों में आग न लगी हो। लिहाज, आग लगने से हर वर्ष सरकारी व निजी वन संपदा को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसका बुरा प्रभाव पर्यावरण और जंगली जीव-जंतुओं पर पड़ता है। शशिलता ने कहा कि गर्मियों के मौसम में किसी एक की लापरवाही के कारण पूरा जंगल धधक उठता है। कुछ लोग जलती हुई बीड़ी-सिगरेट बिना बुझाए ही फेंक देते हैं, जबकि कुछ लोग निजी भूमि में आग जलाकर उसे वैसे ही छोड़ जाते हैं, जिससे जंगल में आग लगती है और वन संपदा जलकर राख हो जाती है।



शशिलता ने बताया कि पेड़ों की कमी की वजह से ही बारिश अब बेमौसमी या कभी-कभार ही पड़ रही है। अगर जंगलों को नहीं बचाया गया तो आने वाले समय में प्रकृति का विनाश होना स्वाभाविक है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम भावी पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के बारे में समय-समय पर जानकारी देते रहें, ताकि वह इसकी महत्ता को समझें और वन संरक्षण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने बताया कि हम अपनी सोच और व्यवहार में सुधार लाकर वनों को आग से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं।

# शहीद हवलदार उधोदास को दी श्रद्धांजलि

## नौरा के लाल ने नागालैंड में आतंकवादियों से लड़ते हुए पाई थी वीरगति

**राकेश डोगरा, डरोह**

शुक्रवार को सीआरपीएफ के एएसआई मदन लाल ने शहीद हवलदार उधोदास को उनके घर नौरा में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस सभा में ग्राम पंचायत नौरा के प्रधान विकास कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सीआरपीएफ के एएसआई मदनलाल ने कहा कि 1945 को जन्मे उधोदास 18 साल की उम्र में 1962 को सीआरपीएफ में भर्ती हुए। वह हवलदार के पद पर कार्यरत थे। इनकी 40 बटालियन सीआरपीएफ में आतंकवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए आतंकवाद प्रभावित राज्य नागालैंड में तैनाती थी। 24 मई 1985 को 40 बटालियन की एक कानवॉय, जिसमें चार बस, चार 3 टनर गाड़ियां शामिल थीं। ट्रांजिट कैंप दिमापुर से रवाना हुईं। यहां से 20 मील की दूरी पर एनएच-39 पर मैडजीफेना और फेरिमा के बीच एक यू टर्न पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया।

बल की सुरक्षा टुकड़ी जिसमें हवलदार उधोदास शामिल थे उन्होंने तत्काल जवाबी कार्रवाई की और अंबुश भेदने का प्रयास किया। क्योंकि आतंकवादी तीन दिशाओं से फायरिंग कर रहे थे। बल की टुकड़ी द्वारा वीरता से हमले का जवाब दिया गया। अंततः आतंकवादियों को भागने पर मजबूर कर दिया। किंतु इस हमले में वीरता से लड़ते हुए हवलदार उधोदास टुकड़ी कमांडर, सिपाही राम अवतार और सिपाही महेंद्र सिंह गंभीर रूप से घायल होने के बाद देश सेवा के अपने कर्तव्य पर वीरगति को प्राप्त हो गए। इस हमले में दिखाई गई वीरता, अदम्य साहस और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता के लिए हवलदार उधोदास को मरणोपरांत वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पद से सम्मानित किया गया। एएसआई मदनलाल ने कहा कि सीआरपीएफ में इस जवान की कमी हमेशा खलती रहेगी।




शहीद हवलदार उधोदास के घर नौरा में श्रद्धांजलि अर्पित करते वक्त मौजूद लोग।

इस सभा में ग्रामीणों ने भी शहीद उधोदास को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**तैयारी** विधानसभा क्षेत्र 16-कांगड़ा में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित

# कर्मियों ने पोस्टल बैलेट पेपर से डाला अपना वोट

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनावों को व्यवस्थित तरीके से करवाने के लिए आज विधानसभा क्षेत्र 16-कांगडा के अंतर्गत पॉलिटेक्निक कांगडा में पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर के लिए पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित किया गया। आज के इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन एआरो एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में किया गया।

एआरो एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल ने कहा चुनाव में किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें। रिहर्सल के समय अपनी हर प्रकार की शंकाओं का निवारण करें, ताकि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को चुनाव के दिन किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। पूर्वाभ्यास में विभिन्न मास्टर ट्रेनर के माध्यम से चुनाव कर्मियों को सारी जानकारी दी गई। द्वितीय पूर्वाभ्यास शिविर के साथ-साथ आज भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कर्मियों के मतदान करने के लिए रिहर्सल स्थल (राजकीय पॉलिटेक्निक कांगड़ा) में सुविधा केंद्र भी स्थापित किया गया था।



पूर्वाभ्यास शिविर में भाग लेते चुनाव कर्मी।

रिहर्सल के उपरांत इस सुविधा केंद्र में चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट डाला। यह सुविधा ऐसे मतदान कर्मियों को दी गई जिन्होंने डाक मतपत्र का विकल्प चुना था। यह सुविधा केंद्र 29, 30-05-24 को भी रिहर्सल वाले दिन खोला जाएगा।

आज के इस रिहर्सल कार्यक्रम में तहसीलदार मोहित रतन, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, नोडल अधिकारी वरुण गुप्ता सहित विभिन्न नोडल अधिकारी, पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### सुविधा ऐप का लाभ उठाएं प्रत्याशी : डीसी

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर चुनाव प्रचार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की परमिशन प्राप्त करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के सुविधा ऐप का भरपूर लाभ उठाएं। इससे उन्हें त्वरित परमिशन मिलेगी तथा उनके बहुमूल्य समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि सुविधा ऐप के माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। सुविधा ऐप आवेदकों को अपने आवदेनों की ताजा स्थिति को ट्रैक करने में भी सक्षम बनाता है, जिससे इस प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। इसके अतिरिक्त उनके लिए ऑफलाइन आवेदन के विकल्प भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत के लिए टॉल फ्री नंबर 1950 के अलावा भारत निर्वाचन आयोग के सी-विजिल ऐप का प्रयोग भी करें। इस ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायत पर 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाती है। इस ऐप में आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो अपलोड किए जा सकते हैं। बैरवा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना के लिए सभी उम्मीदवारों एवं अन्य प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की तथा किसी भी तरह की शंका या समस्या आने पर संबंधित नोडल अधिकारियों, निर्वाचन अधिकारी या सीधे पर्यवेक्षक से संपर्क करने का आह्वान किया।

# क्रिकेट मैच का आयोजन कर दिया मतदान का संदेश



क्रिकेट मैच के दौरान खिलाड़ी आयोजकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, लंबागांव**

जयसिंहपुर क्रिकेट एकादमी को प्रमोट करने के लिए शुक्रवार को क्रिकेट अकादमी जयसिंहपुर व क्रिकेट अकादमी सुजानपुर के बीच एक क्रिकेट मैच खेल गया। जयसिंहपुर की टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 135 रन का लक्ष्य दिया था।

जयसिंहपुर की ओर से आर्यन ने सर्वाधिक 45 रन बनाए। वहीं सुजानपुर की टीम लक्ष्य का पीछा करते 72 रन पर ढेर हो गई। इस मौके उपमंडल अधिकारी संजीव ठाकुर ने खिलाड़ियों के होंसला बढ़ाते हुए कहा कि भविष्य मे इसी अकादमी से अच्छे क्रिकेटर निकलेंगे जो प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जयसिंहपुर ओर प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

इस मौके पर उपमंडल अधिकारी संजीव ठाकुर ने खिलाड़ियों को मतदान का महत्व समझाया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कार भी दिए।

**In the Court of Marriage Officer-Cum Sub Divisional Magistrate, Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.)**

1. Sh. Munish Kumar age 24 years S/o Sh. Pooran Chand R/o Vill. Amtrar. P.O. Sunehar, Tehsil Nagrota Bagwan, Distt. Kangra. 2. Nupur Mandal age 20 years D/o Swapan Mandal R/o Pritinagar Parbatipur Nadia West Wengal.

**Applicants**
**Versus**
**General Public**

**Subject:- Notice for Registration of Marriage**

Applicants Sh. Munish Kumar age 24 years S/o Sh. Pooran Chand R/o Vill. Amtrar. P.O. Sunehar, Tehsil Nagrota Bagwan, Distt. Kangra and Nupur Mandal age 20 years D/o Swapan Mandal R/o Pritinagar Parbatipur Nadia West Wengal has filed an application under section 16 of Special Marriage Act alongwith affidavit in the court of the undersigned in which they have stated that they have solemnized their marriage on 20.04.2024 at home "Mansa Devi Mandir Chamunda Tehsil Dharamshala Distt. Kangra." as per Hindu rites and customs. Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person, who has any objection regarding this marriage, can file the objection personally or in Writing before this court on or before 24.06.2024. The objections received after 24.06.2024 will not be entertained and marriage will be registered accordingly.

Issued today on 21.05.2024 under my hand and seal of the court.

**Marriage Officer-Cum Sub-Divisional Magistrate Nagrota Bagwan**

# पीएम बताएं, आपदा में हिमाचल को कितना धन दिया : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, कोट( हमीरपुर )**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा है कि हिमाचल प्रदेश को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए जिस आपदा राशि को देने की बात वे कर रहे हैं क्या वे बता सकते हैं कि यह राशि कब और कितना कहां दी गई। आंकड़ों के साथ प्रधानमंत्री को हिमाचल दौरे पर बात करनी चाहिए। हिमाचल को एनडीआरएफ व एसडीआरएफ का पैसा मिला है, जो आपदा आए या न आए मिलता ही है। प्रदेश सरकार ने 9900 करोड़ रुपये का संशोधित क्लेम नोट केंद्र सरकार को भेजा था, उसमें से भी कोई राशि नहीं मिली।

भाजपा नेता झूठ बोलना छोड़कर यह बताना शुरू करें कि कितनी विशेष राहत राशि हिमाचल को केंद्र ने दी है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के नाहन व मंडी में दिए जुमलेबाज भाषण पर यह जवाब सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के कोट, चौरी व टौणीदेवी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए दिया। सुखविंद्र सिंह ने कहा कि मोदी जी कह रहे हैं कि महिलाओं को 1500 रुपए नहीं मिले। उन्हें शायद जयराम ठाकुर ने गलत जानकारी दे दी। प्रधानमंत्री को झूठ नहीं बोलना चाहिए, लाहौल स्पीति में महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन मिलना शुरू हो गई है। 1150 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन ले रही 2.37 लाख महिलाओं को भी 1500 रुपए खाते में आना शुरू हो गए हैं। प्रधानमंत्री को जयराम ठाकुर को पूछना चाहिए कि वह 1500 रुपए रुकवाने चुनाव आयोग में क्यों गए। अगर भाजपा आज चुनाव आयोग में लिखकर दे कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है फार्म भर चुकीं महिलाओं के खाते में कल 1500 रुपए आ जाएंगे। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि 1500 रुपये की गारंटी कांग्रेस की है, यह राशि महिलाओं को 4 जून के बाद मिल ही जाएगी।

# 421 कर्मचारियों ने किया मतदान

## बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 570 कर्मचारियों ने दूसरे चरण के प्रशिक्षण में लिया भाग

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

लोकसभा आम चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने के लिए एक जून को होने वाले मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारीयों तथा कर्मचारियों के लिए दूसरे दौर की चुनावी रीहर्सल राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़सर में आयोजित की गई। इस में 570 के करीब कर्मचारियों ने भाग लिया।

चुनावी ड्यूटी पर तैनात होने वाले इन सभी कर्मचारियों को सर्वप्रथम सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम राजेंद्र गौतम चुनाव से संबंधित आवश्यक जानकारियां तथा दिशा निर्देश दिए। इस अबसर पर तहसीलदार बड़सर धर्म पाल नेगी और तहसीलदार बिझड़ी संदीप चंदेल के इलावा मास्टर ट्रैनर्स द्वारा कर्मचारियों को वीवीपैट तथा ईवीएम की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मचारियों ने किया अपने मत का प्रयोग किया। इस दौरान स्कूल परिसर में दो मतदान सुविधा केंद्र स्थापित किए गए थे, जिसमें 421 कर्मचारियों ने मतदान किया। इस दौरान सभी अबश्यक सुविधाएं मतदाताओं को उपलब्ध कारवाई गई।



प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते कर्मचारी।

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 659 बुजुर्ग तथा दिव्यांग कर चुके हैं घर से मतदान। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया 22मई से शुरू है और 26 मई तक जारी रहेगी। अब तक 659 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा और लोकसभा चुनाव में प्रयोग में लाई जाने वाली समस्त ई वी एम और वी वी पैट की कमिंसिंग का कार्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्तिथि में पूर्ण कर लिया गया है। आगामी पहली जून को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# मारपीट में 11 लोग घायल, पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के चबूतरा गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई जो कि बाद में खूनी विवाद में बदल गई। इसके चलते दोनों पक्षों के कुल 11 लोग घायल हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर से मेडिकल कॉलेज टांडा में रैफर किया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। बाकी घायलों का भी इलाज जारी है। एसएचओ सुजानपुर मस्तराम नायक ने बताया कि जमीन विवाद इतना बढ़ा की यह खूनी संघर्ष में तबदील हो गया तथा दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर डंडों के साथ हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। दोनों पक्षों के कुल 11 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि सुजानपुर थाना में मनोज कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि उसके साथ उसके रिश्तेदार रनिया राम व उसके परिवार ने उसके परिवार के साथ मारपीट की। जबकि दूसरे पक्ष के रविंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि राकेश कुमार और मनोज कुमार उनकी माता तथा उनकी पत्नियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे कि रनिया राम इस हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे की इलाज के लिए टांडा स्थित अस्पताल में रेफर किया गया है। एसएचओ सुजानपुर मस्त राम नायक ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी भी की गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### दो युवकों से 2.36 ग्राम चिट्टा बरामद

**हमीरपुर।** सदर हमीरपुर में नाकाबंदी के दौरान बस नंबर (सीएच 01 जीए 9968) जो चंडीगढ़ से बैजनाथ जा रही थी को रुकवाकर सीट नंबर-4 पर बैठे व्यक्ति से जैसे ही नाम व पता पूछा तो उसने अपनी गोद में रखे कपड़ा बैग को एक दम सीट नंबर-पांच पर बैठे व्यक्ति की गोद में रख दिया तथा अपना नाम हिमांशु शर्मा उम्र 27 वर्ष बताया तथा सीट नंबर-पांच पर बैठे व्यक्ति ने हिमांशु शर्मा द्वारा दिए कपड़े के बैग को अपनी गोद में दोनों टांगों के बीच रख लिया तथा पूछने पर अपना नाम अभिषेक पुत्र केवल चंद बताया। इसके पास से पुलिस ने तलाशी के दौरान 2.36 ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने बताया कि ने दोनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले 17 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा व्यय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी डॉ. कुंदन यादव ने शुक्रवार को देहरा और जसवां-परागपुर का दौरा किया। इस दौरान क्षेत्र की फ्लाइंग टीम (एफएसटी) ने ढलियारा में डॉ. कुंदन यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर देहरा की एसडीएम शिल्पी बेक्टा, डीएसपी अनिल कुमार और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### आराध्या राजपूत को चुना विशेष वक्ता

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में छात्रों के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा छठीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने की। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय था आतंकवाद को बढ़ाता मीडिया गतिविधि का मुख्य उद्देश्य मीडिया की भूमिका के प्रति बच्चों को जागरूक करना था। प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले के बाद पहला स्थान पटेल सदन के छात्र आकर्षित ने और दूसरा स्थान सुभाष सदन की छात्रा आर्यन्ता ने और तीसरा स्थान नेहरू सदन की छात्रा सुनिति ने अर्जित किया। आराध्या राजपूत को विशेष वक्ता के रूप में चुना गया। अंत में प्रिंसिपल ने विशेष स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### लखनपाल ने सीएम पर साधा निशाना

**बिझड़ी।** विधानसभा के उपचुनाव के लिए भी कुछ ही दिन शेष हैं ऐसे में इंद्रदत्त लखनपाल का चुनावी प्रचार दिन प्रतिदिन तेज होता जा रहा है। लखनपाल ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों मे नुक्कड सभाओं को संबोधित करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने अगर जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता दिखाई होती और जनता की आवाज को बुलंद करने वाले विधायकों को जलील नहीं किया होता तो आज उन्हें अपनी कुर्सी के लिए हर मंच से झूठ नहीं बोलना पड़ता। मुख्यमंत्री न केवल अपने मित्रों एडजेस्ट करने के लिए अपने ही जिला के विधायकों को अपमानित किया। यह विधायकों की जलालत का नतीजा है कि मुख्यमंत्री को हमीरपुर की जनता के बीच अपनी पहचान बतानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जिस प्रबुद्ध जनता ने आत्म विश्वास से कांग्रेस को सता सौंपी थी। कुर्सी मिलने के बाद मुख्यमंत्री ने तानाशाह बनकर केवल मित्रों के विकास को अहमियत देते हुए जनता के विश्वास को ही नहीं तोड़ा बल्कि प्रदेश की जनता पर उप चुनावों का अतिरिक्त बोझ भी डाला है।

### विशाल शर्मा ने जनता से मांगे वोट

**बिझडी।** चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की धड़कनें भी तेज हो रही है बड़सर विधानसभा में हो रहे उपचुनाव में तिकोने मुकाबला देखने को मिल रहा है। हालांकि मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच एकदम कांटे की टक्कर जैसा लग रहा है, परंतु आजाद उम्मीदवार विशाल शर्मा ने भी चुनाव प्रचार अभियान तेज कर दिया है। उनके साथ एक युवा टीम चल रही है जो की विधानसभा के कोने-कोने में जाकर लोगों से विशाल शर्मा के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं।

### अंजली मिस व नितिन मिस्टर फेयरवेल चुने

**नादौन।** डीडीएम साई लॉ कालेज कल्लर जलाड़ी में लॉ छात्रों के सम्मान हेतु विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ नंदा चिरंजीवी राव, लॉ विभाग के स्टाफ सदस्य, बीएड व डीएलएड के टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर फाइनल ईयर वाले बच्चों को टाइटल से सम्मानित किया गया। छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। बीएएलएलबी में अंशुमन मिस फेयरवेल व प्रभात मिस्टर फेयरवेल चुने गए । जबकि एलएलबी में अंजली मिस फेयरवेल व नितिन को मिस्टर फेयरवेल चुना गया।

### रिहर्सल के बाद कर्मचारियों ने किया मतदान

**हमीरपुर।** मतदान ड्यूटी पर तैनात होने वाले हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास शुक्रवार को राजकीय बहुतकनीकी महाविद्यालय बड़ू के सभागार में आरंभ हुआ। इस अवसर पर एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान केंद्रों से संबंधित विभिन्न आवश्यक प्रबंधों, मतदान प्रक्रिया और ईवीएम-वीवीपैट से संबंधित कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के लिए सभी माइक्रो ऑब्जर्वर, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर विजय चौहान ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ईवीएम-वीवीपैट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पूर्वाभ्यास के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने महाविद्यालय परिसर में ही स्थापित फेसिलिटेशन सेंटर (सुविधा केंद्र) पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान भी किया।

### भोरंज में पोलिंग अधिकारियों की रिहर्सल आज

**भरेड़ी।** पहली जून को होने वाले सातवें चरण के आम लोकसभा चुनाव के लिए 36- भोरंज (एससी) विधानसभा क्षेत्र में तैनात पीठासीन , सहायक पीठसीन अधिकारियों व पोलिंग अधिकारी की दूसरी चुनावी रिहर्सल 25 मई शुक्रवार यानि आज मुख्यमंत्री आर्दश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में 10 बजे होगी। भोरंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन रजिस्टीकरण अधिकारी एवं भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने बताया कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र से करीब 600 पुरुष व महिला कर्मचारी पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी के रूप में लगाए गए हैं। इनमें 59 महिला कर्मचारी भी नियुक्त किए गए हैं। चुनावी प्रकिया में लगे सभी कर्मचारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा। सभी कर्मचारियों को मतदान प्रकिया के सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

# चैंतड़ा में व्यक्ति के सिर पर किया दराट से हमला, लगे पांच टांके

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जमीनी विवाद या छोटे मोटे झगड़े होते रहते हैं, लेकिन कुछ लोग दराट जैसे नुकीले हथियार से हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। ऐसे हथियारों से किसी की जान भी जा सकती है। सदर थाना हमीरपुर के तहत भी चैंतड़ा गांव में भी वीरवार रात 9:45 पर विजय कुमार पर गांव के ही सुरेश कुमार के बेटे ने दराट से हमला कर दिया जब वह अपने घर की गैलरी में खड़े थे।

विजय कुमार की पत्नी आशा देवी ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि जब गोशाला में भैंस को बांधने के लिए गई थी तो उस समय उसके पति गैलरी में खड़े थे। सुरेश कुमार का बेटा पंकज मेरे पति को दराट से मारने के लिए आ गया और मेरे पति के सिर पर दराट से हमला कर दिया। इससे उसके पति सिर में काफी चोट आई। महिला ने बताया कि उस समय सुरेश ने उसके पति को पीछे से पकड़ लिया और उसकी पत्नी सरोज कुमारी भी मेरे पति को पक्की ईंट से मारने लगी। महिला ने बताया कि वह चिल्लाती हुई अपने पति को छुड़ाने आई तो सुरेश ने वहां पड़े बांस के डंडे से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इससे मेरे हाथों व मेरे पति के सिर पर गंभीर चोटें आई।

महिला ने बताया कि शोर सुनकर हमारा पड़ोसी वविंद्र कुमार मौके पर आया तथा हमारा बचाव किया तो ये लोग मौका से भाग गए। उनके पड़ोसी ने महिला और उसके पति को अस्पताल पहुंचाया जहां पर उनका प्राथमिक उचार किया। इस घटना में विजय कुमार के सिर पर दराट से चोट लगने से पांच टांके लगाए गए हैं। आशा देवी ने पुलिस चैकी भोटा में सुरेश कुमार उसकी पत्नी सरोज कुमारी और बेटे पंकज कुमार के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि बिना वजह मारपीट करके हमें जान से मारने की धमकियां दी है।

### हमला करने वाला आरोपी फरार



**इस** पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इस बारे में पुलिस अधीक्षक पदम चंद ने बताया कि दराट के हमले से विजय कुमार के सिर पर चोट आई है उसके सिर पर पांच टांके लगाए गए है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि हमला करने वाले अभी फरार हैं।

# नादौन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायजादा के पक्ष में मांगे वोट



**अनंत ज्ञान, नादौन**

जैसे जैसे लोकसभा चुनाव के मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है। कांग्रेस का अभियान भी जोर पकड़ता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता विभिन्न टोलियां बनाकर डोर-टू-डोर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। वहीं, सीएम नादौन के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आम लोगों से भी निरंतर मिल रहे हैं तथा कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजाता को ज्यादा से ज्यादा लीड दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भर रहे हैं। इसके चलते कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हौंसले बुलंद हैं। कांग्रेस के इस डोर-टू-डोर प्रचार अभियान में शहरी कांग्रेस भी काफी उत्साहित है और शहरी कांग्रेस ने शहरी कांग्रेस के अध्यक्ष एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष शम्मी सोनी के नेतृत्व में प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस प्रचार अभियान में वरिष्ठ कांग्रेसी संतोष संधू, कमल कम्मी, मोती जोशी, अजय सौंधी, रिपन कपिल, महिंद्री जैन, कपिल शर्मा छुणकी, संदीप चैधरी, नवीन पुरी, राजीव जस्सल, लाटा भाटिया, निर्मल जैन सहित काफी कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं तथा प्रचार सामग्री बांट कर कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांग रहे हैं।

### ब्यास पुल नादौन के किनारे पड़ी मिट्टी से लोग तंग

**नादौन।** नादौन शहर के साथ लगते ब्यास पुल पर पुल के किनारे मिट्टी पड़ी हुई है जो दोपहिया वाहन चालकों व पैदल चलने वालों के लिए परेशानी का सबव बन कर रह गई है। लोग विशेषकर सीनियर सिटिजन हर रोज सुबह-शाम नादौन शहर से ब्यास पुल की ओर सैर करने जाते हैं उन्हें पैदल चलने में इस बिखरी मिट्टी की वजह से आने जाने में काफी परेशानी होती है। संजय कुमार, राकेश कुमार, साहिल, विजय चैधरी, मदन लाल, सुमित, राजीव कुमार, मनोज कुमार, समाज सेवी डाक्टर ओम प्रकाश शर्मा आदि का कहना है कि ब्यास पुल पर पुल के किनारे जहां लोग पैदल चलते हैं उस जगह काफी दिनों से मिट्टी पड़ी है। उस मिट्टी पर पैदल चलना काफी मुशिकिल हो जाता है। यही नहीं कई दोपहिया वाहन चालक भी इस मिट्टी के कारण स्किड होकर घायल हुए हैं। उन्होंने सरकार व प्रशासन व एनएचएआई के अधिकारियों से आग्रह किया है कि ब्यास पुल पर बिखरी मिट्टी को हटवाया जाए।

# भाटी में आग की भेंट चढ़ी गोशाला चार लाख रुपए का हुआ नुकसान



कुठेड़ा के भाटी गांव में आग से राख हुई गोशाला।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत कुठेड़ा के भाटी गांव में शुक्रवार को प्रीतम चंद की गोशाला में अचानक आग लग गई। इस आग की घटना में गोशाला के तीन स्लेटपोश कमरे जलकर राख हो गए। आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास करने लगे, लगभग डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

हालांकि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन यदि आग पर काबू नहीं पाया होता तो गोशाला के साथ लगते रिहायशी मकानों को भी काफी नुकसान होना था। अग्निशमन विभाग के प्रभारी राजेंद्र चौधरी ने बताया कि हमें भाटी गांव में गोशाला में आग लगने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया आग काफी फैल चुकी थी। उसे बुझाने के लिए हमें डेढ़ घंटे का समय लग गया। उन्होंने बताया कि इस आग की घटना में चार लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि साथ लगते राजकुमार, प्रीतम चंद और प्रवीण के रिहायशी मकानों को बचाया है। उन्होंने बताया कि लगभग 20 लाख रुपए की संपत्ति राख होने से बचाई है।

### भोरंज स्कूल में बच्चों को मिलेगी टेबल टेनिस खेल की सुविधा

**भरेड़ी।** भोरंज विधानसभा के मुख्यमंत्री आर्दश वरिश्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के बच्चे अब टेबल टेनिस खेल में अपना भविष्य उज्ज्वल बनाएंगे। स्कूल प्रशासन ने अपने स्तर पर खिलाड़ियों की मांग को पूरा करते हुए टेबल टेनिस की सुविधा मुहैया करवाई। स्कूल में टेबल टेनिस खेल का शुभारंभ करते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. ओंकार सिंह भाटिया ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भोरंज स्कूल के छात्रों के चहुंमुखी विकास की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्कूल में खो-खो खेल, वालीबॉल, कबड्डी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन के बाद अब टेबल टेनिस खेल के लिए उन्नत स्तर की सुविधा दी गई है। इन खेलों में खिलाड़ियों को अपना उज्जवल भविष्य बनाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। इसके लिए स्कूल में खिलाड़ियों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस एक राष्ट्रीय खेल है अगर स्कूल स्तर पर इस खेल के अच्छे परिणाम निकले तो भोरंज स्कूल का नाम राष्ट्रीय स्तर पर होगा।



सुजानपुर। सुजानपुर भाजपा महिला मोर्चा की सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने सुजानपुर शहर में डोर-टू-डोर अभियान चलाते हुए लोगों से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। महिलाओं ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। नारी शक्ति के साथ सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी राजेंद्र राणा की धर्मपत्नी अनीता राणा ने भीलोगों से भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अनिता राणा ने कहा कि एक वोट अनुराग और एक वोट राजेंद्र राणा को करना है ।

# इलेक्शन ड्यूटी पर तैनात कर्मियों ने डाले वोट

**अनंत ज्ञान, नादौन**

इलेक्शन ड्यूटी के लिए जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनकी गर्वनमैंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाल में रिहर्सल हुई। उन्हें वोटिंग प्रक्रिया, ईवीएम व वीवीपैट बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

इस दौरान जिन कर्मचारियों की इलेक्टशन ड्यूटी हमीरपुर लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में लगी है। उन्हें इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट दिए गए, ताकि वे जहां ड्यूटी लगी है वहां वोट डाल सकें। इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र हमीरपुर के बाहर कर्मचारी जिनकी ड्यूटी हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में लगी है उन्होंने बाल स्कूल नादौन में वैलट पेपर के माध्यम से अपना वोट डाला। कुछ ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की रिहर्सल आज हो गई है ओर शेष कर्मचारियों की रिहर्सल 25 मई होगी।



वोट डालने के लिए कतार में खड़े कर्मचारी

### 75 प्रतिशत होम वोटिंग पूरी



**नादौन।** 85 साल से अधिक आयु के मतदाताओं व अपंगों वोट डलवाने के लिए शुक्रवार को भी नादौन विधानसभा के सभी 12 सेक्टरों में तीसरे दिन भी पोलिंग पार्टियों ने सेक्टर आफिसर्स की अगुवाई में होम वोटिंग करवाई। एसडीएम अपराजिता चंदेल ने बताया कि करीब 75 प्रतिशत होम वोटिंग पूरी हो चुकी है।

होम वोटिंग का कार्यक्रम 27 मई तक चलेगा। उन्होंने बताया कि 85 साल से अधिक आयु के 1271 मतदाता हैं। इनमें 729 ने फार्म-12डी भरा है। जब कि अपंग मतदाता 1099 हैं। उनमें से 184 ने फार्म-12 डी भरा है। जिन मतदाताओं ने फार्म 12डी भरा है वे ही होम वोटिंग के दौरान अपना वोट डाल सकते हैं।

**चुनाव**

## मुख्यमंत्री सुक्खू के मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा ने किया चुनाव प्रचार

# बड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, बड़ा**

हिमाचल में लोकसभा एवं उप चुनावों का माहौल वर्तमान समय में चरम सीमा पर हैं। नादौन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए भीष्म गर्मी में मतदाताओं के घर डोर-टू-डोर प्रचार कर रहे हैं।

कांग्रेस के युवा कार्यकर्ता से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा अपने चुनावी प्रचार में कांग्रेस के हमीरपुर लोकसभा सीट के प्रत्याशी सतपाल रायजादा के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू के नाम पर वोट मांग रहे हैं। आज मुख्यमंत्री सुक्खू के मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा ने पंचायत बड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी के लिए डोर-टू-डोर प्रचार किया एवम उनके लिए वोट मांगे। इस दौरान उनके साथ प्रवीण चौधरी, कुलदीप पटियाल, सुदर्शन जरियाल, करतार चंद जीत सिंह कौंडल, प्यार चंद, लाल चंद परमार, हरवंश सिंह, सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, अंकुश परमार, अमरनाथ, सन्नी, विपिन आदि काफी संख्या में कॉग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

इस दौरान मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने अपने प्रचार में मतदाताओं से कहा कि वे भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर से यें जरूर पूछे कि उन्होंने अपने 26 वर्ष के कार्यकाल में हमारे क्षेत्र के लिए कौन सा बड़ा काम किया हैं, जिसके लिए आपको वोट दें। प्रदेश में आई आपदा के दौरान भी अनुराग ठाकुर ने प्रदेश वासियों की सहायता करने की बजाए राजनीति की हैं जो कि सर्विद हैं। इस दौरान मीडिया को-ऑर्डिनेटर ने चुनावी प्रचार में लोगों को यें भी बताया कि जोलसप्पड़ में खोले गए। इस मेडिकल कॉलेज के खोलने की बात को लेकर अनुराग ठाकुर झूठ का डिढोरा पीट कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उस बारे में उन्होंने आज दिन तक इसके स्वीकृत होने की नोटिफिकेसन लोगों के समक्ष क्यों नहीं उजागर की। क्योंकि उन्हें मालूम हैं कि लोगों को नोटिफिकेशन दिखाने से उनके झूठ पर से पर्दा उठ जाएगा ओर लोगों को मालूम हो जाएगा कि इसे मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा स्वीकृत करवाया गया हैं। यशपाल शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ किए गए चुनावी प्रचार में पंचायत वासियों से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के पक्ष में मतदान करने का विशेष आग्रह किया हैं।



सीएम के मीडिया को-ऑर्डिनेटर यशपाल शर्मा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार के दौरान सामूहिक चित्र में

# व्यय पर्यवेक्षक मीनू सिंह बिष्ट ने किया चेक पोस्टों का निरीक्षण

## विभिन्न टीमों को दिए लगातार चेकिंग करने के दिशा-निर्देश




बड़सर और कुटलैहड़ में चेक पोस्टों का निरीक्षण करतीं व्यय पर्यवेक्षक आईआरएस अधिकारी मीनू सिंह बिष्ट।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनाव में आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने तथा चुनाव में धनबल और बाहुबल का प्रयोग रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

इसके लिए विभिन्न टीमों की तैनाती के अलावा भारत निर्वाचन आयोग ने पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं, जो कि स्वयं फील्ड में लगातार नजर रख रहे हैं।

जिला ऊना के कुटलैहड़ तथा गगरेट विधानसभा क्षेत्र और जिला हमीरपुर के बड़सर विधानसभा क्षेत्र के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक वर्ष 2011 बैच की आईआरएस अधिकारी मीनू सिंह बिष्ट ने बड़सर, कुटलैहड़ और ऊना जिले के विभिन्न चेक पोस्टों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चेक पोस्टों पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए।

मीनू सिंह बिष्ट ने फील्ड में तैनात एफएसटी और एसएसटी टीमों को सभी आने-जाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखने तथा इन वाहनों की चेकिंग के निर्देश भी दिए।

### बंगाणा के युवाओं की अनोखी पहल

# पशु-पक्षियों के लिए युवाओं ने बनाया पानी का टैंक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

गर्मी के मौसम में चारों तरफ आग ही आग का आलम है। जीव-जंतु पानी की बूंद-बूंद के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी भी प्राकृतिक स्रोतों में सूख चुका है, ऐसे में उपमंडल बंगाणा के युवाओं ने एक पहल की है। युवाओं द्वारा नलबाड़ी में सड़क किनारे पशु-पक्षियों के लिए पानी के टैंक (टौबे) बना रहे हैं, जिसमें जंगली जानवरों को पानी उपलब्ध हो सके। यह पुण्य का कार्य डूमखर के युवाओं वंश, विपुल, साहिल, नितिन, पंकज कमल, इशांत आदि द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि इन टौबों के बनने से हर वर्ष जंगली जीव-जंतुओं को प्रचंड गर्मी में पानी मिल जाएगा।



सड़क के किनारे पशु-पक्षियों के लिए पानी का टैंक बानत युवा।

# अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय में अधिकारियों ने किया चुनावी पूर्वाभ्यास



पोस्टल बैलेट से अपना वोट डालते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा विधानसभा उपचुनाव को लेकर ऊना में तैनात मतदान अधिकारियों के लिए अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यशाला आयोजित की गई।

इस दौरान उन्हें मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान प्रक्रिया को सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में एसडीएम सोनू गोयल ने भी मतदान प्रक्रिया को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मतदान से जुड़े कानूनी प्रावधानों, मतदान केंद्र में मूलभूत आवश्यकताओं तथा वहां प्रवेश से जुड़े नियमों की जानकारी देने के साथ साथ ईवीएम व वीवीपैट की गिनती, मिलान व सीलिंग के बारे में भी विस्तार से बताया।

पूर्वाभ्यास कार्यशाला संपन्न होने के पश्चात मतदान अधिकारियों ने चुनाव आयोग द्वारा स्थापित किए गए सुविधा केंद्र के माध्यम से पोस्टल बैलेट से अपना वोट डाला। प्रशासन द्वारा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों को मत का प्रयोग करने का पहले ही मौका दिया गया है। इसके लिए अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय बंगाणा में में सुविधा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं।

कार्यशाला में तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, लिपिक जीवन शर्मा और अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गंभीर विषयों के आगे जातिवाद और क्षेत्रवाद के मुद्दे बेअसर

**राजेश शर्मा, ऊना**

चुनाव के अंतिम दौर में जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसे मुद्दों का भी सहारा लिया जाने लगा है। किसी नाम और काम की कोई लहर अभी तक बाकी काम नहीं कर पाई है। जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में हो रहा उपचुनाव धीरे-धीरे मुख्य मुद्दों से हटकर जातिवाद और क्षेत्रवाद की दिशा में बदलने लगा है।

खासकर कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में जातिवाद के साथ क्षेत्रवाद के मुद्दों को हावी किया जाने लगा है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव का मुख्य मुद्दा विधायक द्वारा पार्टी बदलने और दूसरी ओर प्रत्याशी के पिता को लेकर पुराने मामले को उछाला जा रहा था। हालांकि ज्वलंत मुद्दा पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो पर मुख्यमंत्री द्वारा दल बदल को लेकर लगाए गए गंभीर आरोप भी थे। माहौल भी ऐसा बनाया जा रहा था कि भुट्टो समर्थकों के पास बोलने के लिए अधिक विकल्प नहीं बचें। अब इस चुनाव को क्षेत्रवाद की ओर भी धकेला जाने लगा है। क्षेत्रवाद की बात करें तो देवेंद्र भुट्टो के घर कांगड़ा और हमीरपुर जिलों की सीमा पर स्थित हैं। उनका कारोबार बंगाणा में है।

**क्षेत्रवाद का मुद्दा दोनों प्रत्याशियों पर हावी होने वाला नहीं**

उधर, विवेक शर्मा जो कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, उनका पैतृक गांव लठियाणी बंगाणा के पास है और वर्तमान में वह ऊना के पास बरनोह में निवास करते हैं। इसके अलावा उनका होटल का कारोबार बौल गांव में चलता है, ऐसे में अगर दोनों प्रत्याशियों की बात की जाए तो क्षेत्रवाद का मुद्दा किसी पर भी हावी होने वाला नहीं है।

कुटलैहड़ में अगर जातिवाद के मुद्दे की बात करें तो यहां व्यक्ति विशेष को जनता समर्थन देती रही है। इसमें अगर बात करें तो यहां भाजपा की ओर से दो दफा ब्राह्मण समुदाय के रामदास मलांगड़, एक दफा रामनाथ शर्मा, सरला शर्मा भी नेतृत्व कर चुके हैं। ठाकुर रणजीत सिंह, वीरेंद्र कंवर और देवेंद्र भुट्टो भी इस क्षेत्र से विधायक रहे हैं। अब किसी एक जाति विशेष का यहां प्रभाव नहीं रहा है। यहां मुख्य भूमिका में अनुसूचित और ओबीसी के अलावा अन्य जो करीब पच्चीस से तीस फीसदी मतदाता हैं, जो कि निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए यहां दोनों प्रत्याशी जातिवाद के आधार पर भी कोई अधिक प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे।

हालांकि, यहां जातिवाद को भी कुछ दिनों से हवा दी जाने लगी है। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में दोनों ही प्रत्याशी एक ही जाति से संबंधित हैं और ऐसे में यहां जातिवाद का मुद्दा निरस्त है। यहां क्षेत्रवाद का मुद्दा भी खास प्रभाव नहीं दिखा पाएगा, हालांकि भाजपा प्रत्याशी को वापस एक राज्य में भेजे जाने की बात को लेकर मुद्दा जरूर उछाला गया था। इस मुद्दे को भी लोगों का कोई खास समर्थन नहीं मिल पाया है। यहां भी दूसरे विषय काफी गंभीर हैं, जिसके चलते अन्य मुद्दे काम नहीं कर पाएंगे। कुटलैहड़ की बात करें तो यहां कई ऐसे नेता हैं जो अपने दलों में पहले भी भितरघात कर चुके हैं। इन नेताओं पर पहले भी पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं।

हालांकि, फरेब की सियासत में विश्वास करने वाले इन नेताओं की इस चुनाव में कोई खास चलने वाली नहीं है। इस चुनाव में मुद्दे और मामले इतने गंभीर हैं कि उनके आगे जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसे मुद्दे बेअसर होंगे। दलों में पहले भी भितरघात हो चुके हैं। इन नेताओं पर पहले भी पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप लगते रहे हैं। हालांकि, फरेब की सियासत में विश्वास करने वाले इन नेताओं की इसचुनाव में कोई खास चलने वाली नहीं है। इस चुनाव में मुद्दे और मामले इतने गंभीर हैं कि उनके आगे जातिवाद और क्षेत्रवाद जैसे मुद्दे बेअसर होंगे। (अनंत ज्ञान)

## छबील लगाई



**गोंदपुर बनेहड़ा।** शहीद भगत सिंह क्लब गगरेट के सदस्यों ने शहीद स्मारक पर महान क्रांतिकारी करतार सिंह सराभा की जयंती पर फूल मालाएं अर्पित कीं और ठंडे जल की छबील लगाई। शहीद करतार सिंह सराभा का जन्म 24 मई 1896 को लुधियाना में हुआ। वह जब गदर पार्टी के सदस्य बने, तब वह 15 वर्ष के थे। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के लिए लड़ना शुरू कर दिया। वह आंदोलन के सबसे सक्रिय सदस्यों में से एक थे। इस दौरान क्लब प्रधान मुनीष ठाकुर, रजिंद्र बंसल, रणबीर राणा, अशोक वैद्य, आकाश कुमार, मीत सिंह, मुनीष कुमार, अमित सूद, हर्ष, विवेक, अभिषेक, गौरव, अक्षेय, अनिल, अभी सांगर, मोहित कुमार, शम्मी, मनजीत सिंह सहित अन्य क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## बाबा पहाड़िया मंदिर जिजर में भंडारा आज

**बंगाणा।** बाबा पहाड़िया मंदिर जिजर में 25 मई को 23वां विशाल भंडारा आयोजित किया जा रहा है। इसमें आप सभी सादर आमंत्रित हैं। आपको बता दें कि यह भंडारा हर वर्ष अयोजित किया जाता है। जानकारी देते हुए कमेटी के सदस्यों ने बताया कि भंडारा शनिवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगा। हमारा सभी लोगों से अनुरोध है कि बाबा पहाड़िया जी का प्रसाद ग्रहण करें।

## चिंतपूर्णी के जंगल से अधेड़ का शव बरामद

**चिंतपूर्णी।** क्षेत्र के बधमाणा जंगल से एक क्षत-विक्षत शव मिला है। इसकी पहचान 51 वर्षीय किशोरी लाल निवासी डगूह डाकघर कांगू जिला हमीरपुर के तौर पर हुई है।

कुछ समय से यह व्यक्ति लापता बताया जा रहा था। यह भी बताया गया है कि यह व्यक्ति नारी गांव में एक आटा चक्की पर काम करता था। पुलिस ने जहां से इस व्यक्ति का शव बरामद किया है, वहां शराब की बोतल भी मिली है। इस बोतल में कुछ शराब बची हुई थी।

ऐसे में इसे एक हादसा माना जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया है और जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद जांच को आगे बढ़ाया जाएगा।

# कंचन का दावा-कुटलैहड़ में भारी मतों से जीतेंगे विवेक शर्मा विक्कू



डंगोली की प्रधान कंचन, विक्कू की टीम मृधु शर्मा के साथ प्रचार करते हुए।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोक शिकायत निवारण समिति की सदस्य एवं गांव डंगोली की प्रधान कांग्रेस की युवा नेत्री कंचन ने कहा कि कुटलैहड़ में हो रहे विस उपचुनाव में कांग्रेस के विवेक शर्मा भारी मतों से चुनाव जीतेंगे, क्योंकि भाजपा मुकाबले में कहीं भी नजर नहीं आ रही है।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के मतदाता बहुत समझदार हैं, वे भाजपा के किसी भी बहकावे में नहीं आएंगे और ऊर्जावान, कर्तव्यनिष्ठ एवं जुझारु कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वोट डालकर विवेक शर्मा को जिताकर भेजेंगे और मुख्यमंत्री सुक्खू के हाथ और भी ज्यादा मजबूत करेंगे। कंचन ने कहा कि विवेक शर्मा कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। विपक्षी पार्टी कोई भी हथकंडे अपना ले, वह चुनाव कभी भी नहीं जीत पाएगी।

जिन लोगों के दम पर भाजपा प्रत्याशी 16 महीने पहले चुनाव जीते थे, उन लोगों का विश्वास भुट्टो ने तोड़ा है तथा उनमें गुस्सा देखने को मिल रहा है। हम घर-घर लोगों के पास पहुंच रहे हैं तथा कुटलैहड़ वासी भाजपा के प्रत्याशी को सबक सिखाने को तैयार बैठे हैं।

# मुख्यमंत्री सुक्खू क्यों नहीं करवाते 15 करोड़ की जांच : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के पास प्रदेश का हर विभाग है। प्रदेश सरकार का सुक्खू नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर 14 माह में मेरी निजी आय 5 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गई है, तो वह जांच क्यों नहीं करवाते हैं, उन्हें किसने रोका है। मुख्यमंत्री सुक्खू को कुछ दिखाई दे तो तभी जांच करवा सकते हैं।

कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने डीहर, ननवाड़ी, बुढवार, चुरड़ी आदि कुटलैहड़ की आधा दर्जन नुक्कड़ सभाओं में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर पलटवार करते हुए कहा कि देवेंद्र कुमार भुट्टो पहले भी समाजसेवी था, आज भी है और कल भी रहेगा। हम 30 सालों से सक्रिय राजनीति कर रहे हैं और हमें मुख्यमंत्री से समाजसेवा का प्रमाण पत्र लेने की जरूरत नहीं है।

भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार का 14 माह का कार्यकाल काला अध्याय लिखा जाएगा, क्योंकि डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में सूबे के मुख्यमंत्री सुक्खू ने विधायकों को जलील कर एक हजार कार्यालय बंद कर दिए जिसमें 22 कुटलैहड़ के भी हैं।



जनसंपर्क अभियान के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी के साथ।

भुट्टो ने कहा कि डेढ़ वर्ष में 28 हजार करोड़ रुपए कर्ज लेकर मुख्यमंत्री ने केवल मित्रों को खुश करने पर खर्च कर दिए और राज्य की जनता को कर्ज में डूबो दिया है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र में अगर विकास हुआ है, तो केंद्र सरकार से स्वीकृत धनराशि से। कुटलैहड़ की जनता की समस्याओं के लिए 5 रुपए भी सीएम सुक्खू ने स्वीकृत किए हैं, तो वह जनता में उन्हें सार्वजनिक करें। मुख्यमंत्री सुक्खू बौखला गए हैं और मंच से केवल भुट्टो की माला का जाप कर रहे हैं, अगर भुट्टो के साथ इतना ही लगाव था तो मेरी मांगें मान लेते, ताकि आज आपको दर-दर न घूमना पड़ता।

जो मुख्यमंत्री जीते हुए विधायकों को दरकिनार करके हारे नकारे नेताओ को गले लगाते हैं, उस सरकार और मुख्यमंत्री का यही हश्र होता है। उन्होंने कहा कि इसी निक्कमी सरकार और ऐसे निक्कमे मुख्यमंत्री राज्य की जनता को पहली बार मिले हैं।

### नरेंद्र मोदी को विकास की परिभाषा सिखा रहे सीएम सुक्खू

भुट्टो ने देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर गारंटी को गारंटी करार देते हुए सूबे के सीएम सुक्खू पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सीएम सुक्खू विकास की परिभाषा सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस मुख्यमंत्री को विकास का कोई ज्ञान नहीं और जिन्हें विकास की परिभाषा का पता नहीं, वह उस सफल प्रधानमंत्री को ज्ञान बता रहे हैं, जिनके डर से दस सालों में पाकिस्तान जैसा देश भीख मांग रहा है। मुख्यमंत्री को कोई ज्ञान नहीं कि किस मंच पर कौन सी बात करनी है। हर मंच से अभद्र भाषा का प्रयोग करके वह केवल अपनी ही सरकार को गुमराह करने में लगे हुए हैं।

# बाबा पहाड़िया मंदिर में विशाल धार्मिक समागम 4 जून से

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर जो उपमंडल बंगाणा के थाना कला के गांव पंजैहन थाना खास गांव में स्थित है। उस प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा पहाड़िया मंदिर के 4 से 7 जून तक विशाल धार्मिक समागम होने जा रहा है।



बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैहन थाना खास के मुख्य सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार ने बताया कि चार जून को शाम चार बजे मंदिर परिसर से सौ फुट झंडे को उतारा जाएगा और पांच जून को सुबह 10 से एक बजे और शाम 4 से 7 बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 6 जून को सुबह 7 से 9 बजे तक मंदिर परिसर में श्री सत्य नारायण की कथा होगी, के उपरांत तंग पूजन होगा और 10 से एक बजे तक कीर्तन दरबार सजेगा। वहीं, 7 जून को सुबह 7 से 8 बजे तक हवन यज्ञ होगा और साढ़े 9 बजे झंडा रस्म अदा की जाएगी। इसके उपरांत बाबा पहाड़िया की सवारी निकलेगी। 10 से शाम 5 बजे तक पंजाब की बुलंद आवाज गायक जोगी रत्ते बाला बाबा पहाड़िया एवं बाबा बालकनाथ का गुणगान करेंगे। बाबा अशोक कुमार ने बताया कि पहली से सात जून तक मंदिर परिसर में अटूट लंगर की व्यवस्था रहेगी और हर किसी के दरबार में ठहरने का विशेष प्रबंध होगा।

बताते चलें कि उक्त बाबा पहाड़िया मंदिर के साथ लाखों भक्तों की आस्था बनी हुई है और हर शनिवार और रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर बाबा पहाड़िया जी के आशीर्वाद से अपनी समस्याओं का समाधान करवाते हैं।

**प्रचार** जनसंपर्क अभियान के दौरान किया सुक्खू सरकार की नीतियों का प्रचार

# नौकरियों में ठेकेदारी प्रथा को करेंगे खत्म: विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने शुक्रवार सुबह से शाम तक दर्जनों स्थानों पर जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस सरकार की नीतियों और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में चल रही सरकार की नीतियों का गुणगान किया।

उन्होंने बताया कि सरकार ने किस प्रकार से कानून में बदलाव कर अनेकों कल्याणकारी नीतियां लोगों के लिए बनाई हैं, जिनमें अनाथ बच्चों के लिए सुख आश्रय योजना, ओपीएस की बहाली और किसानों से दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य 45 रुपए गाय का और 55 रुपए भैंस का करने को लाभकारी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में मुख्यमंत्री के द्वारा बनाई जा रही नीति के अंतर्गत ठेकेदारी प्रथा को खत्म किया जाएगा और सीधे नौकरियां आपके घर-द्वार तक दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों के कारण हमारे युवा पीढ़ी आज जो 20,000 का मानदेय प्राप्त करने का मायदा रखते हैं, लेकिन उनको चार-पांच हजार ठेकेदारों के तहत दिया जाता है, जिसके अनेकों उदाहरण हैं, इसीलिए मुख्यमंत्री गरीबों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं के द्वारा प्रदेश के विकास में नई गाथा लिखने जा रहे हैं और यह सरकार 5 वर्ष पूरा कार्य करेगी



जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी कार्यकर्ताओं के साथ।

उन्होंने जनता से अपील की अगर आप मुख्यमंत्री के साथ भरोसा करते हुए आगे बढ़ते हैं तो निश्चय ही कुटलेहड में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। इसमें कोई भी संदेह नहीं है, क्योंकि जिस तरह से पिछले 14 महीने में भाजपा प्रत्याशी के द्वारा मुख्यमंत्री से कई बार सीधी राशि को लेकर आए लेकिन चंद लोगों को फायदा पहुंचाया और बंदरबांट की। इससे पता चलता है कि करोड़ों रुपए की राशि मुख्यमंत्री ने भेजी है, जिसका धरातल पर कोई भी निशान नहीं है।

उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा हुआ कि भगवान ने जल्द ही ऐसे लोगों को बेनकाब कर दिया, जो जनसेवक नहीं, केवल और केवल तानाशाह हैं, जो सिर्फ अपने लिए जीते हैं। इन लोगों को अब आईना दिखाने का समय आ चुका है।

### अब खुलेगी गलत कामों की पोल : देसराज

प्रदेश कांग्रेस समिति सचिव देसराज ने कहा कि आपको अब पता चला, किस प्रकार से कपट के द्वारा सरकार और जनता से धोखा किया और फिर छलकपट कर भाजपा का टिकट लेकर अब दूसरी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कपट किया है। इन लोगों का यह कारोबार है और इसी कारोबार के द्वारा इन्होंने जाली दस्तावेज बनाकर अपने बेटे के नाम पर करोड़ों के टेंडर में गोलमाल कर दिया अब आने वाले समय में पता चलेगा कि किस प्रकार से ये लोग गलत कामों में लिप्त थे।

# पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस का प्रावधान करवाना रहेगी मेरी प्राथमिकता : राजीव शर्मा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के तहत कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी राजीव शर्मा ने अपना प्रचार अभियान जोर-शोर से शुरू कर दिया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोगों का भरपूर समर्थन उन्हें मिल रहा है। इसके लिए उन्होंने आम जनता का धन्यवाद भी किया।

राजीव शर्मा ने विभिन्न जगहों पर जाकर डोर-टू-डोर प्रचार किया और लोगों से अपने पक्ष में वोट डालने के लिए आह्वान किया। राजीव शर्मा ने कहा कि विधानसभा में आज तक पूर्व विधायकों ने कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में सीएसडी कैंटीन और ईसीएचएस के लिए कभी प्रश्न ही नहीं उठाया होगा और अगर उठाया है तो बताएं कि कब कुटलैहड़ के पूर्व सैनिकों को उनका हक मिलेगा, क्योंकि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र बड़सर विधानसभा क्षेत्र से काफी बड़ा है



हटली में जनसंपर्क अभियान के दौरान निर्दलीय प्रत्याशी राजीव शर्मा।

अगर इसमें पूर्व सैनिकों के लिए कैंटीन की सुविधा हो सकती है, तो कुटलैहड़ विधानसभा में क्यों नहीं हो सकती है।

कुछ वर्ष पहले हर एक महीने में एक दिन भूतपूर्व सैनिकों के लिए कैंटीन की सुविधा रखी गई थी, जिसको बंगाणा में चलाया जाता था, परंतु उसे भी राजनीति की भेंट चढ़ना पड़ा और बड़सर विधानसभा क्षेत्र में ईसीएचएस की सुविधा भूतपूर्व सैनिकों के लिए है, परंतु आज दिन तक किसी भी विधायक ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस का प्रावधान नहीं करवाया है। मेरा आप सभी पूर्व सैनिकों से पहला वादा है कि अगर मुझे विधानसभा में जीत कर जाने का अवसर मिला तो सबसे पहले कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सैनिकों के लिए सीएसडी कैंटीन और ईसीएचएस उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके कुटलैहड़ के हजारों पूर्व सैनिक पात्र हैं।

कुटलैहड़ क्षेत्र में हजारों परिवार ऐसे हैं, जिनमें से भारतीय सेना में नौजवान अपनी सेवाएं दे रहे हैं और हजारों अपनी सेवाएं दे चुके हैं, जिनके हक के लिए मेरी लड़ाई जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

## रक्तदान और मतदान दोनों जरूरी : अरुण



रक्तदान करके मतदान की अपील करते अरुण कौशल।

**ऊना।** ऊना जिले के एक युवक ने अनोखे अंदाज में लोगों को मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश के प्रति हम तभी सच्चा धर्म निभा सकते हैं, जब हम लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी मतदान में हिस्सा लेते हैं। हमारे वोट से देश को नेतृत्व अथवा वैसी सोच मिलती है, इसलिए मतदान देकर महान बनने की जरूरत है।

स्वयंसेवी अरुण कौशल ने रक्तदान करके लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता आखिरी चरण यानी पहली जून को मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले तथा स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान भी जरूर करें।

ऐसे जिएं कि आपको जैसे कल मरना है और सीखें ऐसे जैसे आपको हमेशा जीवित रहना है। –महात्मा गांधी

## संपादकीय

# अटल टनल में हिमाचल दर्शन

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू और लाहौल–स्पीति जिलों को जोड़ने वाली अटल टनल रोहतांग में पर्यटकों को अब वर्चुअल हिमाचल दर्शन होंगे। राज्य का पर्यटन विभाग यह नया प्रयोग करने जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए एक स्पेशल इलेक्ट्रिक बस तैयार करवाई है। बस बनकर तैयार है और इसकी पंजीकरण संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शुरू में इसे सोलंग नाला से सिस्सू के बीच चलाया जाएगा। राज्य पर्यटन विभाग ने यह अनूठा प्रयोग करने का फैसला इसलिए लिया, क्योंकि इन दिनों अटल टनल रोहतांग में पर्यटकों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है। हजारों नहीं, बल्कि लाखों की संख्या में पर्यटक अटल टनल से होकर गुजर रहे हैं। पर्यटकों को सुरंग के भीतर ही करीब दस मिनट की यात्रा तय करनी पड़ती है। इसी समय का लाभ उठाने के लिए स्पेशल इलेक्ट्रिक बस के जरिए टनल क्रॉस करने वाले पर्यटकों को हिमाचल दर्शन करवाया जाएगा। हिमाचल के सभी प्रमुख पर्यटक स्थलों के वीडियो साउंड इफेक्ट के साथ प्ले होंगे और इसमें 3डी व्यू उपलब्ध होगा। इसलिए दस मिनट के भीतर बस में सफर करने वाले पर्यटकों को राज्य के प्रमुख टूरिस्ट स्पॉट्स का पता चल जाएगा। अर्थात संपूर्ण हिमाचल के दर्शन टनल के अंदर ही हो जाएंगे।

टनल के दोनों मुहानों की बात करें तो इनकी आकृति एक जैसी नहीं बल्कि अलग–अलग बनाई गई है। मनाली की तरफ से साउथ पोर्टल में टनल के भीतर होने वाले एंट्री प्वाइंट में यहां गेट कुल्लवी भवन निर्माण शैली में तैयार किया गया है और साथ में मुहाना भी कुल्लवी शैली में तैयार किया गया है। दूसरी तरफ लाहौल की ओर से नॉर्थ पोर्टल पर टनल का मुहाना लाहौल की संस्कृति की झलक पेश करता है और इसमें लाहौल के भवन निर्माण शैली की झलक दिखती है। बता दें कि जब से अटल टनल का उद्घाटन हुआ है, तब से यहां से गुजरने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है। जनवरी, 2022 से दिसंबर 2023 के बीच कुल 25 लाख 76 हजार गाड़ियां अटल टनल से क्रॉस हुई हैं। इसी अवधि में एक करोड़ चार लाख पर्यटक यहां का दौरा कर गए हैं। यह संख्या हर साल बढ़ रही है। इस साल की बात करें तो रोजाना हजारों गाड़ियां अटल सुरंग से होकर लाहौल के सिरसू और अन्य पर्यटन स्थलों तक पहुंच रही हैं। उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं, ताकि यहां वे कुछ पल सुकून से बिता सकें और गर्मी से भी राहत पा सकें। पर्यटन विभाग की कोशिश है कि अटल टनल आने वाले टूरिज्म को प्रदेश के अन्य जिलों तक भी लाया जाए।

दरअसल, यह वर्चुअल हिमाचल दर्शन का आइडिया पर्यटन विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार का था। इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए पर्यटन विभाग को करीब दो साल लग गए। प्रोजेक्ट के लिए करीब दस करोड़ की लागत विभाग ने रखी है। अब बस बनकर तैयार है और इसे कुल्लू जिले के पर्यटन स्थल सोलंग नाला से लाहौल–स्पीति के सिस्सू के बीच चलाया जाएगा। सिस्सू पर्यटन स्थल की खासियत यह है कि यह स्थल ग्रामीण जीवन शैली का प्रतिनिधित्व करता है। सिस्सू शहरीकरण से अछूता है और प्रकृति की सबसे सच्ची तस्वीर को दर्शाता है। भव्य ग्लेशियर, बर्फ से ढकी हिमालय श्रृंखला, खूबसूरत विलो और चिनार के पेड़ आदि सिस्सू को आकर्षक बनाने में योगदान देते हैं। वहीं, समुद्र तल से 13050 फुट की ऊंचाई पर स्थित रोहतांग दर्रा भी शुक्रवार को पर्यटकों के लिए खुल गया। यहां जाने के लिए पर्यटकों में काफी उत्सुक हैं। पहले दिन हजारों पर्यटक रोहतांग की ओर गए और बर्फ के बीच खूब अठखेलियां कीं। मढ़ी से लेकर रोहतांग दर्रा तक पर्यटकों का मेला लग गया। पर्यटन विभाग की मानें तो आदर्श चुनाव आचार संहिता हटने के बाद स्पेशल इलेक्ट्रिक बस को शुरू किया जा रहा है, अगर प्रयोग सफल रहा तो बसों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रख्यात क्रांतिकारी

रास बिहारी बोस प्रख्यात वकील और शिक्षाविद थे। रास बिहारी बोस प्रख्यात क्रांतिकारी भी थे। देश के जिन क्रांतिकारियों ने स्वतंत्रता प्राप्ति तथा स्वतंत्र सरकार का संघटन करने के लिए प्रयत्न किया, उनमें उनका नाम प्रमुख है। वह कांग्रेस के उदारवादी दल से संबंध रखते थे। वह उन लोगों में से थे, जो देश से बाहर जाकर विदेशी राष्ट्रों की सहायता से अंग्रेजों के विरुद्ध वातावरण तैयार कर भारत की मुक्ति का रास्ता निकालने की सोचते रहते थे। 1937 में उन्होंने 'भारतीय स्वातंय संघ' की स्थापना की और सभी भारतीयों का आह्वान किया तथा भारत को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। प्रथम महायुद्ध में सशस्त्र क्रांति की जो योजना बनाई गई थी, वह रास बिहारी बोस के ही नेतृत्व में निर्मित हुई थी।



रास बिहारी बोस
जन्म : 25 मई, 1886
मृत्यु : 21 जनवरी, 1945

सन 1912 ई. में वाइसराय लार्ड हार्डिंग पर रास बिहारी बोस ने ही बम फेंका था। तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की सारी शक्ति रास बिहारी बोस को पकड़ने में व्यर्थ सिद्ध हुई। रास बिहारी बोस के क्रांतिकारी कार्यों का एक प्रमुख केंद्र वाराणसी रहा है, जहां वह गुप्त रूप से रहकर देश के क्रांतिकारी आंदोलन का संचालन किया करते थे। इसी संघटन के आधार पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने द्वितीय आजाद हिंद फौज का संघटन किया। क्रांतिकारी आंदोलन द्वारा भारत को पराधीनता से मुक्त करने के लिए उन्होंने जो पराक्रम दिखाया, वह स्वाधीनता आंदोलन के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा। ■

## अपनी बात

**युवा** अपनी जिंदगी के फैसले अब खुद ही लेने लगे हैं। उन्मुक्तता का रूप लेकर आए 'लिव इन रिलेशनशिप' में बिना किसी लोक लाज के, बेनाम रिश्ते, बंधन के अपने–अपने परिवारों से दूर रहने में नई पीढ़ी बड़प्पन समझ रही है। बड़ी–बड़ी फिल्मी हस्तियों के आचरण, स्टेटस सिंबल को अपनाते हुए नए जमाने के बच्चे अपनी भारतीय संस्कृति और पारंपरिक संस्कार भूलते जा रहे हैं। शायद यही वजह है कि प्यार, रिश्ते, शादी, बंधन जैसे शब्द अपने मायने खोने लगे हैं। इससे न सिर्फ मानसिक तनाव अपितु बड़े–बड़े अपराध भी हो रहे हैं। आखिर ऐसे संबंध, ऐसे रिश्ते का क्या लाभ, जिसकी कोई मंजिल ही न हो। जो रिश्ते परिवार द्वारा आपसी सहमति से निश्चित किए जाते हैं, अगर उनमें तनाव, परेशानी आ भी जाती है तो समस्त परिवार आपके साथ होता है और सही फैसला लेने में आपकी मदद करता है। वहीं 'लिव इन रिलेशनशिप' में यह फैसला सिर्फ आपका होता है। इससे उत्पन्न हुई परेशानियों से आपको खुद ही निपटना पड़ता है। आप बिलकुल अकेले पड़ जाते हैं और यह रिश्ते अक्सर टूट जाते हैं, जिनका खामियाजा आपको अकेले ही भुगतना पड़ता है। यह मात्र एक छल है।

–अंकुश, नगरोटा बगवां

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई–मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# चारधाम यात्रा और आधे-अधूरे इंतजाम

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया?



लेखक : डॉ. अनिल कुमार
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है, फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा–खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं, साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है।

वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। माना यह भी जाता है कि केदारनाथ धाम के दर्शन के बाद ही बद्रीनाथ धाम के दर्शन से ही पूजा का पूर्ण फल प्राप्त होता है। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है।

नि:स्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई, जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है। यहीं पर श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ कोई अचानक उमड़ी हो, ऐसी बात भी नहीं है। पिछले साल के मुकाबले तुलना करें तो इस यात्रा के पहले दो दिन में ही चालीस फीसदी से ज्यादा श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए आए। अनेक यात्री अभी भी बिना पंजीकरण के वहां पहुंच रहे हैं। जाहिर है कि भीड़ प्रबंधन को लेकर जो तैयारी होनी चाहिए थी, वह समुचित रूप से नहीं की गई। असल में इस पर खास ध्यान ही नहीं दिया गया कि चारधाम यात्रा के लिए जाने के इच्छुक श्रद्धालु जिस तरह से पंजीकरण करा रहे हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया और श्रद्धालुओं की आवाजाही को नियंत्रित किया जाना चाहिए, पर ऐसा नहीं किया गया।

ऐसा लगता है कि इस बार पिछले सालों का रिकॉर्ड टूट सकता है, लेकिन यह भी सच है कि उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में सड़कों, गांव–कस्बों की अपनी क्षमताएं हैं। अगर क्षमता से अधिक लोग वहां पहुंच रहे हैं, तो इस समस्या पर न केवल ध्यान देना चाहिए, बल्कि इसकी एडवांस प्लानिंग करनी चाहिए थी। निजी साधनों से जाने वाले यात्रियों के कारण वहां पर वाहनों की रेलमपेल बढ़ती है। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक परिवहन का पुख्ता प्रबंध नहीं किया गया।

यात्रा मार्गों को समय पर दुरुस्त नहीं करना भी प्रशासन की बड़ी नाकामी है। सड़कों पर ही वाहनों की बेतरतीब पार्किंग भी संकट बढ़ाने वाली है। हालांकि, धामों में अभूतपूर्व संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी वहां की स्थिति को स्वयं मॉनीटर कर रहे हैं, साथ ही उन्होंने अपने सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम और मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को उत्तरकाशी में कैंप करने तथा गंगोत्री और यमुनोत्री में यात्रा इंतजामों की लगातार निगरानी करने को कहा है। अगर आप चारधाम की यात्रा पर जा रहे हैं अथवा उसकी योजना बना रहे हैं, तो सर्वप्रथम आपको सलाह है कि फिलहाल इस योजना को टाल दें। वहां पर अभी काफी अफरा–तफरी का माहौल है, इसलिए स्थिति सामान्य होने तक आप इंतजार करें। चारधाम यात्रा चूंकि अक्तूबर तक चलती है, इसलिए कुछ समय बाद आप वहां जाएं।

आप जब भी इस धार्मिक यात्रा पर जाएं तो कुछ और बातों का ध्यान रखें। चारों धाम हिमालयी क्षेत्र में स्थित हैं, ऑक्सीजन लेबल भी कम होता है, इसलिए स्वास्थ्य परीक्षण के बाद ही कदम बढ़ाएं। यात्रा के दौरान जरूरी जीवन रक्षक दवाइयां साथ लेकर जाएं। जुकाम, बुखार, सिरदर्द आदि की दवाइयां साथ में रखें। यात्रा मार्ग में खानपान का खास ध्यान रखें। ताजे भोजन का सेवन करें। उच्च हिमालयी क्षेत्रों में मौसम प्राय: बदल जाता है, इसलिए ऊनी वस्त्र, कंबल, वाटरप्रूफ बिस्तर, बरसाती, छाता, टार्च आदि अवश्य साथ में रखें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नकली खाद्य पदार्थों का प्रचलन, उभरती त्रासदी जैसा

नकली वस्तुओं का व्यापार और बिक्री एक वैश्विक समस्या बनकर उभरी है। खाद्य सुरक्षा मानकों और उनके विनियमों का अनुपालन न करके कंपनियां कायदे–कानूनों को ठेंगा दिखाने लगी हैं। शिकायतकर्ताओं पर कंपनी वाले हमलावर होते हैं। समझने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हो क्यों रहा है? दरअसल, इसके पीछे एक खास वजह है। वजह के किरदार हैं दो धड़े। ठेकेदार और दूसरा निगरानी वाली संस्था? वह संस्था जो इन पर अंकुश लगाने का नाटक करती है और कांट्रेक्टर सरकारी मशीनरी जो राजस्व के नाम पर मोटा माल वसूल कर अपनी आंखों पर पट्टी बांध लेती हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण दोनों अगर कमर कस लें, तो किसी कंपनी की हिम्मत नहीं, जो खाद्य पदार्थों में गड़बड़ी भी कर सकें।

गौरतलब है, नकली और पायरेटेड ब्रांड की बाढ़ ने भूमिगत व्यापार बनाकर वैश्विक अर्थव्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित किया हुआ है। डुप्लीकेट मसालों का मसला अगर सार्वजनिक नहीं हुआ होता, तो यह मुद्दा चर्चाओं में आता ही नहीं? ऐसा प्रतीत होता है जैसे भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। समय–समय पर होने वाली छापेमारी, मॉनेटरिंग, धरपकड़ और शिकायतों की तत्काल प्रभाव से जांच करवाना, अब नहीं होता। एक बार लाइसेंस वितरण करने के बाद फाइल को धूल चाटने के लिए अलमारी में डाल दिया जाता है। जब रिन्यूवल का समय आता है, तभी कुंभकर्णी नींद खुलती है, क्योंकि उस वक्त फिर से फीस लेनी होती है।



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण और कंपनियों के बीच सीधी सांठगांठ रहती है। शिकायतें ऊपर तक नहीं पहुंचती, बीच में ही मैनेज कर ली जाती हैं। ऐसी स्थिति में कंपनियां लोगों के जीवन से खिलवाड़ नहीं करेंगी तो क्या करेंगी? प्राधिकरण और कंपनियों के बीच दोस्ती के चलते ही मैगी खाने से बच्चे बीमार पड़े, मसालों से पेट खराब हुआ, कोल्ड ड्रिंक पीने से पेट की आतें सूज गईं जैसी खबरें मीडिया में दिनोंदिन बढ़ रही हैं। कंपनियां जबसे बेलगाम हुई हैं, तभी से खाद्य पदार्थों में नक्कालों ने बिना डरे कब्जा कर लिया है। नकली प्लास्टिक चावल, गधे–घोड़े की लीद से जीरा बनाना अब आम बात है। दरअसल, इस तरह की खबरें लोगों को तभी पता चली हैं, जब ये गोरखधंधे कहीं न कहीं पकड़े गए।

जाली सामानों के सबसे हानिकारक रूपों में नकली दवाइयां प्रमुख हैं, जिनकी बिक्री अकेले एशिया से दक्षिण–पूर्व एशिया और अफ्रीका तक लगभग 1.6 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष है। अब कंपनियां नकली माल के अलावा धड़ल्ले से उत्पादों की कीमतें भी बढ़ाती हैं और अनुसंधान और विकास में अधिक निवेश करती हैं। कुल मिलाकर हर परिस्थितियों से वे निपटना जान चुकी हैं। ऐसे में आमजन को ही सतर्क होना होगा, ब्रांडों की सत्यता–वास्तविकता खुद से परखनी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



### बरसो न बादल

डॉ. राजीव डोगरा
जनयानकड़, कांगड़ा

*घनघोर बादल कहां हो?*
*मानव दानव के लिए न सही*
*पर इस धरा के लिए सही*
*सब की प्यास बुझा दो।*
*तप्त ऊष्मा से*
*मुझरा रही जो*
*प्रकृति रूपसी*
*उसको जरा*
*अपने सीतल स्पर्श से*
*सहला दो।*
*जीव–जंतुओं के*
*सूख रहे जो कंठ हैं*
*सूर्य की तप्त किरणों से*
*उनको जरा अपने नभ के*
*शीतल जल से तृप्त कर दो।*

# हिट एंड रन मामलों पर अंकुश लगाने को एआई तकनीक होगी कारगर

पुणे हिट एंड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपित को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देशव्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया, वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं, बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा।



लेखक : ऋतुपर्ण दवे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आरोपित की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलब्ध है, तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है, लेकिन दोष–निर्दोष और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए, प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24–24 वर्ष के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे, लेकिन दुर्घटना उपरांत पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं, बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है, जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने को कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा, जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किलोमीटर की रफ्तार सड़क पर चला नहीं, उड़ा रहा था? आखिर दो बेकुसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं, उसका पिता भी बराबर का हिस्सेदार है! ऐसे हिट एंड रन देश में चर्चाओं में रहते हैं। दो–चार दिन हो–हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं, लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं, क्योंकि वे रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है, जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 वर्ष के नाबालिग औलाद ने अक्तूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला।

कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया, जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी, तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा, लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6–7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं, लेकिन पुलिस का रवैया अलग–अलग विचारणीय है? पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपए का जाम छलकाया, जिसके सुबूत भी मिले, लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट नेगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढहाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियां उड़ाने वाले सवालों की श्रृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया।

महज 1,758 रुपए की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा, लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फर्राटे भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एंड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं, जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं।

उन्नत तकनीक का दौर है। गांव–गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेंड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़–भाड़ वाली जगहों पर वक्त–बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके।

पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी और जांची जाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा। ऐसी निगरानी का भरपूर प्रचार हो ताकि सड़कों पर सबको पता हो कि वे तकनीक के जद में हैं। यकीनन संजय रूपी तीसरी आंख बिना भेदभाव काम करेगी जिसकी जद में सब होंगे तो क्या राजा, क्या रंक सबको अपनी हदों या औकात का पता होगा। लगता नहीं कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं या हिट एंड रन को रोकने के लिए यही सस्ता, प्रभावी और निष्पक्ष उपाय ही कारगर हो सकता है?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारत सबके कल्याण की कामना करने वाला देश

मीडिया का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक के साथ अब सोशल मीडिया की भी बाढ़ है, लेकिन यह सब तभी तक सार्थक है, जब तक इनके सामाजिक सरोकार भी हैं। इसके निर्वाह के लिए भारतीय संस्कृति के प्रति आग्रह आवश्यक है। भारत में देवर्षि नारद ने ही पत्रकारिता का प्रादुर्भाव किया था। उनके चौरासी सूत्र आधुनिक पत्रकारिता के संदर्भ में भी प्रासंगिक हैं। उनकी हर बात आज की मीडिया पर न केवल लागू होती है, बल्कि उन पर अमल से मीडिया को आदर्श रूप दिया जा सकता है, लेकिन आधुनिक वामपंथी खेमे पत्रकारों ने भारतीय संस्कृति की घोर अवहेलना की।

उदारीकरण और वैश्वीकरण ने नया संकट पैदा किया है, ऐसे में राष्ट्रवादी पत्रकारिता के महत्व को बनाए रखने की चुनौती है। इसमें धीरे–धीरे सफलता भी मिल रही है। देश इस समय आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। यह संयोग है कि इस दौरान राष्ट्रवादी विचार से प्रेरित अनेक संगठन व संस्थान भी अपना अमृत वर्ष मना रहे हैं। कुछ समय पहले विद्यार्थी परिषद द्वारा अपनी स्थापना के सात दशक होने पर ध्येय यात्रा पुस्तक का लोकार्पण नई दिल्ली में किया गया। राष्ट्र भाव की पत्रकारिता के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करते हुए लोगों तक गुणवत्तापूर्ण समाचार प्रेषित करना आवश्यक है। भारतीयता को विशेष महत्व देते हुए सत्य, संवाद और सेवा को अपना ध्येय बनाना होगा। वर्तमान समय में पत्रकारिता कई चुनौतियों का सामना कर रही है। प्रिंट, विजुअल और डिजिटल मीडिया के साथ ही लोगों का दृष्टिकोण बदला है। इन चुनौतियों का सामना करते हुए हुए राष्ट्रवादी पत्रकारिता प्रगति करेगी। पत्रकारिता को धर्म मानकर काम करने वाले ही सफल होते हैं।



लेखक : डॉ. दिलीप अग्निहोत्री
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राष्ट्रवादी पत्रकारों ने इसी विचार के अनुरूप कार्य किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदर्श अपेक्षित हैं। उनके पालन से ही समाज व राष्ट्र का हित सुनिश्चित होता है। इन आदर्शों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए। समाचार संप्रेषण में स्पष्टता व गुणवत्ता रहनी चाहिए। इससे प्रामाणिकता कायम होती है, साथ ही समाज का भी कल्याण होता है। इसी के आधार पर देश का लोकतंत्र स्वस्थ बना रहेगा। देश के लोकतंत्र का स्वस्थ बने रहना समग्र विकास के लिए आवश्यक शर्त है। समाज जागरूक होकर सही दिशा में चलता है, तभी लोकतंत्र सफल होता है। इसी धारणा से कार्य करना चाहिए। आज ऐसी ही ध्येयवादी पत्रकारिता की आवश्यकता है। आज के समय में यह भूमिका और भी अधिक बड़ी हो जाती है। आने वाले समय में भारत का सटीक और सही चित्रण विश्व पटल में रखने की बड़ी भूमिका निभानी होगी।

वस्तुतः भारतीय पत्रकारिता का वामपंथी विचारों ने नुकसान किया है। इसके लिए वामपंथियों ने अपना स्वरूप भी बदला है। कार्ल मार्क्स ने आर्थिक आधार समाज की व्याख्या की थी। उसने समाज को दो वर्गों में बांटा था। पहला पूंजीपति और दूसरा सर्वहारा। पूंजीपति सदैव सर्वहारा का शोषण करता है। दोनों में संघर्ष चलता रहता है। यह वामपंथियों, मार्क्सवादियों, माओवादियों, नक्सलियों का मूल चिंतन रहा है। इसमें अनेक बदलाव भी होते रहे। भारत के वामपंथियों ने मीडिया में अपना सांस्कृतिक विचार चलाया है। इसमें मार्क्स का आर्थिक चिंतन बहुत पीछे छूट गया। पूंजीपति और सर्वहारा की बात बंद हो गई। उन्होंने हिंदू और मुसलमानों की बात करना शुरू कर दी, लेकिन वर्ग संघर्ष के चिंतन को बनाए रखा। ये कथित प्रगतिशील पत्रकार हिंदू और मुसलमानों के संघर्ष की रचना करने लगे। इन्होंने यह मान लिया इनका वर्ग संघर्ष चलता रहेगा।

वामपंथी रुझान वाले यहीं तक सीमित नहीं रहे। उन्होंने सवर्ण और दलित के बीच भी वर्ग को हवा देना शुरू किया। वामपंथी रुझान की पत्रकारिता ने हिंदुओं के विरोध को अपना पैशन बना लिया। वर्ग संघर्ष के सिद्धांत पर उन्होंने यह विचार फैलाया कि हिंदू शोषक और मुसलमान शोषित हैं, इसीलिए पश्चिम बंगाल और केरल की राजनीतिक हिंसा उन्हें दिखाई नहीं देती, किंतु कुछ लोग मजहब के आधार पर समाज विरोधी कार्य करें, यह कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करें, तो इसे भगवा आतंकवाद के रूप में प्रसारित किया जाता है।

स्वतंत्रता के बाद से ही वामपंथी विचारकों को लेखन के लिए प्रोत्साहित किया गया। उनके द्वारा बनाए गए पाठ्यक्रम को शिक्षा में चलाया गया। इसमें भारत के प्रति हीन भावना का विचार था। प्राचीन भारतीय विरासत को खारिज किया गया। यह पढ़ाया गया कि विदेशी शासन ने भारत को सभ्य बनाया, जबकि वे स्वयं सभ्यताओं के संघर्ष करने वाले लोग थे। भारत तो सबके कल्याण की कामना करने वाला देश रहा है। 'विचारों में विभिन्नता और उनका सम्मान' यह पत्रकारिता का मूल सिद्धांत है अर्थात वास्तविकता (पूर्ण सत्य) की अनुपस्थिति घातक है। समाचार में सत्य की अनुपस्थिति नहीं होनी चाहिए। पूर्ण जानकारी प्राप्त करके ही समाचार प्रकाशन करना चाहिए। देवर्षि नारद का उद्देश्य लोक कल्याण ही रहा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### चुनाव संबंधी दूसरा पूर्वाभ्यास आयोजित



**करसोग।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए चुनाव संबंधी दूसरा पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय करसोग में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम करसोग राज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस दूसरे पूर्वाभ्यास में 588 पीआरओ, एपीआरओ और पीओ ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि करसोग विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 2 मतदान केंद्र पूर्णतया महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित किए जाने है, जिनमें कुल 16 महिला कर्मचारी भाग लेंगी।

### मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल संपन्न



**जोगिंद्रनगर।** मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल सम्पन्न हो गई। इस चुनावी रिहर्सल में जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले 744 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। इस बात की पुष्टि करते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल को राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर के प्रांगण में पूरी हुई।

### मतदान कर्मी ईमानदारी से करें कार्य : सुरजीत



**पधर।** चुनाव संबंधी दूसरा पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय द्रंग स्थित नारला में सहायक रिटर्निंग अधिकारी व एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। एसडीएम ने कहा कि पीआरओ, एपीआरओ और पीओ को चुनाव के दौरान उनको सौंपे गए कार्यों का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करना चाहिए। नायब तहसीलदार इलेक्शन राजेश जोशी ने दूसरे पूर्वाभ्यास में रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित हुए।

### कर्मी पोस्टल बैलेट पेपर से कर सकते हैं मतदान



**सरकाघाट।** अधिकारियों व कर्मियों का दूसरा चुनावी पूर्वाभ्यास राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में संपन्न हुआ। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि 671 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया जिनमें 220 पीठासीन अधिकारी, 167 सहायक पीठासीन अधिकारी तथा 284 पोलिंग अधिकारी मौजूद रहे। पूर्वाभ्यास में सहायक निर्वाचन अधिकारी स्वाति डोगरा ने जानकारी दी। चुनावी ड्यूटी पर तैनात कर्मी अपना वोट आज पोस्टल बैलेट पेपर द्वारा कर सकते है।

### मतदान कर्मियों को दी ईवीएम की जानकारी

**सुंदरनगर।** लोकसभा चुनाव के लिए सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से तैनात पुरुष तथा महिला मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल का पहला चरण सम्पन्न हो गया। इस चुनावी रिहर्सल में सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखने वाले लगभग 500 मतदान कर्मियों ने भाग लिया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में मतदान करवाने में पोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रहती है। इस दौरान मतदान कर्मियों को ईवीएम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### मतदान करवाने में पोलिंग पार्टी की अहम भूमिका



**गोहर।** नाचन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से तैनात मतदान कर्मियों की दूसरी चुनावी रिहर्सल संपन्न हुई। इस चुनावी रिहर्सल में 572 मतदान कर्मियों तथा 14 सेक्टर अधिकारियों ने भाग लिया। तीसरी चुनावी रिहर्सल आगामी 29 मई को आयोजित की जाएगी। दूसरी चुनावी रिहर्सल आज खयोड़ मेला मैदान में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में मतदान करवाने में पोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रहती है।

### 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का हुआ समापन

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में गायत्री परिवार की और से शुक्रवार को जिला संयोजक सोमेंद्र सिंह ने कहा शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन कालीमाता मंदिर परिसर में 21 से 24 मई तक किया गया। इस दौरान शुक्रवार को कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर गायत्री परिवार जोगिंद्रनगर के सदस्यों ने भाग लिया और काली माता मंदिर परिसर में सामूहिक रूप से गायत्री परिवार के सदस्यों के द्वारा पूर्ण आहुति डाली गई।

## घर से किया मतदान



सकीना बीबी, 99 वर्ष मतदान केंद्र ऊपरली गागल



भूरी सिंह, 98 वर्ष मतदान केंद्र त्रैम्बली।



प्रभी देवी, 97 वर्ष गांव रैंस बसोना।



रिखेश्वर, 95 वर्ष गांव सतेन।



हिम्मत राम, 95 वर्ष गांव कोटला।



सवरनू, 95 वर्ष गांव बनारू



जै देवी 93 वर्ष गांव परसल



दौलत सिंह, 93 वर्ष गांव परसल



जगरनाथ 92 वर्ष गांव योरा

# भरमौरी परिधानों में आया दल बना आकर्षण का केंद्र

## शेड्यूल के मुताबिक जाने के समय पर आए मोदी, लोगों को करना पड़ा इंतजार

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

प्रधानमंत्री मोदी की मंडी में चुनावी रैली के दौरान मुख्य पंडाल के अलावा और भी बहुत कुछ चलता रहा। कांगणी हेलीपैड पर मोदी का हेलीकॉप्टर लगभग पौने दो बजे लैंड हुआ और 10 से 15 मिनट के बाद गाड़ियों का काफिला पड्डल पहुंचा।

हालांकि पिछली बार मोदी की एंट्री खेल विभाग के कार्यालय के पास वाले गेट से करवाई गई थी जबकि इस बार वल्लभ राजकीय महाविद्यालय के गेट से गाड़ियों का काफिला भीतर गया। जैसे ही यह काफिला कॉलेज गेट के पास पहुंचने ही वाला था कि एक कुत्ता बीच सड़क में दौड़ने लगा तो पुलिस के होश फाकता हो गए। इस दौरान यहां सड़क पर आवाजाही जब बंद कर दी गई तो तीन छोटी-छोटी स्कूली बच्चियां डर कर रोने लगी तो फिर उन्हें जाने दिया गया।

लोग सुबह से ही दूर-दूर से पड्डल मैदान में पहुंचना शुरू हो गए थे। लगभग 12:00 बजे जब आगंतुकों की संख्या लगातार बढ़ रही थी तो थोड़ी देर के लिए कुछ गेट बंद कर दिए गए। इसी दौरान लगभग साढ़े चार सौ किलोमीटर दूर चंबा जिला के भरमौर से पारंपरिक उनी परिधानों में आया दल आकर्षण का केंद्र बना रहा।



रैली में भाग लेने के लिए भरमौर से मंडी पहुंचे पारंपरिक परिधान पहने लोग।

### आधे से ज्यादा झंडे बोरियों में ही रह गए बंद

**वहीं** छोटा पड्डल मैदान में प्रविष्ट होते ही भाजपा के झंडे का स्टोर और पानी की बोतलों का भंडार भरा पड़ा था, लेकिन आधे से ज्यादा झंडे ढेर और बोरियों में ही बंद रह गए।

बता दें कि पंडाल के अंदर पानी की बोतले ले जाने की मनाही थी और सुरक्षा द्वार पर ही बोतलों, पेन जब्त कर ढेर लगा दिए गए और पंडाल में लोग पानी को तरसते रहे। वहां से पानी की बोतलों की बाहर को सप्लाई से आगंतुकों की प्यास बाहर ही बुझती रही।



### कलाकारों ने डाली नाटी

उल्लेखनीय है कि सुरक्षा द्वार पर लगभग डेढ़ दर्जन मेटल डिटेक्टर लगाए गए थे। इसी दौरान मुख्य पंडाल में नेताओं के भाषण चल रहे थे तो प्रवेश द्वार के भीतर पंडाल के पीछे कुछ कलाकारों ने नाटी डाली।

जो लोग पंडाल के भीतर चले गए थे वह तो धूप से बच रहे थे लेकिन बहुत से लोग पंडाल के बाहर भी कड़कती धूप में खड़े रहे। यही नहीं पड्डल स्टेडियम की पौड़ियों पर भी बहुत से लोग चिल चिल्लाती हुई धूप में मोदी का भाषण सुना।

### वाहनों की लंबी कतारें

**उधर** दूसरी ओर मंडी शहर से यातायात की आवाजाही को दुरुस्त रखने के लिए फोरलेन टनल से यातायात को डायवर्ट किया गया था लेकिन क्योंकि यह अभी तक सही रूप से तैयार नहीं था। ऐसे में वहां भी वाहनों की लंबी-लंबी कतारें देखी गई।

# मोदी ने काजा प्रकरण की हवा का रुख मोड़ने को चलाए शब्दबाण

**अनिल शर्मा, मंडी**

मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने करिश्माई भाषण से डैमेज कंट्रोल करते हुए अपने तरकश से कांग्रेस पर चुन चुन कर शाब्दिक बाण चलाए। पहला शाब्दिक वाण उन्होंने बौद्ध गुरु दलाई लामा का नाम लेकर चलाया, जिसका उद्देश्य काजा प्रकरण से उड़े बवंडर की हवा को बदलना था।

दूसरा शाब्दिक वाण कार्यकर्ताओं को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि आप मेरा व्यक्तिगत कार्य करेंगे, तो कार्यकर्ताओं ने हामी भर दी। पीएम मोदी बोले कि मंडी संसदीय क्षेत्र में जितने भी मंदिर हैं आप उनमें जाकर मेरे लिए नहीं, विकसित हिमाचल के लिए माथा टेकें। गौर हो कि हाल ही में विक्रमादित्य ने ऐसा ब्यान देकर हलचल मचा दी थी कि कंगना रनौत जिस भी मंदिर में जाती है, उसकी शुद्धि करवानी पड़ेगी, जब मीडिया ने इस पर स्पष्टीकरण चाहा तो उन्होंने देव समाज की चिंता की बात कह दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की सरकार इतनी डरपोक थी कि दलाई लामा का नाम लेने से भी डरती थी। बौद्ध अनुयायी दलाई लामा के दर्शन करने आते हैं। हिमाचल में बौद्ध पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होती है। मोदी ने कार्यकर्ताओं का जयराम ठाकुर के प्रति आकर्षण देख उन्हें मित्र कहा, जिससे एक अच्छा संदेश क्षेत्रवासियों में गया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने सुप्रिया श्रीनेत का नाम लिए बिना कहा कि मंडी का अपमान करना कांग्रेस की पुरानी आदत है।

### बेटियों की कामयाबी की गारंटी मेरी

मोदी ने इस बार सेपू बड़ी, बदाने रा मीठा आदि बोलने से परहेज कर कहा कि यह धरती चिंतपूर्णी, ज्वाला और भीमाकाली की भूमि है। गौर हो कि मंडी में चिंतपूर्णी मंदिर की बात करना मंडी के कई समुदायों को आकर्षित करना था। महिला शक्ति की अधिक संख्या को देखते हुए उन्होंने कहा कि आप अपनी बेटियों को खूब पढ़ाए, उन्हें खुला माहौल दें, उनकी कामयाबी की गारंटी मोदी की है।

## मंडी में केवल कांग्रेस की माला जपते रहे मोदी : एनके पंडित

**मंडी।** मंडी में प्रधानमंत्री मोदी की रैली में केवल कांग्रेस की माला जपते रहे नरेंद्र मोदी यह शब्द मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एन के पंडित ने प्रेस में जारी एक ब्यान में कहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मंडी के पड्डल मैदान में महंगाई और बेरोजगारी पर जुबान नहीं खोल पाये। जबकि कांग्रेस ने पक्की नौकरी देने का वायदा किया है।

उन्होंने कहा कि पड्डल मैदान में जितनी भीड़ नहीं उमड़ी जितनी बीजेपी को उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा की अब बीजेपी एक डूबता हुआ जहाज है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वो पार्टी है एक तरफ चश्मा दान करती है तो दूसरी ओर आँखे छीन लेती है। उन्होंने कहा कि अब नरेंद्र मोदी शाम को ढलने वाला सूरज है।

## रैली के कारण यात्री हुए परेशान

**मंडी।** प्रधानमंत्री मोदी की मंडी के पड्डल मैदान में हुई चुनावी रैली हर रोज बसों में आने जाने वालों के लिए भारी परेशानी का सबक बनी। लोग सड़क किनारे बसों का इंतजार करते रहे। बसें निर्धारित रोड पर नहीं पहुंची। खास कर मंडी के आसपास के ग्रामीण लोगों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। सबसे ज्यादा परेशानी कांगणी हेलीपैड पर प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर लैंड होने के चलते मझवाड़, कीपड़,निहालग भरौण, दुदर की तरफ से मंडी आने वालों को उठानी पड़ी क्योंकि कंगनी के पास सड़क पर पैदल व वाहनों पर चलने की मनाही थी।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ बल्कि जब भी इस हेलीपैड पर वीवीआईपी या वीआईपी मुवमेंट होती है तो यह हर बार की ही समस्या है। इन गांवों के लोगों ने मांग की है कि ऐसे मौकों पर उन्हें शहर पहुंचने के लिए वैकल्पिक सड़क का निर्माण किया जाए।

## शिकारी धार से रिवालसर झील का नजारा



शिकारी धार से कुछ यूं दिखता है रिवालसर झील और शहर का नजारा। जो बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बता दें कि रिवालसर तीन धर्मों का केंद्र है, जहां हिंदू, सिख और बौद्ध अनुयायी पवित्र झील में स्नान कर पुण्य लाभ लेते हैं।

# मुनीष शर्मा ने किया विक्रमादित्य को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान



समर्थन का ऐलान करते हुए मुनीष।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

नबाही वार्ड के जिला परिषद सदस्य व पिछले विधानसभा चुनाव में सरकाघाट चुनाव क्षेत्र से आजाद प्रत्याशी चुनाव लड़े मुनीष शर्मा ने अपने समर्थकों सहित मंडी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया है।

मुख्यमंत्री सुक्खू सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला कर रहे हैं और जनता के साथ किए वायदों पर खरा उतर रहे हैं। विक्रमादित्य सिंह एक मजबूत उम्मीदवार हैं जोकि मंडी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करने में सक्षम हैं ।

## सड़क हादसे में चार वर्षीय बच्चा घायल

**कविता, पधर**

पधर-बल्ह राजमार्ग में बल्ह के समीप एक मारुति कार अनियंत्रित होकर सड़क से लगभग पचास फुट नीचे लुढ़क गई। इस घटना में चार वर्षीय रिहान जख्मी हुआ।

जानकारी अनुसार रोपा गांव निवासी गोबिंद राम, उसका छोटा भाई धर्मपाल, मीना पत्नी धर्मपाल और चार वर्षीय बेटा रिहान पुत्र धर्मपाल अपनी कार नंबर एचपी 29ए 0413 में सवार होकर पधर आ रहे थे की कार ब्रेक न लगने से सड़क से लगभग पचास फुट नीचे उतर गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कार में सवार सभी लोगों को सिविल अस्पताल पधर पहुंचाया।



हादसे में घायल बच्चा।

जन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। वहीं चार वर्षीय रिहान का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पधर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना के कारणों की छानबीन शुरू की है। मामले की पुष्टि डीएसपी दिनेश कुमार ने की है।

# दो दिन से गलियों से नहीं उठाया कूड़ा

**पुष्पराज, मंडी**

मंडी शहर में जहां प्रधानमंत्री मोदी की रैली का आयोजन मंडी के पड्डल मैदान में हुआ, वहीं नगर निगम के सफाई कर्मियों को भी भारी समस्याओं से जूझना पड़ा। शहर के कई वार्डों में कूड़ा घरों के बाहर ही रह गया, लेकिन कूड़े वाले कूड़ा उठाने के लिए पहुंच ही नही पाए। शहर के शुहड़ा मोहल्ला की कुछ गलियों में कूड़ा दरवाजे के बाहर ही रह गया और सफाई कर्मचारियों की सिटी सुनाई ही नही दी।

सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया ने बताया कि रैली के कारण सफाई कर्मियों को पड्डल मैदान में तैनात किया गया है, जिससे कूड़े उठाने में थोड़ा समय लग, जाएगा लेकिन शाम तक कूड़ा शहर से उठा लिया जाएगा।



दरवाजे के बाहर रखा कूड़ा।

वहीं अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम मंडी विकाश शर्मा ने बताया कि 2 दिन के लिए सफाई कर्मियों को अगल-अगल जगह तैनात किया गया है। जिस कारण थोड़ी असुविधा रहेगी। शनिवार से कूड़ा सही तरीके से उठाना शुरू कर दिया जाएगा।

# सुंदरनगर में 133 मतदाताओं ने डाला वोट

**अनंत ज्ञान,सुंदरनगर,गोहर,जोगिंद्रनगर**

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचन क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग और दिव्यांग मतदाताओं से घर पर ही मतदान करवाया जा रहा है जिसके लिए 27-सुंदरनगर निर्वाचन क्षेत्र में 12 मोबाइल पोलिंग टीमों का गठन किया गया है जो सभी चिन्हित मतदाताओं से घर-घर जाकर मतदान करवा रही है।

उन्होंने बताया कि सभी मोबाइल पोलिंग टीमों ने तीसरे दिन यानि 23 मई को चिन्हित आवेदकों के घर पहुंचकर 133 मतदाताओं से मतदान करवाया।



मतदान के दौरान बुजुर्ग के साथ पोलिंग टीम व अन्य।

**वहीं** सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि तीसरे दिन 23 मई को चिन्हित आवेदकों के घर पहुंच कर 101 मतदाताओं से मतदान करवाया ।

इसके साथ ही जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 21 मई से 23 मई तक अब तक 699 पात्र मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर लिया है। जिसमें 636 वरिष्ठ तथा 63 दिव्यांग मतदाता शामिल है।

# बड़सर में 421 कर्मचारियों ने किया मतदान

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

लोकसभा आम चुनाव तथा विधानसभा उपचुनाव की प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए एक जून 2024को होने वाले मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारीयों तथा कर्मचारियों के लिए दूसरे दौर की चुनावी रीहर्सल राजकीय बरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़सर में आयोजित की गयी। इसमें 570 के करीब कर्मचारियों ने भाग लिया। चुनावी ड्यूटी पर तैनात होने वाले इन सभी कर्मचारियों को सर्वप्रथम सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम राजेंद्र गौतम चुनाव से सम्बन्धित आवश्यक जानकारियां तथा दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान स्कूल परिसर में दो मतदान सुविधा केंद्र स्थापित किए गए थे जिसमें 421कर्मचारियों ने मतदान किया। इस दौरान सभी अबश्यक सुविधाएं मतदाताओं को उपलब्ध कारवाई गयीं। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले 85वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं की मतदान प्रक्रिया 22 मई से शुरू है और 26मई तक जारी रहेगी।अब तक 659 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता अपने मत का प्रयोग कर चुके हैं।

## विडंबना — दानी सज्जनों की ओर से भेंट किए कूलर बने शोपीस

# भीषण गर्मी में नगर निगम के वॉटर कूलर खराब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्कूल बाजार में वॉटर कूलर खराब होने का मामला नगर निगम के ध्यान में लाने के बाद कनेक्शन देकर उसमें पीने के पानी का जुगाड़ तो कर दिया गया लेकिन इस बहाने शहर में खराब अनेक वॉटर कूलरों गिनती हो गई। हालांकि कुछ शहरियों का तो कहना है कि लगभग एक दर्जन से ज्यादा वाटर कूलर शहर में खराब पड़े हुए हैं। एक जागरूक शहरी नीरज हांडा के अनुसार भरपूर गर्मियों में लगभग एक दर्जन कूलर खराब पड़े हुए हैं।

उन्होंने सवाल उठाया कि अगर गर्मियों में ये ठीक नहीं होंगे तो फिर कब ठीक होंगे ? उन्होंने नगर निगम की कार्य प्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जरूरत है ठंडे पानी की तभी ठीक होने चाहिए अन्यथा बाद में कूलरों को ठीक या स्थापित करने से क्या फायदा।

बता दें कि कुछ दानी सज्जनों द्वारा नगर निगम को कुछ कूलर भेंट किए हैं, लेकिन इनमें रखरखाव की कमी के चलते हुए यह शोपीस बनते जा रहे हैं। शहर के सबसे पुराने राजकीय विजय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय के गेट के बाहर फुटपाथ पर स्थापित वाटर कूलर बहुत लंबे समय तक खराब रहने के बाद हालांकि हाल ही में चालू करवा दिया गया, लेकिन केसरी पुल के पास पुरानी मंडी, समखेतर बाजार, सेरी बाजार और एकादश रुद्र मंदिर के पास स्थापित किए गए वाटर कूलर खराब हालत में हैं।

### शहर के लगभग एक दर्जन कूलर हैं खराब

तपती धूप में इनके पास से गुजरने वाले राहगीर ठंडे पानी की तृप्ति केवल उस ओर नजर घुमा कर ही देखते हैं।



खराब पड़ा हुआ कूलर।

"इन सभी वाटर कूलरों को या जहां भी अन्य स्थानों पर आवश्यकता होगी उनकी मुरम्मत कर इन्हें सार्वजनिक तौर पर ठंडे जल के उपयोग के लिए चालू कर दिया जाएगा।
-वीरेंद्र भट शर्मा, महापौर, नगर निगम मंडी।"

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं विशाल ठाकुर** पुत्र सेवानिवृत्त हवलदार (ओपीआर) बलदेव सिंह आर्मी नंबर 15768662A गांव लुधियाना, डाकघर पैहड़ तह सरकाघाट (धर्मपुर) जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम विशाल से बदलकर विशाल ठाकुर कर लिया है, सम्बंधित नोट करें।

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

**Format C-I**

*( for candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: **NARENDER KUMAR**

Name of political party: **RASHTRIY DEV BHUMI PARTY**

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election: **LOK SABHA**

*Name of Constituency: **2 MANDI**

I NARENDER KUMAR (name of candidate) a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A)** Pending Criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | JMFC COURT NO.2 MANDI | P.C. NO. 129/19 | Evidence | 341, 323, 506 I.P.C. |

Date: 22/6/2019

**(B)** Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed** |
|---|---|---|---|
| | | N/A. | |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs. mention the election concerned in place of name of constituency

10

## न्यूज ब्रीफ

### ईवीएम का कमिशनिंग संबंधी कार्य आरंभ : मुकेश

**चंबा।** लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम संबंधी कमिशनिंग का कार्य आरंभ कर दिया गया है यह प्रक्रिया 25 मई 2024 तक जारी रहेगी। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी। जिला चंबा में कुल 631 मतदान केंद्र हैं जिनमें चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 123, भरमौर (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 152, चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 122, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 113 तथा भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 121 मतदान केंद्र हैं।

### 26 मई को होगी साइकिल रैली : मुकेश रेपसवाल

**चंबा ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार हिमाचल प्रदेश के 10 जिलों में मतदाता जागरुकता को लेकर साईकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन चंबा द्वारा भी 26 मई को जिला मुख्यालय में साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चम्बा मुकेश रेपसवाल ने देते हुए बताया कि इस साइकिल रैली के आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना और आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता में वृद्धि करना है।

उपायुक्त ने बताया कि यह साइकिल रैली 26 मई को सुबह 7 बजे मिलेनियम गेट चम्बा से आरंभ होगी, जिसमें प्रतिभागी भरमौर चौक, मुगला होते हुए करीयां तक जाएंगे। प्रतिभागियों के वापस मिलेनियम गेट पहुंचने पर साइकिल रैली संपन्न होगी, जहां सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला चम्बा में स्वीप गतिविधियों के तहत मतदान को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने जिला वासियों से 1 जून 2024 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान करने का आह्वान भी किया है।

# भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने संभाला मोर्चा

## 28 मई को ऐतिहासिक चौगान चंबा आएंगी प्रियंका गांधी

**एमएम डैनियल ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश राज्य में प्रचंड गर्मी के साथ ही अब सियासी पारा भी चढ़ना आरंभ हो गया है। पड़ोसी राज्यों में छठे चरण का चुनाव थमते ही भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेताओं ने हिमाचल प्रदेश राज्य का रूख कर लिया है। जिसका आगाज भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया वहीं प्रधानमंत्री मोदी व गृहमंत्री अमित शाह ने इन दिनों जहां मोर्चा संभाला हुआ है।

वहीं इसका जवाब देने के लिए कांग्रेस पार्टी ने भी कमर कसते हुए 27 मई से लेकर 30 मई तक दिग्गज नेताओं को चुनाव प्रसार-प्रचार मैदान में उतराने की तैयारियां पूर्ण कर ली है। हिमाचल प्रदेश में आखिरी चरण में 1 जून को मतदान होना है, जिसमें प्रदेश के दोनों बड़े दलों भाजपा और कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के दिग्गज नेता चुनाव प्रचार की डोर थाम ली है।

गौर हो कि चंबा-कांगड़ा



संसदीय क्षेत्र सीट के लिए जहां भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ऐतिहासिक चौगान चंबा में विशाल सभा कर विपक्ष को आड़े हाथों लेने सहित जनता को आगामी पांच वर्षों में राशन से लेकर अन्य सुविधाएं मुहैया करवाने के कई प्रोबन दिए। वहीं कांग्रेस द्वारा कुछ दिनों इस दिशा में शांति रखने के बाद भाजपा को उसी ऐतिहासिक चौगान से पलट जवाब देने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा का दौरा रखा है। प्रियंका गांधी वाड्रा का हिमाचल में 27 से 30 मई तक प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 9 चुनावी जनसभाएं होंगी।

### जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की करेंगी अपील

**प्रियंका** गांधी 27 मई को गगरेट में राकेश कालिया और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विवेक शर्मा के लिए अलग-अलग दो जनसभाएं करेंगी। इन दोनों सीटों पर विधानसभा के लिए उपचुनाव हो रहे हैं। इस दौरान कांग्रेस महासचिव हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा के लिए भी वोट मांगेगी। जबकि 28 मई को प्रियंका की चंबा व कांगड़ा के चंबी में लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा व हमीरपुर के बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विधायक पद के उम्मीदवार सुभाष के लिए अलग-अलग 3 चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करेंगी। चुनाव के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की यह स्टार प्रचालक रैलियां चुनाव में अहम मानी जा रही है। जिसके क्या परिणाम रहेंगे यह तो 4 जून को मतगणना के पश्चात ही ज्ञात होगा। फिलहाल देश व प्रदेश की दोनों दिग्गज पार्टियों द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार के अंतिम दौर में पूणताकत झौंक दी है।

### भाई के बाद बहन आएगी चंबा

**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष राहुल गांधी के 2017 में चंबा में ऐतिहासिक चौगान में विशाल रैली के पश्चात अब उनकी बहन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शिव भूमि में अपने पैर रख चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के लिए चुनाव प्रचार करेगी। राहुल गांधी की चुनावी रैली से कांग्रेस पार्टी को तत्काल कोई सार्थक परिणाम प्राप्त नहीं हुए, लेकिन अब देखना यह है भाई के बाद बहन का ऐतिहासिक चंबा चौगान में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा पर क्या प्रभाव पड़ता है।लोस चुनावी समीकरण क्या रंग लाते है।

# व्यापार मंडल भरमौर की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



व्यापार मंडल भरमौर की जनरल हाउस बैठक की तस्वीरें।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

व्यापार मंडल भरमौर की जरनल हाऊस की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य देशराज शर्मा ने की।

बैठक में प्रधान रंजीत शर्मा ने मौजूद सदस्यों की सहमति कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष आजाद जरियाल, कालु शर्मा, तिलक शर्मा, मदन पखरेटिया, सतपाल, शांता व नीरज महाजन को चुना गया।

उप प्रधान पद के लिए विवेक ठाकुर, किशोरी, संजय कपूर, पवन पटियाल, शुभंम नांगला, रजिंद्र शर्मा , विजय कुमार व संजय गरीमा को चुना गया।

सह सचिव पद के लिए शुभी पंडित, मिलाप पटियाल, विरेन्द्र शर्मा, सुभाष कुमार, अरविंद कुमार, रविन्द्र दंदवा को चुना गया। वरिष्ठ कोर कमेटी में टेक चंद्र ठाकुर, जैसी राम ठाकुर, हरिशरण शर्मा, देश राज, विनोद शर्मा व नरेश वर्मा को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में मदन ठाकुर, सुरजीत, राकेश पटियाल, अमित, ओमी, संतोष, बिंदू, पप्पू , सोनू, विनोद, मदन, कुलदीप, शिवम, सुभाष, पवन, अर्जुन, संतोष, मुन्ना आदि को चुना गया।

जिला कार्यकारिणी के लिए सुरेश ठाकुर व नंद लाल को चुना गया है जबकि महासचिव महिंद्र पटियाल व सुमित ठाकुर पहले ही चुन लिए गए।

# अधिकारियों ने चुनाव के लिए किया पूर्वाभ्यास



अधिकारी चुनाव प्रक्रिया संबंधी जानकारी हासिल करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुरुष, महिला, दिव्यांग व युवा पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरे चुनाव पूर्वाभ्यास का आयोजन मिलेनियम बहुतकनीकी संस्थान चंबा सभागार में किया गया। दूसरे चुनाव पूर्वाभ्यास क दौरान एसडीएम चंबा अरुण शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के सफल एवं सुगम संचालन हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए चुनाव आयोजित करवाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

अधिकरियों को ईवीएम व वीवी पैट की प्रक्रिया संबंधित जानकारी दी। इसके बाद अरुण सेठ द्वारा एचपीपीडीएमएस का प्रशिक्षण दिया। इसके माध्यम से अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार से चुनाव के दिन मॉक पॉल से लेकर चुनाव समाप्त होने व चुनाव सामग्री जमा करवाने तक की जानकारी समय-समय पर ऑनलाइन भरी जानी है, ताकि सारे आंकड़े जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग तक पहुंच सकें।

# हिमाचल का संपूर्ण विकास नरेंद्र मोदी की गारंटी : जयराम

**मंडी ।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश का संपूर्ण विकास नरेंद्र मोदी की गारंटी है और हिमाचल समेत पूरा देश सिर्फ इसी गारंटी पर भरोसा करता है। पूरे देश ने तय कर लिया है कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार 400 से ज्यादा सीटों से प्रधानमंत्री बनाना है। जिसमें हिमाचल प्रदेश की चार की चार सीटों का सहयोग भी होगा।

जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री को देखने-सुनने और अपना समर्थन देने के लिए भारी संख्या में लोग आए। हर लिहाज से यह ऐतिहासिक रैली रही। हर विधानसभा क्षेत्र से हजारों हजार की संख्या में हर विधानसभा क्षेत्र से लोग पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना स्नेह दिखाया और समर्थन दिय। नरेंद्र मोदी के संबोधन से प्रदेश के कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ है। यह ऊर्जा हमें सभी सीटों पर चुनाव के जीत में ऐतिहासिक बढ़त दिलाएगी।

# पिकनिक मनाने हिमाचल पहुंच रहे कांग्रेसी नेता : महेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

कांग्रेसी नेता चुनावों में पिकनिक मनाने हिमाचल पहुंच रहे है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र धर्माणी ने यह बात शिमला आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नाहन और मंडी में उमड़ी हुई भीड़ और जनसैलाब देख ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जनता का स्नेह और आकर्षण निरंतर बढ़ता चला जा रहा है। कड़कती धूप में हजारों की संख्या में लोग मोदी को सुनने के लिए जिस प्रकार से उमड़े उससे यह साबित होता है कि प्रदेश की जनता मोदी के साथ चलने का संकल्प ले चुकी है।

देश और प्रदेश की जनता इन चुनावों के माध्यम से यह संदेश देगी कि वो भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र और दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कि चुनावों के विश्लेषण और अवलोकन यह बता रहे हैं कि मोदी का संकल्प अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार ही हैं। यह चुनाव देश का चुनाव है ये चुनाव राष्ट्रभक्तों और राष्ट्रविरोधी ताकतों के बीच में है। कांग्रेस हमेशा राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ खड़ी रहीं है। इतिहास इस बात का गवाह है और इंडी गठबंधन में घोर सांप्रदायिक सोच के लोग हैं और सांप्रदायिक आधार पर इस देश को बांटने और अल्पसंख्यकों के वोट प्राप्त करने के लिए तरह-तरह के हथकंडे समय-समय पर अपनाते हैं।

उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंग्रेस ओबीसी, दलित और गरीब विरोधी है। कलकत्ता हाइकोर्ट का निर्णय जिसमे मुस्लिम समुदाय और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की 77 जातियों को ओबीसी आरक्षण जिस प्रकार से दिया गया और जिसको कलकत्ता उच्च न्यायालय ने रद्द किया है वो ये साबित करता है कि अपने वोट की राजनीति के लिए किस प्रकार से इंडी गठबंधन इस देश के ओबीसी दलित और गरीब वर्ग का हक है धर्म और सांप्रदायिक आधार पर केवल और केवल अपने वोट के लिए देना चाहता है।

कांग्रेस हमेशा सनातन और राम विरोधी रही है। इस देश में अलगाववादी ताकतों के साथ राष्ट्र विरोधी ताकतों के साथ खड़े होना ये कांग्रेस हमेशा से करती आई है। आज पिछले 10 वर्षों में देश की बाह्य और आंतरिक सुरक्षा मजबूत हैं। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। एक वो भी समय था जब 1971 में इस देश की साहसी और जांबाज सैनिकों ने पाकिस्तान पर कब्जा कर लिया था और उसके हजारों सैनिकों को बंदी बना दिया था। उस समय कांग्रेस के नेतृत्व ने वार्ता के टेबल पर उनको छोड़ दिया और एक ये वक्त है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में 2019 में जब बालाकोट हुआ देश के प्रधानमंत्री ने घर के अंदर जाकरके घुसकर के मारा। ये दोनों सरकारों और पार्टियों की सोच और कर्म का अंतर हमको दिखता है।

# जिले में अब तक 1011 मतदाताओं ने डाला वोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



मुकेश रेपसपाल

लोकसभा चुनाव-2024 के तहत बुजुर्गों व दिव्यांगों के मतदान करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशनुसार अब तक जिले की सभी पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1011 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसपाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र चुराह के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 175, शारीरिक रूप से दिव्यांग 36 मतदाताओं ने मतदान किया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र भरमौर में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 139 व शारीरिक रूप से दिव्यांग 25 तथा आवश्यक सेवाओं में तैनात 5 सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी मतदाताओं ने मतदान किया है।

मुकेश रेपसपाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र चंबा के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 175 व शारीरिक रूप से दिव्यांग 31 मतदाताओं ने मतदान किया है।

इसी तरह डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 131 व शारीरिक रूप से अक्षम 56 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि विधानसभा क्षेत्र भटियात से संबंधित जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु वाले 176 व शारीरिक रूप से दिव्यांग 62 मतदाताओं ने मतदान किया है।

भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग, कोरोना पॉजिटिव तथा आवश्यक सेवाओं में तैनात सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर की सूची में शामिल किया गया है।

# टीबी रोगियों के प्रति भेदभाव करना है खत्म : विशाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद डॉक्टर व अन्य।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी चंबा के कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की विशेष मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विशाल महाजन की अध्यक्षता में की गई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जालम भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने बैठक में जिले के हर टीबी रोगी के परिणाम में सुधार के लिए टीबी केस अधिसूचना और अन्य संकेतकों पर समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए कि प्रत्येक ब्लॉक में टीबी के मामलों का जल्द पता लगाने के लिए हर स्वास्थ्य खंड से 2 से पांच टीबी चैंपियन होने ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री क्षय रोग निवारण योजना के तहत भरमौर तथा किलाड़ स्वास्थ्य खंड में इस योजना के तहत सीधा केंद्र तथा राज्य से शीघ्र ही बजट मिल जाएगा।

डॉ. महाजन ने बताया कि दवा विक्रेताओं तथा प्राइवेट प्रैक्टिशंरों की ट्रेनिंग खंड स्तर पर शीघ्र ही कर ली जाए तथा टीबी के बारे में जो जानकारी आशा वर्कर को है वह टीबी मरीज के फैमिली केयर गिवर को भी होना जरूरी है तथा निर्देश दिए कि सीएचओ तथा एमओ, पीएचसी स्तर से टीबी के लिय संदिग्ध केस के बलगम के नमूने जांच के लिए भेजें जाएं।

उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों के प्रति समाज में भेदभाव तथा कलंक को मिटाना और टीबी को खत्म करने के प्रति सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है।

# पोस्टल बैलेट पेपर से 79 कर्मियों ने किया मतदान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



एसडीएम भरमौर एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के तहत निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुगमता के साथ पूर्ण करने के लिए तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी कर्तव्य निष्ठा के साथ प्रक्रिया का निर्वहन करना सुनिश्चित बनाएं।

कुलबीर सिंह राणा आज विधानसभा क्षेत्र भरमौर के तहत सहायक पीठासीन अधिकारियों व पीठासीन अधिकारियों के लिए राजकीय महाविद्यालय भरमौर के नवनिर्मित सभागार में आयोजित द्वितीय पूर्वाभ्यास में बोल रहे थे। एसडीएम ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि ईवीएम, वीवीपैट के संचालन और मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी से सभी मतदान अधिकारी व कर्मचारी भली-भांति अवगत हों। इस दौरान पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से 79 कर्मियों ने मतदान भी किया।

कार्यक्रम के दौरान नायब तहसीलदार इलेक्शन सुनील शर्मा, विनोद कुमार, रवि शर्मा सहित और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विक्रमादित्य के लिए ठाकुर सिंह ने मांगे वोट

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



प्रचार के दौरान मौजूद कार्यकर्त्ता।

विधानसभा क्षेत्र भरमौर में कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की जीत को सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इस कड़ी में शुक्रवार को पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी ने तहसील भरमौर के अलग-अलग जगह में विक्रमादित्य सिंह के लिए ग्राम पंचायत खनी लाहल व अलग-अलग जगह में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया, वहीं पर तहसील होली में राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कार्यकर्ताओं की मीटिंग को बुलाकर गांव गांव के लिए टीम को रवाना कर दिया है। आदिवासी प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अमित भरमौरी ने भरमौर के पांगी में डेरा जमा लिया है।

इस मौके पर पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा कि इस बार भरमौर से विक्रमादित्य सिंह के लिए कम से कम 10 हजार से अधिक मतों की लीड यहां से दी जाएगी। गौरतलब है जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का दिन नजदीक आ रहा है यहां पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशी के प्रति प्रचार को धार दे दी है। पिछली मर्तबा हुए लोकसभा के उपचुनाव में यहां से तत्कालीन व वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह को 5000 से अधिक वोटो की लीड मिली थी।

जानकारों की माने तो यहां पर कांग्रेस में चल रही धड़ेबाजी का नुकसान कुछ लोग मान रहे थे। लेकिन यहां पर सब नेताओं द्वारा एकजुट होकर प्रचार करने से कांग्रेस के प्रति धीरे-धीरे माहौल बनने लगा है।

## सूडोकु 0073

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0072 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# विद्यार्थी परिषद ने मतदान के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**




जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चला हुआ है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चंबा के कार्यकर्ता के द्वारा ऐतिहासिक चौगान में प्राणाकों के साथ चंबा के दूर-दराज से आए गांव के लोगो के साथ नेशन फर्स्ट वोटिंग मस्ट के प्ले कार्ड के साथ फोटो ली, जिसमें लोगों को वोट के उनके अधिकार के बारे में बताया गया।

वहीं 1 जून को भाई बहन भारी संख्या में मतदान किया गया सभी से किया गया विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता ने सभी को बताया जी उनके एक वोट का महत्व क्या है उन्होंने कहा कि वोट कीजिए सुशासन को वोट कीजिए भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए वोट कीजिए समर्थ और समृद्धि भारत के लिए विद्यार्थी परिषद ने कहा कि पूरे जिला के उनके कार्यकर्ता सम्पूर्ण जिले में बैठक कर रहे है।

# वन साइड मोबाइल नेटवर्क से बीएसएनएल उपभोक्ता परेशान

**चंबा ।** जिला चंबा में पिछले लंबे समय मे चल रही बीएसएनएल की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। हालात यह है कि जिला में आए दिन बीएसएनएल का नेटर्वक गुल होने के साथ ही उपभोक्ताओं को वन साइड नेटवर्क का भी सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते उन्हें भारी दिक्कते झेलनी पड़ रही है। लिहाजा जिला में बीएसएनएल की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

उपभोक्ताओं में नरेश कुमार, किरण कुमार, सुमन कुमार, जग्गो राम, पवन और अजय कुमार ने बताया कि चंबा जिला में बीएसएनएल द्वारा सुविधाए देने के जितने भी दावे किया जाते है वह सब खोखले है। उन्होंने बताया आए दिन जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बीएसएनएल का सिग्नल गुल होने के चलते उन्हे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने दूरसंचार निगम से मांग की है कि वह जिला में बीएसएनएल की व्यवस्था दुरुस्त करे।

## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

25 मई, 2024, शनिवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** द्वितीयाः (7:00) : **नक्षत्र :** ज्येष्ठा (10:36), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** सिद्ध (10:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:50-12:45), **राहुकाल** (8:51 -10:34

### विशेष दिन

- 25 मई 2024 : विश्व थायराइड दिवस आज।
- 26 मई 2024 : संकष्टी चतुर्थी कल।

**मेषः** स्वयं को गंभीर रखें। आप का व्यवहार ही लोगों को आकर्षित करता है। व्यापार विस्तार के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। अपनी जिम्मेदारी समझें।

**वृषभः** रुके कार्यों में गति आयेगी। स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। न्यायालयीन फैसला आप के पक्ष में हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय होगा।

**मिथुनः** किसी के जवाब का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नौकरी में बदलाव के योग हैं। तकनीकी के प्रयोग से विद्यार्थी सफल होंगे। दांतों में विकार की संभावना है।

**कर्क :** राजनीति से जुड़े जातकों के लिए समय सफलता लिए हुए है। आप के कार्य की प्रशंसा होगी। अध्ययन के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है।

**सिंहः** आय के नए स्रोत स्थापित होंगे। भाग्य का साथ और इष्ट के आशीर्वाद से नई सफलताएं मिलेंगी। नए शत्रु उभर सकते है। पारिवारिक खर्च बढ़ेगा।

**कन्या :** कार्यस्थल पर कर्मचारियों से परेशान रहेंगे। पेट संबंधित विकार उभर सकते है। जीवनसाथी से अनादर प्राप्त हो सकता है। वाहन सुख संभव है।

**तुलाः** पराक्रम में वृद्दि होगी। कार्य पद्दति बदलने से लाभ होगा। रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। विरोधी परास्त होंगे।

**वृश्चिकः** समय रहते अपने मन की बात कह दें। यदि आप सच्चे हैं तो सफलता मिलेगी। आप के सीधेपन का लोग फायदा उठायेंगे, सतर्क रहें।

**धनु :** कारोबार में जल्दबाजी में निर्णय न लें। बीती बातों को लेकर अपना समय बर्बाद न करें। अपनों का साथ मन को शांति देगा। प्रेम-प्रसंगों के चलते विवाद संभव है।

**मकरः** धार्मिक यात्रा की रूपरेखा बनेगी। विवाह प्रस्ताव संबंधों में बदल सकते हैं। मनचाही नौकरी मिलने के आसार है। भावनात्मक संबंधों में नजदीकियां आएगी।

**कुंभ :** वैवाहिक जीवन में तनाव बढ़ सकते है। विदेश जाने के योग बन रहे है। आप की उन्नति में आ रही बाधा बरकरार रहेगी। समय रहते उचित विद्वानों का मार्गदर्शन लें।

**मीनः** निकटतम लोग ही नहीं चाहते कि आप आगे बढ़ें, सतर्क रहें और अपना काम पूरी ईमानदारी से करें। भितरघात वालों से सावधान रहें। विवाद की स्थिति निर्मित होगी।

## मतदान — अधिकारियों के लिए मतदान पूर्वाभ्यास आयोजित

# चुनावों में तैनात 550 कर्मचारियों को ड्यूटी प्रमाण पत्र किए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



चुनावी रिहर्सलके दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

लोकसभा निर्वाचन-2024 के सफल संचालन के दृष्टिगत जिला चंबा के विधानसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

रिहर्सल कार्यक्रम में सभी उपस्थित अधिकारियों को चुनाव की प्रक्रिया, वोट डलवाना, विभिन्न प्रपत्रों को भरना, चुनाव सामग्री प्राप्त करना, चुनाव सामग्री जमा करवाना, ईवीएम व वीवीपैट को जोड़ना, ईवीएम को सुचारू रूप से चलाना, मॉक पोल करवाना, चुनावी प्रक्रिया के दौरान आने वाली जटिलताओं का सुगमतापूर्वक निवारण करने वारे विस्तृत जानकारी दी गई ।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत पीठासीन एवं सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरे चरण का मतदान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय तीसा के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 600 पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान उपायुक्त एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विभिन्न दिशा-निर्देशों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की तथा मतदान के दौरान अपनाई जाने वाली चुनावी प्रक्रियाओं बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतदान पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में पोस्ट बैलट पेपर के माध्यम से 19 कर्मचारियों ने अपने मत का प्रयोग किया। इसके अलावा लोकसभा चुनावों में तैनात 550 कर्मचारियों को निर्वाचन ड्यूटी प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत राजकी/य आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलूणी के खेल मैदान में एडीएम चंबा राहुल चौहान की अध्यक्षता में दूसरे चरण की पहली चुनावी रिहर्सल आयोजित की गई। रिहर्सल कार्यक्रम में 550 पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत विधानसभा क्षेत्र भटियात के तहत एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल की अध्यक्षता में चुवाड़ी मैदान में दूसरे चरण की पहली चुनावी रिहर्सल आयोजित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### 'द रेस मोहिनी' चित्र बना आकर्षण का केंद्र

**पतलीकूहल।** स्पंदन क्रिएटिव हब की ओर से आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी का शुभारंभ सेवानिवृत्त पूर्व सहायक उपायुक्त सुरेश जसवाल ने रौरिक आर्ट गैलरी में किया। कार्यक्रम में डॉ. लाल सिंह उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र भी विशेष रूप से मौजूद रहे। देश के विभिन्न प्रदेशों से पहुंचे कलाकारों का अभिनंदन करते हुए लाल सिंह ने कलाकारों के कला कार्य की प्रशंसा की। राजस्थान के कलाकारों में पंकज सिसोदिया के लैंड स्केप तथा महाराष्ट्र से दत्तात्रेय की दर्पण तुल्य 'द रेस मोहिनी' आदि चित्र आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उत्तर प्रदेश के बलराम वर्मा की कृष्णा, अंकुर वर्मा की कंपोजिशन दर्शनीय है। केरल से डॉ. लाल रंजीथ के क्रिएटिव लैंडस्केप तथा सीमा सिंह के धार्मिक चित्र अत्यंत सराहनीय दिख रहे हैं। मंडी से सुनील कुमार चौहान ने 'नारी' विषय पर शानदार कला कार्य प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय चित्रकला प्रदर्शनी के संयोजक प्रशांत त्रिपाठी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया।

### कांग्रेस-भाजपा ने की मंडी की अनदेखी : महेश

**कुल्लू।** मंडी लोकसभा क्षेत्र से हिमाचल जनता पार्टी के उम्मीदवार महेश सैनी ने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवार को लोगों ने बारी-बारी जिताकर सांसद भेजा, लेकिन उसके बाद भी मंडी लोकसभा क्षेत्र का विकास नहीं किया। शुक्रवार को कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने कुल्लू-मनाली और लाहौल सहित पूरे संसदीय क्षेत्र की अनदेखी की है। महेश सैनी ने कहा कि न तो स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कर पाए हैं और न ही शिक्षा के क्षेत्र में मूलभूत ढांचा खड़ा कर पाए हैं। आज हालात यह हैं कि कुल्लू मनाली के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। छोटी-छोटी बीमारी के इलाज के लिए नेरचौक, शिमला और चंडीगढ़ जाना पड़ रहा है। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में दोनों दलों से जीतने वाले सांसद सुविधाएं नहीं जुटा पाए हैं, जबकि राज्य में भी दोनों दलों को सरकार बनाने का मौका मिला है। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र का भी यही हाल बना हुआ है।

### सैनेटरी नैपकिन के उपयोग की दी जानकारी

**कुल्लू।** एनएचपीसी पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा-2024 के अंतर्गत शुक्रवार को एनएचपीसी नगवाईं की डॉ. पिंकी कुमारी रॉय, ग्रुप वरिष्ठ उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगवाईं की छात्राओं को सैनेटरी नैपकिन का उपयोग और सुरक्षित निपटान के संबंध में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में छात्राओं को सेनेटरी नैपकीन भी वितरित किए। इस अवसर पर पाठशाला के अध्यापक स्वरूम शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पाठशाला के उपप्रधानाचार्य निशा परमार सहित मोनिका शर्मा एवं अन्य अध्यापक उपस्थित रहे।

### कापसन कंपनी ने लिया स्टूडेंट्स का साक्षात्कार

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में बीवोक रिटेल मैनेजमेंट विभाग ने कैंपस प्लेसमेंट का शुक्रवार आयोजन किया, जिसमें कापसन कंपनी ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। साक्षात्कार में राजकीय महाविद्यालय कुल्लू केवी वॉक रिटेल मैनेजमेंट के 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. बृजबाला और समन्वयक डॉ. मान सिंह राणा ने किया। उन्होंने स्टूडेंट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को वोकेशनल कोर्स का लाभ लेते हुए अपना कौशल विकास करना चाहिए। युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढना चाहिए, ताकि हर क्षेत्र में वे रोजगार प्राप्त कर सके। इस मौके पर लेबर नेट सर्विसस इंडिया लिमिटेड के राज्य समन्वयक राजेश रंजन, रिटेल मैनेजमेंट विभाग के प्रशिक्षण गोपाल ठाकुर और अभिषेक शर्मा उपस्थित रहे।

# अब सैलानी कर सकेंगे विश्व प्रसिद्ध रोहतांग दर्रे का दीदार

## बहाली के पहले दिन एनजीटी के आदेशानुसार 1200 वाहन पहुंचे रोहतांग दर्रा, एडवांस में हुई परमिट बुकिंग

**कमलेश वर्मा, मनाली**


रोहतांग दर्रा के लिए जाते वाहन।

सैर सपाटे के लिए विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी मनाली में आने वाले देश-विदेश के सैलानियों के लिए खुशखबरी है।

अब अटल-टनल रोहतांग के साथ-साथ पर्यटक समुद्रतल से 13,050 फुट की ऊंचाई पर स्थित बर्फीली वादियों में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग दर्रा का दीदार कर सकेंगे। जिला प्रशासन कुल्लू की ओर से रोहतांग दर्रा को वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया है और बहाली के पहले दिन ही शुक्रवार को रोहतांग दर्रा में सैलानियों का मेला लग गया। पहले दिन एनजीटी के आदेशानुसार रोहतांग के लिए 1200 वाहन गए। एनजीटी के आदेशानुसार एक दिन में रोहतांग सिर्फ 1200 वाहन, जिनमें 400 डीजल, जबकि 800 पेट्रोल वाहनों को ही जाने की अनुमति है। स्थानीय वाहन चालक नरेंद्र, रवि व प्यार चंद ने बताया कि नेट व्यवस्था बेहतर न होने से वह रोहतांग के लिए परमिट बुक करने में पिछड़ रहे हैं, जबकि बाहरी राज्यों के लोग नेट व्यवस्था बेहतर होने से बाजी मार रहे हैं और उनके स्लॉट एकदम बुक हो रहे हैं। उधर, रोहतांग बहाली के पहले दिन राहनीनाला के समीप पहाड़ी से एक चट्टान गिरकर सड़क पर आ गई। इससे काफी देर तक मार्ग पर जाम लग गया। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पहले दिन पर्यटकों को मढ़ी से आगे रोहतांग तक भेजा गया है। पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है।

कुछ दिन ट्रैफिक जाम की समस्या होगी, लेकिन पार्किंग की व्यवस्था होते ही ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु हो जाएगी। वहीं, एसडीएम मनाली रमन कुमार शर्मा ने बताया कि परमिट लेकर अब पर्यटकों को रोहतांग तक भेजा जा रहा है। शुक्रवार को हजारों पर्यटक रोहतांग पहुंचे। (अनंत ज्ञान)

### इस बार 20 दिन पहले बहाल हुआ दर्रा

बर्फबारी अधिक होने के बावजूद बीआरओ ने इस साल 20 दिन पहले रोहतांग बहाल किया है। पिछले साल 13 जून से पर्यटकों को रोहतांग भेजा गया था। इस साल 20 दिन पहले 24 मई से पर्यटकों की आवाजाही शुरू हो गई है। 29 नवंबर 2023 को बर्फबारी के कारण रोहतांग आधिकारिक तौर पर यातायात के लिए बंद किया गया था, जो कि 23 मई को यातायात के लिए बहाल हुआ है।

### रोहतांग जाने के लिए मारामारी

रोहतांग दर्रा जाने के लिए पर्यटकों में मारामारी मची हुई है। शुक्रवार को पहले दिन एनजीटी के नियमानुसार पर्यटन विभाग की वेबसाइट से ऑनलाइन परमिट लेकर 1,200 वाहनों में हजारों पर्यटक रोहतांग गए। बर्फ के बीच पर्यटकों ने रोहतांग में खूब मस्ती की। रोहतांग के लिए एडवांस में परमिट बुक हो रहे हैं।

### महिला ने बच्चों पर अटैक करने के लिए छोड़ा कुत्ता

**कुल्लू।** कुल्लू के सुल्तानपुर की एक महिला के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

महिला पर आरोप है कि उसने गली में खेल रहे बच्चों को पहले उन पर अटैक करने के लिए कुत्ता छोड़ने की धमकी दी और उसके बाद अपने पालतू कुत्ते को छोड़ दिया और कुत्ते ने एक 7 साल के मासूम बच्चे पर हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार सतनाम सिंह गृह संख्या 409, वार्ड नं. नौ अप्पर सुल्तानपुर कुल्लू ने पुलिस को शिकायत पत्र दिया है, जिसमें उन्होंने कहा कि 23 को शाम को उनके बच्चे घर से बाहर गली में खेल रहे थे। इस दौरान हमारे घर के सामने वाले पड़ोसी संतोष शर्मा पत्नी मनोज शर्मा अप्पर सुल्तानपुर तीनों बच्चों को गली में खेलने से इंकार करने लगी और धमकी दी कि अगर तुम गली से नहीं गए, तो मैं तुम पर कुता छोड़ दूंगी।

# पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने से कटागला में पुलिया बही

## एक साल पहले बाढ़ में बह गया था पुल, उसके बाद ग्रामीणों ने खुद बनाई थी पुलिया, चार गांवों का कटा संपर्क

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण कटागला गांव को जोड़ने वाली पुलिया बह गई है।

यह घटना वीरवार देर शाम की है, जब पार्वती नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया और इससे लकड़ी से बनाई करीब 10 मीटर लंबी पुलिया देखते ही देखते नदी में समा गई। यहां नदी पर बना पुल एक साल पहले आपदा के कारण आई बाढ़ की चपेट में आने से बह गया था और उसके बाद स्थानीय लोगों ने खुद ही लोहे के गार्डर और लकड़ी से पैदल पुलिया तैयार की थी, जो कि फिर से पानी में बह गई है। इस बार पूरे प्रदेशभर में जहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और गर्मी बढ़ने से पहाड़ों पर ग्लेशियर पिघल रहे हैं, जिससे नदी-नालों का जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया है।


कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पानी की चपेट में आई कटागला गांव को जोड़ने वाली पुलिया।

ऐसे में पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ने से यह पुलिया भी बह गई है, जबकि जिलेभर में नदी पर बने और पैदल पुलों पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। उधर, इस पुलिया के बह जाने से अब कटागला के साथ रशोल और छलाल गांव का संपर्क भी मणिकर्ण, कसोल, भुंतर और कुल्लू से कट गया है, जिससे लोगों के पास नदी को पार करने का विकल्प नहीं बचा है। हालांकि दूसरी ओर से एक और रास्ता है, लेकिन वह जहां काफी लंबा है, वहीं यहां पर भी नदी को पार करने के लिए ऐसी ही पुलिया है, जो कभी भी बह सकती है। ऐसे में स्थानीय लोगों को बरसात की चिंता सताने लगी है। स्थानीय निवासी नौमी राम का कहना है कि जो दूसरा रास्ता है वह काफी दूर है और यहां भी नदी पर ऐसी ही वैकल्पिक पुलिया बनाई गई है और आने वाले दिनों में उसका भी नदी में बह जाना तय है ऐसे में क्षेत्र के लोगों के पास कोई विकल्प नहीं होगा। पुलिया के नीचे लोहे के गार्डर लगाए गए थे, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ने से पुलिया देखते ही देखते बह गई। (अनंत ज्ञान)

### विकल्प के तौर पर झूला पुल लगाने की मांग

इस पुलिया से तीन गांवों के लोग आवाजाही करते थे, लेकिन अब लोगों को आवाजाही और आने-वाले दिनों में लोगों के गोभी के साथ प्लम सहित अन्य उत्पाद तैयार होने वाले हैं। ऐसे में फसलों को मंडियों तक पहुंचाना चुनौती होगा। ऐसे में गांवों के लोगों ने सरकार, जिला प्रशासन से कटागला के पास पार्वती नदी में विकल्प के तौर पर झूला पुल लगाने की मांग की है। उधर, एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि कटागला में लकड़ी की पुलिया बहने की जानकारी मिली है। पार्वती नदी का जलस्तर कैसे बढ़ा है इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। लोगों को किसी भी तरह की समस्या पेश न आए इसके लिए समाधान निकाला जाएगा।

### सैंज की कुटलाह पुलिया भी खतरे में

उधर, सैंज घाटी में भी पिन पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ जाने के कारण क्षेत्र के दुर्गम शाक्टी-मरोड़ आदि गांवों को जोड़ने वाली कुटलाह पुलिया भी खतरे में है। यदि यह पुलिया बह गई, तो दुर्गम क्षेत्र का संपर्क भी कट जाएगा। स्थानीय लोगों ने सरकार व जिला प्रशासन से बरसात से पहले ही इसका कोई समाधान निकालने की मांग की है।

# मठ के लामाओं ने किया छम नृत्य



स्पीति घाटी के कीह गोंपा में बुद्ध जयंती के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक करती हुई टीम।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

स्पीति घाटी के कीह गोंपा में बुद्ध जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में सुरेश नंदनवार व्यय पर्यवेक्षक मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा एडीसी काजा राहुल जैन, तहसीलदार काजा भूमिका जैन व अन्य विभागों के विभागा अध्यक्ष इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण छम नृत्य रहा, जो मठ के लामाओं की ओर से प्रस्तुत किया गया। मुख्यातिथि ने बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर अपने संबोधन में बुद्ध के द्वारा दी गई शिक्षा के महत्व तथा मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कीह गोंपा स्कूल के छात्रों ने मतदान के महत्व के विषय में नाटक प्रस्तुत किया। व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के तहत बुद्ध जयंती के उपलक्ष्य में मतदाता जागरूकता शिविर के आयोजन पर पहल के तहत विभिन्न गतिविधियां भी शामिल की गईं। बुद्ध जयंती गौतम बुद्ध के जन्म और उनके द्वारा दी गई शिक्षा व ज्ञान का जश्न मनाने वाला एक प्रमुख बौद्ध त्योहार है। यह मठों में बड़ी संख्या में भक्तों और आगंतुकों को आकर्षित करता है, जो विविध दर्शकों तक पहुंचने का एक उपयुक्त अवसर प्रदान करता है।

# रमेश ठाकुर के सिर सजा युवा कांग्रेस आनी के अध्यक्ष का ताज

**अनंत ज्ञान, आनी**

- डेढ़ साल से कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में दे रहे थे सेवाएं

आनी विधानसभा क्षेत्र के रघुपुर क्षेत्र के युवा तेज तर्रार कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर को युवा कांग्रेस आनी का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। उनकी नियुक्ति के आदेश युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने जारी किए हैं। अब तक रमेश आनी युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में पार्टी को अपनी सेवाएं दे रहे थे।

उनकी ताजपोशी से रघुपुर क्षेत्र को पहली बार युवा कांग्रेस की कमान सौंपी गई है। आपको बता दें कि रमेश पूर्व में युवा कांग्रेस के डेढ़ वर्षों तक महासचिव के अलावा डेढ़ वर्ष से कार्यकारी अध्यक्ष थे। साथ ही उन्हें लोकसभा चुनावों के दौरान आनी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी ताज पॉश से खुश होकर रमेश ने युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी, कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, राज्य प्रभारी विनीत कंबोज, सहप्रभारी योगेश हांडा, मंडी लोकसभा क्षेत्र प्रभारी जयवर्धन खुराना, प्रदेश महासचिव होतम ठाकुर, प्रदेश महासचिव छेरिंग नेगी, जिला कांग्रेस कुल्लू के अध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आनी के अध्यक्ष उपेंद्रकांत मिश्रा सहित तमाम शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया है। रमेश ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने पर उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है और कांग्रेस पार्टी को अपने कार्यकाल में वे नई ऊंचाइयों तक ले जाने का भरसक प्रयत्न करेंगे।

# भुंतर स्कूल में 'ठाकुर का कुआं' नाटक का भावपूर्ण मंचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू की स्थानीय संस्था ऐक्टिव मोनाल कल्चरल एशोसिएशन ने कुल्लू के सरकारी स्कूलों में नि:शुल्क नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में तीसरी कार्यशाला का समापन प्रतिभागी बच्चों ने कार्यशाला में तैयार किए गए मुंशी प्रेम चंद की कहानी पर आधारित नाटक 'ठाकुर का कुआं' के भावपूर्ण मंचन के साथ किया। इस नाटक को सभी उक्त स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों ने सुबह की सभा में देखा और खूब सराहा। विद्यालय की प्राचार्य डॉ. दीप्ति पॉल ने ऐक्टिव मोनाल के इस प्रयास को सराहा तथा प्रतिभागी बच्चों को सफल प्रस्तुति के लिए बधाई दी। 21 दिन तक आयोजित इस कार्यशाला को संचालन संस्था के रंगकर्मी रेवत राम विक्की ने किया और लगभग 60 बच्चों को अभिनय तथा नाट्या विधा के गुर सिखाए। प्रस्तुत नाटक 'ठाकुर का कुआं' इसी नाम से बहुत प्रसिद्ध कहानी पर आधारित था। नाटक में समाज में प्रचलित जात-पात और छुआ-छूत जैसी कुरीतियों को बहुत ही प्रभवशाली तरीके से उकेरा गया था। नाटक में जोखू जो अनुसूचित जाति का है, बीमार है और पानी पीना चाहता है, तो लोटे में जो पानी है उसमें बहुत गंदी बदबू आती है, तो पता चलता है कि कुएं में कोई जानवर गिर कर मर गया है। दूसरा कुआं ठाकुर का है, जिसमें केवल सवर्ण जात के लोग ही पानी भर सकते हैं। पर जोखू की बीवी गंगी ठाकुर के कुएं से पानी चुराने की कोशिश करती है, जबकि जोखू उसे मना करता है, कहता है कि बहुत ज्यादा खतरा है।


नाट्य कार्यशालाओं की कड़ी में भुंतर स्कूल में स्टूडेंट्स नाटक का मंचन करते हुए।



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## बेटियों को बचपन से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाएं



*यूं तो हमारे समाज में महिला और पुरुष को बराबर कहने वाले बहुत हैं, लेकिन क्या हकीकत में ऐसा कुछ है? अमूमन महिलाओं के साथ अत्याचार की घटनाएं, घरेलू हिंसा, तेजाब कांड, बलात्कार और दहेज के लिए महिलाओं को जला देना, बेटे की चाह में बेटी को कोख में ही मार देना या फिर भ्रूण हत्या जैसे मामले जब समाज में अमूमन देखने को मिलते हैं या फिर सुबह-सुबह अखबार की सुर्खियां बनकर हमारे सामने आते हैं, तो मन में एक ही सवाल गूंजता रहता है कि क्या हमारे समाज में महिलाओं को पुरुष के बराबर समझा जाता है या फिर सिर्फ ये तथाकथित नेताओं के भाषणों तक ही सीमित है। इसलिए वक्त की पुकार है कि बेटियों को अब बचपन से ही मजबूत होने की तालीम दें, उन्हें बचपन से सही और गलत में फर्क समझाएं और सबसे अहम है कि उन्हें शिक्षित करें। महिला और पुरुष दोनों की जीवन की गाड़ी के दो ऐसे पहिये हैं, जिनसे समाज आगे बढ़ता है। मगर इन दोनों पहियों में से एक ने भी आगे बढ़ने से इंकार कर दिया, तो समाज कभी आगे नहीं बढ़ पाएगा। आज ऐसे ही कुछ सवालों पर महिलाओं के विचारों से परिचित होते हैं।*

*सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।*

### बचपन से ही आत्मरक्षा के गुर सिखाना जरूरी


कुमारी सुशीला, निवासी भुंतर परगाणु जिला कुल्लू।

महिलाओं की खामोशी के पीछे अकसर समाज में मौजूद सामाजिक और सांस्कृतिक प्रथाओं का असर होता है, जो उन्हें अपने अधिकारों के बारे में सही जानकारी नहीं देते। इसलिए कुछ हद तक दोषी समाज भी है, जो महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में सही जानकारी और समर्थन प्रदान करने में असफल रहता है। महिलाओं की खामोशी को अकसर कमजोरी मान लिया जाता है, जो कि एक गलत धारणा जिसे अब बदलने की जरूरत है इसलिए महिलाओं को अपनी खामोशी को तोड़ना होगा। महिलाओं को बचपन से ही अच्छी शिक्षा और आत्मरक्षा के गुर सिखाना बहुत जरूरी है। यह उन्हें स्वावलंबन, स्वास्थ्य, और सुरक्षा के मामले में सक्षम बनाता है और उन्हें समाज में सम्मान और स्थान दिलाता है। इससे न केवल महिलाओं का अपना विकास होता है, बल्कि समाज का भी। भारत में महिलाओं के प्रति हिंसा और अत्याचार को रोकने के लिए कई कानून हैं ओर इन कानूनों के तहत अपराधी को कठोर दंड और सजा का भी प्रावधान है मगर अकसर देखा गया है कि एक अपराधी को सजा देने में और पीड़िता को न्याय दिलाने में 15-20 तक का समय लग जाता है, तो ऐसे में वो न्याय न्याय नहीं लगता।

### महिलाओं को अपने अधिकार पता होने चाहिए

मैं मानती हूं कि आज के समय में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए इसके साथ ही महिलाओं का शिक्षित और आत्मनिर्भर होना भी उतना ही जरूरी है। महिलाएं अगर खुद पर हो रहे अत्याचार को सिर्फ ये सोच कर सहती रहेंगी कि समाज क्या कहेगा या लोग क्या कहेंगे, तो ये सरासर गलत है। घरेलू हिंसा और अन्य तरह के अत्याचार तभी ज्यादा होते हैं, जब तक की महिला चुपचाप सहती रहती हैं इसलिए जब पुरुष अपने मद में चूर होकर किसी महिला पर अत्याचार करें, तो कम से कम अपने लिए आवाज उठाना जरूरी है वरना ये सिलसिला सालों साल तक चलता रहता है। इसके साथ ही बेटियों को बचपन से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत करना बेहद जरूरी है और आत्मरक्षा के गुर अगर बचपन से ही बेटियों को दें, तो वो जीवन के पड़ाव में अपनी रक्षा स्वयं करने में सक्षम हो सकती हैं। सरकार को इस मामले में ओर भी सख्त और प्रभावी कानून बनाने की जरूरत है, ताकि महिलाओं के सम्मान की रक्षा में देश कानून भी वरदान बनकर सामने आ सके।


देचेन डोलमा, निवासी मठ, जिला कुल्लू।

### महिलाओं का शिक्षित होना जरूरी


छिमेद देचेन, काजा लाहौल-स्पीति।

आज के समय में महिलाओं को अगर अपने अधिकारों के बारे में जानना है तो उन्हें शिक्षित होना पड़ेगा और शिक्षित महिला ही समाज में अपनी एक पहचान बना सकती है, जब महिला अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी, तो कोई भी महिलाओं के प्रति किसी भी तरह की हिंसा या अत्याचार करने की कोशिश नहीं कर पाएगा। इसके साथ ही महिलाओं को अपनी खामोशी को भी तोड़ना होगा। हर वक्त चुपचाप सब कुछ सहने की आदत को भी छोड़ना होगा। किसी पर भी निर्भर न रहते हुए अपने अधिकारों के लिए महिलाओं को खुद ही आगे आना होगा और खुद की मदद खुद ही करनी होगी। घर परिवार का माहौल ऐसा हो कि बेटियों को कभी भी ऐसा न लगे कि वो बेटों से अलग हैं या फिर बेटों से कम हैं। बेटियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे या बॉक्सिंग बचपन से सिखाएं साथ उन्हें शिक्षित कर उनका मनोबल बढ़ाते रहें। दहेज के खिलाफ आवाज उठाना हो या फिर घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाना हो या छेड़खानी के मामले में विरोध करना हो हर जगह बेटियों को सहयोग करने की जरूरत है। इसके साथ ही सरकार को भी चाहिए कि बेटियों ओर महिलाओं के हित में अब तक के सभी कानूनों को ओर भी प्रभावशाली बनाएं, ताकि समाज का संतुलन बना रहे।

### हिंसा रोकने के लिए बने कानून प्रभावी नहीं


सुनीता ठाकुर, निवासी शीशामाटी जिला कुल्लू।

मुझे लगता है कि हमारा समाज अब भी पुरुष प्रधान ही है। आज भी लाखों महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें अपने-अपने अधिकारों के बारे में कुछ पता नहीं है। महिलाओं की चुप्पी और चुपचाप सब कुछ सहने की आदत कहीं न कहीं महिलाओं को कमजोर बना रही है या फिर वो अपने खिलाफ हो रहे अत्याचार को सहन कर अब अपने लिए आवाज उठाना ही भूल गई हैं। शिक्षित न होना और अपने अधिकारों से अंजान होना ही आज की महिलाओं के लिए घातक साबित हो रहा है। आज वक्त बदल गया है और समाज तेजी से बदल रहा है ऐसे में महिलाओं को भी अपनी सोच में बदलाव लाना होगा और अपने अधिकारों को समझना होगा। बेटियों को बचपन से मानसिक रूप से मजबूत करें और हो सके, तो शारीरिक रूप से भी उन्हें मजबूत बनाएं, ताकि बेटियां भी वक्त आने पर अपने खिलाफ होने वाले किसी भी अत्याचार, अपमान या अन्याय का जवाब देने में समर्थ हो सकें। सरकार की ओर से महिलाओं के लिए बनाए गए अब तक कानून प्रभावी नहीं हैं और अगर प्रभावी होते, तो महिलाओं के खिलाफ इतने अत्याचार या हिंसा के मामले नहीं होते। इसलिए सरकार को कानून में बदवाल लाने की जरूरत है।

## न्यूज ब्रीफ

### आज इन क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट के तहत अनुभाग धुंदन के अंतर्गत गांव मयाणा, हनुमान बड़ोग, रनोह, शासन, रनोह खालसा, मनलोग बड़ोग व एलबयूएसएस धुंदन व इसके आसपास के गांव में 25 मई को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि 11 केवी एचटी लाइन के आवश्यक रखरखाव के लिए सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### रोहित के निधन पर सभा ने जताया शोक

**सोलन।** श्री सनातन धर्म सभा रबौण ने शुक्रवार को मंदिर परिसर में शोक सभा का आयोजन किया। सभा के महासचिव डॉ. प्रेमलाल गौतम ने बताया कि सभा के आजीवन सदस्य एनआर ठाकुर के पुत्र स्वर्गीय सुरेश ठाकुर (42) के असामयिक निधन पर शोक जताया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। सभा के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

### सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष बने रमेश

**सोलन।** सीनियर सिटीजन फोरम सोलन के चुनाव पीएल गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुए। इसमें रमेश अग्रवाल को अध्यक्ष, प्रो टीडी वर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मधु तनवर व मधु गुप्ता को उपाध्यक्ष व अरूण गोयल को महासचिव व बीएल बाली को सहसचिव व नरेश जैन को वित्त सचिव बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रमेश अग्र वाल ने फोरम के आगामी दो वर्षों के विज़न पर चर्चा की। साथ ही जनहित एवं वरिष्ठ नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रोजेक्ट के माध्यम से सामाजिक कार्य करने की भी बात कही।

### शत-प्रतिशत मतदान का किया आह्वान

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) की टीम ने बीएल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शामती सोलन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक, उच्च शिक्षा डॉ. जगदीश नेगी ने की। डॉ. जगदीश नेगी ने सभी से शत-प्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया और कहा कि मतदान दिवस को एक पर्व के रूप में मनाना चाहिए और सभी को इस पर्व में भागीदार बनने के लिए निर्वाचन विभाग पूर्ण रूप से प्रयासरत है। उन्होंने छात्रों से अपने घर के मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करवाकर इसमें भागीदार बनने का आग्रह किया। उन्होंने विद्यार्थियों से पहली जून को मतदान करने के लिए घर के प्रत्येक मतदाता सदस्य को मतदान केंद्र तक ले जाने के बारे में वादा लिया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स की ओर से मतदान जागरूकता पर आधारित भाषण, कविता और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित जनों को मतदान का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कर्ण प्रीत कौर, संस्थान के निदेशक, अध्यापक-अभिभावक संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य, स्टाफ सदस्य व लगभग 150 विद्यार्थी उपस्थित थे।

# नेता चुनाव में व्यस्त, लोग पेयजल न मिलने पर त्रस्त

## शहर में पेयजल संकट गहराने से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे लोग, पानी के टैंकर खरीदकर करना पड़ रहा गुजारा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जल शक्ति विभाग और नगर निगम की कार्यप्रणाली से सोलन शहर में लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। पिछले कल निगम को जल शक्ति विभाग से जरूरत का 25 फीसदी पानी ही मिल पाया, जिसके चलते शुक्रवार को शहर के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हुई। वहीं, जनप्रतिनिधि चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं, जबकि शहर की जनता पेयजल समस्या से त्रस्त है।

राजनीतिक दल के नेता पेयजल समस्या का ठीकरा एक-दूसरे पर फोड़ कर पल्ला झाड़ रहे हैं, वहीं अधिकारी भी पानी की कमी का रोना रो रहे हैं। ऐसे में लोगों को मजबूरन टैंकर का पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि नगर निगम शहर के शौचालयों तक में पानी उपलब्ध नहीं करवा पा रहा है, जिससे महिलाओं को शौच की सुविधा नहीं मिल पाई। वहीं, पार्क में लगे नलके भी सूखे पड़े होने से लोग प्यासे लौट रहे हैं। पेयजल समस्या से गृहिणियों को खासी दिक्कत पेश आ रही है, वहीं दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। इतना ही नहीं सरकारी कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों में भी पानी की समस्या चल रही है। (अनंत ज्ञान)



पिछले दिनों जलशक्ति विभाग से निगम को बहुत कम पानी मिला। इससे पहले भी मांग से कम पानी मिल रहा था। जलशक्ति विभाग को गिरि पेयजल योजना से कुमारहट्टी क्षेत्र में भी पानी देना पड़ रहा है। ऐसे में निगम को पानी की राशनिंग करनी पड़ रही है। लोगों से पानी जरुरत के मुताबिक खर्च करने की अपील है।

**एकता कापटा, आयुक्त नगर निगम सोलन।**



सोलन शहर।

### रोज 80 से 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता

सोलन शहर के 17 वार्डों में रोजाना करीब 80 से 90 लाख लीटर पानी की आवश्यकता होती है, जिसे गिरि और अश्विनी दोनों पेयजल योजनाओं के माध्यम से पूरा किया जाता है। जल शक्ति विभाग का दावा है कि निगम को मांग अनुसार पानी दिया जा रहा है पर नगर निगम 70 लाख लीटर पानी मिलने की बात कह रहा है। पिछले कल तो मात्र 25 लाख लीटर पानी ही मिल पाया। वहीं शहर में रोटेशन प्रणाली से की जा रही पेयजल की सप्लाई इतनी कम है कि इससे एक दिन का भी गुजारा नहीं हो रहा है, जबकि शहर में सप्ताह में एक बार पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

### पानी की स्टोरेज जरूरी

अश्विनी व गिरि पेयजल योजनाओं से शहर को जल शक्ति विभाग की ओर से पानी की आपूर्ति की जाती है व निगम शहर में पानी के वितरण का जिम्मा देखता है। शहर की बढ़ती आबादी के मुकाबले पानी के भंडारण की क्षमता कम है। रोजाना जल शक्ति विभाग द्वारा जो पानी निगम को दिया जाता है उसे निगम शहर में वितरित कर देता है। भंडारण टैंक की कमी से आपातकालीन स्थिति के लिए पानी बचाना मुश्किल हो जाता है।

### बिजली कट से नहीं हुई पानी की लिफ्टिंग

बिजली कट के कारण पिछले दिनों गिरि पेयजल योजना से शहर के लिए मांग अनुसार पानी की लिफ्टिंग नहीं हुई। इससे लोगों को पांच से छह दिन बाद पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, वह भी मांग से कम। यह सिलसिला अभी भी जारी है। अब लोगों को पानी के टैंकर खरीद कर प्यास बुझानी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को नगर निगम के पानी के बिल चुकाने के साथ वाटर टैंक खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। विभागीय खींचतान के कारण सोलन वासियों को गर्मी के मौसम में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की कमी को देखते हुए नगर निगम ने भी पानी की राशनिंग शुरू कर दी है। पिछले कई सालों से शहर में पानी की समस्या का निदान नहीं होने से जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और नगर निगम की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है।

# नालागढ़ के 582 मतदान कर्मियों ने किया दूसरा पूर्वाभ्यास



नालागढ़ कॉलेज में अभ्यास करते मतदान कर्मी।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

लोकसभा चुनाव-2024 के सुचारू संचालन व मतदान प्रक्रिया को सुलभ बनाने के तहत 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी मतदान कर्मियों की दूसरी रिहर्सल शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ में संपन्न हुई।

पूर्वाभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी नालागढ़ दिव्यांशु सिंगल ने की। दिव्यांशु सिंगल ने इस अवसर पर उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के सुचारू संचालन की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने उपस्थित मतदान कर्मियों को रिहर्सल के दौरान सिखाई गई प्रक्रिया को ठीक से समझने के लिए प्रोत्साहित किया। मास्टर ट्रेनर कश्मीरी लाल ठाकुर ने मतदान कर्मियों को ईवीएम के संचालन की जानकारी दी।

# पच्छाद में सड़कों का मुद्दा अहम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

लोकसभा चुनाव में पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का मुद्दा सबसे अहम मुद्दा है। विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत काफी समय से अच्छी नहीं है और यहां सड़कों में सुधार के लिए भाजपा व कांग्रेस ने कोई विशेष कार्य नहीं किया है। यहां अधिक समय कांग्रेस सत्ता में रही है।

इस क्षेत्र में प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री व हिमाचल निर्माता डॉक्टर वाईएस परमार के समय बनी सड़कों को भी बाद की सरकारों ने सही तरीके से नहीं सुधारा। इस समय लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप का विधानसभा हलका पच्छाद ही रहा है, जहां से अब रीना कश्यप दूसरी बार भाजपा विधायक हैं। सुरेश कश्यप से पहले पूर्व विस अध्यक्ष गंगूराम मुसाफिर भी यहां से कई बार विधायक रह चुके हैं। मुसाफिर कई विभागों में कैबिनेट मंत्री व प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं।

### सड़कों के लिए बजट का करेंगे प्रावधान

इस बारे में सांसद सुरेश कश्यप का कहना है कि उन्होंने अपने विधायक व सांसद रहते पच्छाद विधानसभा सड़कों की हालत को सुधारने के लिए लगातार प्रयास किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज बागथन बनेठी राजगढ़ हाब्बन चंदोल सड़क को हलोनीपूल से शलेच तक पक्का किया गया और बाकि बची सड़क इन दिनों पक्की की जा रही है। इसी तरह सनौरा नेरीपूल छैला सड़क को भी पूरी तरह सुधारा जा रहा है। सनौरा राजगढ़ मिनस सड़क को भी सुधारने के लिए लगातार प्रयास जारी और जल्द ही यह सड़क भी चकाचक बन जाएगी। उधर, कांग्रेस के उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी का कहना है कि अगर वे जीत कर संसद पंहुचते हैं, तो पच्छाद विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों को किसी न किसी योजना में डालकर इसके लिए बजट का प्रावधान करेंगे।

### दुर्घटनाओं को न्योता

इसी क्षेत्र की प्रमुख सड़क यंशवतनगर-मिनस सड़क है और ऐसा कहा जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य डॉक्टर वाईएस परमार ने यंशवतनगर से स्वयं खेती चलाकर किया था। उसके बाद ही इस जगह का नाम यंशवतनगर रखा गया है और इससे पहले इस जगह को गिरिपूल कहते थे इस सड़क की हालत खराब है। सिरमौर को एक ओर सोलन, तो दूसरी ओर उत्तराखंड से जोड़ने वाली यह सड़क खस्ताहाल है। यह संकरी सड़क दुर्घटनाओं को न्योता देती है।

### जमीन पर नहीं उतरी योजना

लोकसभा चुनाव में लोगों की नाराजगी सांसद और पूर्व सांसदों व यहां के दोनों दलों के स्थानीय नेताओं से है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी इस सड़क को नेशनल हाईवे बनाने की वर्ष 2017-18 में घोषणा कर चुके हैं, जो जमीन पर नहीं उतरी। यह सड़क पहले राष्ट्रीय राजमार्ग 6 थी, मगर इसे डिग्रेड कर मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड बनाया गया है।

# परवाणू में पुलिस ने तूनी व शीरस की लकड़ी से लदा कैंटर किया जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पुलिस ने परवाणू के खड़ीन में नाकेबंदी के दौरान तूनी व शीरस की लकड़ी से लदा एक कैंटर जब्त किया है। कैंटर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि वीरवार की रात्रि परवाणू पुलिस थाने की एक टीम खड़ीन में नाकाबंदी कर आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान कामली खड्ड की तरफ से आ रहे एक कैंटर एचआर-45ए-9112 को पड़ताल के लिए रोका गया। कैंटर चालक ने अपना परिचय हरियाणा के पिंजौर के गुरुद्वारा रोड निवासी सतनाम सिंह के रूप में दिया। चैकिंग के दौरान उक्त कैंटर से 42 गेलियां तूनी और शीरस की लकड़ी बरामद हुई। लकड़ियों के



ढुलान को लेकर सतनाम के पास कोई कागजात उपलब्ध नहीं थे, जिस पर उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वाहन को लकड़ी समेत जब्त कर लिया गया है।

# पोलिंग पार्टियों का करवाया द्वितीय मतदान पूर्वाभ्यास

**नाहन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन में नाहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान पार्टियों को द्वितीय मतदान पूर्व अभ्यास करवाया गया, जिसमें यह पूर्वाभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रातः कालीन सत्र में लगभग 400 पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को, जबकि सायं कालीन सत्र में भी 400 मतदान अधिकारियों को पूर्वाभ्यास करवाया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने मतदान अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह लोकसभा निर्वाचन के लिए पूरी निष्ठा ईमानदारी के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त मतदान पार्टियों को मतदान ड्यूटी के लिए विधानसभा क्षेत्र भी आवंटित किए गए हैं।

# चोरी के आरोपी को किया पुलिस के हवाले

**बीबीएन।** पुलिस थाना रामशहर के तहत दिग्गल में दुकान से चोरी करने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने पुलिस के हवाले किया। आरोपी की पहचान पंकज ठाकुर पुत्र दलीप कुमार निवासी ऊंचा गांव डाकघर कुनिहार तहसील अर्की जिला सोलन से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गोपाल पुत्र श्याम लाल निवासी गांव कामल दिग्गल तहसील रामशहर सोलन ने बताया कि दिग्गल बाजार में उसकी मोबाइल रिपेयर की दुकान है, वहां किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली है, जिसे चोरी करते हुए लोगों ने गिरफ्तार किया और पुलिस के हवाले किया। डीएसपी फिरोज खान ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# प्रकाश से दूर रहना अंधकार, प्रभु से दूर रहना दुख का कारण : साध्वी

**अनंत ज्ञान, अर्की**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के द्वारा सामुदायिक भवन, गोशाला अर्की में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस के प्रारंभ में विधिवत पूजन हुआ, जिसमें सुशील कुमार (जेल अधीक्षक कंडा, शिमला) और अमर सिंह ने हिस्सा लिया। कथा व्यास साध्वी भाग्य भारती ने गजेंद्र प्रसंग सुनाते हुए बताया कि गजेंद्र की कहानी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का प्रतीक है।

आज का इंसान भी तो इस संसार में आकर संसार के भोग-विलास में, रिश्तों-नातों में ही मस्त रहता है, किंतु जब काल आक्रमण करता है, तो कोई



श्रीमद् भागवत के चौथे दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हुए।

भी साथ नहीं देता क्योंकि संसार के जो रिश्ते हैं, वह स्वार्थ की नींव पर टिके होते हैं। जो संबंध स्वार्थ की नींव पर टिके होते हैं, वह सदा साथ नहीं निभाते। इसलिए क्यों न एक ऐसे शाश्वत रिश्ते की तलाश की जाए, साध्वी ने बताया जिस प्रकार प्रकाश से दूर रहना अंधकार है उसी प्रकार प्रभु से दूर रहना दुख का कारण व क्षोभ का कारण है। अवतार शब्द का अर्थ बताते हुए उन्होंने बताया कि अवतार का अर्थ है नीचे उतरना। अपनी परम अवस्था से जन कल्याण के लिए धरा पर उतरा परम तत्व ही ईश्वर अर्थात् अवतार कहलाता है।

# सोलन के चार शिक्षक बने एनसीसी ऑफिसर्स

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सोलन जिले के चार एनसीसी ऑफिसर्स ने एनसीसी ऑफिसर अकादमी कांपटी महाराष्ट्र से प्रशिक्षण प्राप्त कर पास आउट किया। यह प्रशिक्षण आठ अप्रैल, 2024 से 22 मई, 2024 तक चला।

मेजर चुनी लाल परेड ग्राउंड ऑफिसर अकादमी कांपटी में आयोजित पासिंग आउट परेड में 517 प्रशिक्षु ऑफिसर्स ने कमांडेंट एनसीसी ओटीए कांपटी मेजर जनरल केजेएस राठौर (सेना मेडल) को सलामी देते हुए अपना प्रशिक्षण संपन्न किया। सोलन जिले से गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल भूमती के थर्ड



अफसर चंद्रमणि महंत, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्वॉयज अर्की के थर्ड अफसर दुष्यंत भार्गव, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट के थर्ड अफसर तेजेंद्र कुमार और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारंग के थर्ड अफसर विजय शर्मा ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## डीसी एवं एसपी ने किया संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण, कहा-

# लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मत महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सोलन मनमोहन शर्मा व पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह ने अर्की विधानसभा क्षेत्र के दाड़लाघाट स्थित संवेदनशील पोलिंग बूथ रौड़ी 1 और रौड़ी 2 का निरीक्षण किया।



संवेदनशील पोलिंग बूथ रौड़ी-1 और रौड़ी-2 का निरीक्षण करते डीसी और एसपी सोलन।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने इन मतदान केंद्रों में बिजली, पानी तथा अन्य न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस के साथ उन्होंने दाड़लाघाट स्थित अंबुजा सीमेंट फैक्ट्री में कर्मचारियों और कामगारों को एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मत का महत्व होता है और सभी पात्र मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से बिना किसी दबाव के अथवा प्रलोभन में आए बिना अपने विवेक के अनुसार मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्वीप टीम के प्रभारी प्रो. यशपाल शर्मा, प्रो. योगेश कुमार, दाड़लाघाट के नायब तहसीलदार प्रेमलाल शर्मा, थाना प्रभारी मोती सिंह, बीएलओ सुपरवाइजर बलदेव राज, रोडी मतदान केंद्र के बीएलओ निर्मला देवी व धनी राम, सहित अंबुजा सीमेंट के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में एक माह बाद जमकर बरसे मेघ

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

लंबे सूखे के बाद राजगढ़ व आसपास के क्षेत्रों में आज मेघ जमकर बरसे जिससे एक और लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस ली, वहीं दूसरी और किसानों व बागवानों के लिएभी यह बारिश संजीवनी बन कर बरसी। यहां आज लगभग एक घंटा मूसलाधार बारिश होती रही।

यहां पिछले लगभग एक महीने से भयंकर सूखा पड़ रहा था और पिछले एक सप्ताह से तापमान में भारी वृद्धि के साथ-साथ भीषण गर्मी पड़ रही थी। यहां का तापमान 30 से 35 डिग्री तक जा रहा था। किसानों व बागवानों की नकदी फसलें सूखने की कगार पर थीं। यहां सेब, नाशपाती, आड़ू, पलम, खुमानी की फसलें अपने यौवन पर हैं,

### किसानों व बागवानों के लिए संजीवनी बन कर आई बारिश

मगर भंयकर सुखे के कारण फलों का साइज नहीं बन पा रहा था। इस बारिश से इन फलदार पौधों को संजीवनी मिली है। इस बारिश से फसलों का आकार भी बढ़ेगा। इसके साथ-साथ यहां इन दिनों मटर, टमाटर, शिमला मिर्च, फ्रांसबीन आदि की फसलें लगी हैं और लगातार सूखे के कारण यह फसलें भी सुखने की कगार पर थी। इस वर्षा से इन फसलों को भी संजीवनी मिली है, मगर दूसरी तरफ यह बारिश यहां लहसुन की फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है।

# बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश कोली समाज की जिला सिरमौर इकाई ने महात्मा बुद्ध जयंती पर नाहन में जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया।

पुरस्कार राशि का पूरा खर्च संगठन के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. बलबीर सिंह ने अपनी जेब से वहन किया। प्रताप सामुदायिक भवन नाहन में हुए कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संस्थापक सदस्य प्रो. बलबीर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि संस्थापक सदस्य राम स्वरूप चौहान विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता की



महात्मा बुद्ध जयंती पर नाहन में आयोजित कार्यक्रम में मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

अध्यक्षता राजगढ़ से आए जिला अध्यक्ष रतन कश्यप ने की। मंच का संचालन महासचिव जीत सिंह चौहान ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कश्यप विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें 10वीं की बोर्ड परीक्षा में मेधावी रहे नाहन के राघव, मुस्कान, शिवम गौड, सुदीप्ति चौहान, केशव पुंडीर, सोनाक्षी, मेघा चौहान, गुनगुन चौहान, नैनीधार के रमन वर्मा, शंभुवाला के आदित्य तोमर, जाबल के बाग के शभांसु, धरोटी की सुजल तोमर, शंभुवाला की अर्चना, चारू व जटोन की की प्रिया को पुरस्कृत किया गया।

**परेशानी** बीते वर्ष बरसात में प्राकृतिक आपदा की चपेट में आ गया था गांव सौढ़ी और भूस्खलन के कारण ध्वस्त हो गए थे मकान

# सात परिवारों को नौ माह बाद भी नहीं मिली मकान बनाने के लिए जमीन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

दून हल्के की करीब एक दर्जन पंचायतों में गत अगस्त माह में आई प्राकृतिक आपदा के चलते बेघर हुए सात परिवारों को आज तक जमीन नहीं मिल पाई है। सौढ़ी पंचायत के तहत माजरी गांव भूस्खलन के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया था।

इस एरिया के सात परिवार बेघर हो गए थे। पहाड़ पर बसा गांव चारों ओर से खिसक गया है। पिछले 20 माह से परिवार किराए के मकान में रहने को मजबूर हैं। सरकार ने इन लोगों को 3-3 लाख रुपए मुआवजा राशि तो दे दी है, लेकिन भूमि का चयन आज तक नहीं हो पाया है।



प्राकृतिक आपदा के चलते बीते वर्ष अगस्त माह में भूस्खलन के कारण प्रभावित एरिया।

हालांकि प्रशासन ने इन परिवारों को भूमि दिखाई थी, लेकिन वह पसंद नहीं आई थी, जिस कारण प्रक्रिया अटक गई है। सौढ़ी पंचायत के माजरी गांव में बहुत बड़ी-बड़ी दरारें आने से धंस गया था। गांव की 50 बीघा उपजाऊ जमीन फसल व घर जमींदोज हो गए थे। इस गांव को जाने वाले रास्ते भी अब नहीं रहे हैं। गांव के चेपु राम, सुखराम, मान सिंह, रमेश चंद, यशोदा देवी, चमन लाल व संजय कुमार बेघर हो गए थे ये सभी लोग अगस्त माह से किराए के मकानों में रह रहे हैं।

### बीती बरसात में खाली करवाए थे मकान

पीड़ित लोगों ने बताया कि गत वर्ष अगस्त में आई प्राकृतिक आपदा व भूस्खलन के कारण सरकार ने उनसे घर व जमीन खाली करवा दी थी कुछ दिन तक वह नजदीकी धार्मिक स्थल में रहे और कुछ लोगों ने अपने रिश्तेदारों में शरण ली। पीड़ितों ने बताया कि सरकारी अधिकारियों व नेताओं ने हमें आश्वासन दिया कि जब तक उनके घर नहीं बन जाते, वे किराए के कमरे लेकर रह सकते हैं। बेघर लोगों ने बताया कि सरकार ने उन्हें अभी तक तीन-तीन लाख रुपए तो दे दिए। परंतु जमीन का आवंटन नहीं हुआ है।

### चुनावों के बाद होगी अगली प्रक्रिया : तहसीलदार

बद्दी के तहसीलदार राजेश जरियाल ने बताया कि इन लोगों के लिए जो जमीन देखी थी वह उन्हें पंसद नहीं आई। एक जगह जो जमीन देखी, वो रिर्जव फॉरेस्ट में थी। अब दसोरा माजरा व भटोली कलां के जस्सूवाना में जमीन देखी है। चुनाव के बाद इन लोगों को यहां पर बसाया जाएगा।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# शिमला नगर निगम की बैठक में आपस में उलझे पार्षद

## बैठक के दौरान वार्ड पार्षद ने ड्यूटी ठीक से न करने पर कर्मचारियों पर लगाए आरोप, आचार संहिता हटते की पूरे होंगे काम

**आशिमा वैरागी, शिमला**

नगर निगम शिमला की मासिक बैठक में महापौर सुरेंद्र चौहान ने अपनी ही पार्टी के पार्षदों को चुप कराते हुए नजर आए। वार्ड में स्मार्ट सिटी के कामों को लेकर पार्षद अश्वनी कुमार सूद ने निगम से डाटा मांगा जिस पर मनोनीत पार्षद सुषमा कुठियाला भड़क गई।

काम को लेकर दोनों पार्षदों ने एक-दूसरे पर दखलअंदाजी करने से आरोप लगाए। बहस बढ़ती देख मेयर ने दोनों पार्षदों को चुप रहने को कहा, लेकिन बहस थमने की जगह और बढ़ गई। फिर क्या था निगम में जनता के मुद्दों को छोड़कर मेयर और डिप्टी मेयर दोनों पार्षदों को समझाने में जुट गए। वहीं, वार्ड पार्षद कांता सुयाल का कहना है कि सुलभ शौचालय के कर्मचारी न तो सफाई सही से कर रहे हैं और न ही लोगों के साथ उनका बर्ताव ठीक है। यही नहीं कर्मचारी ऑन ड्युटी भी शराब के नशे में धुत रहते हैं। कर्मचारियों का इस तरह का बर्ताव बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके जवाब में अधिकारी ने संबंधित कर्मचारी को हटाकर उसकी जगह दूसरा कर्मचारी तुरंत भेजने का आश्वासन दिया। (अनंत ज्ञान)

**पार्षदों ने एक-दूसरे पर लगाए दखलअंदाजी के आरोप**



बैठक के दौरान उपस्थित पार्षद।

### जल्द मिलेगी व्हील चेयर की सुविधा

**शहर** के सभी वार्डों को आचार संहिता हटते ही स्ट्रेचर और व्हील चेयर की सुविधा मिलेगी। निगम को यह स्ट्रेचर दे दिए गए हैं, लेकिन आचार संहिता की वजह से इसे आबंटित नहीं किया जा सकेगा। इसके अलावा निगम को जल्द ही 360 के करीब बेंच भी दिए एसजेवीएन द्वारा दिए जाएंगे।

### 20 जून तक टारिंग का काम होगा पूरा

**शहर** के वार्डों में चल रहे टारिंग कार्यों को 20 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन कई वार्ड ऐसे हैं जहां अभी तक टारिंग शुरू नहीं हुई है। ऐसे में पार्षदों के विरोध के बाद आरएंडबी ब्रांच ने काम को बरसात से पहने पूरा करने का दावा किया है।

### छह सालों से नहीं बिछ पाई सीवरेज लाइन

**शहर** के टुटू एरिया में साल 2018 से सीवरेज पाइप लाइन बिछाने काम चला हुआ है, लेकिन छह साल बाद भी निजी कंपनी इस काम को नहीं कर पाई है। पार्षद अनिता शर्मा ने जब इस काम की रिपोर्ट अधिकारी ने हॉउस में मांगी तो अधिकारी ने कहा कि जो लेबर वहां काम कर रही थी वह भाग गई है, लेकिन निर्माण कार्य अब पूरा होने वाला है। इस पर पार्षद भड़क गई और अधिकारी की क्लास लगा दी। इसके बाद मेयर ने जल्द से जल्द काम को निपटाने के निर्देश दिए।

न्यूज ब्रीफ

## चौपाल में 28 मई को बंद रहेगी बिजली

**चौपाल,नेरवा।** उपमंडल चौपाल, सैंज, कोटखाई, पुलबाहल, देहा, नेरवा के आस पास के क्षेत्रों में मंगलवार 28 मई को सुबह नौ से शाम पांच बजे तक बिजली बंद रहेगी। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता विद्युत उपमंडल चौपाल रविंद्र नाथ ने बताया कि 66 केवी लाइन गुम्मा-सैंज-हुली में आवश्यक मरम्मत के चलते उपरोक्त दिन और समय पर बिजली बंद रहेगी और उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

## कोटी में आज व जुन्गा में 27 को लगेगा पावर कट

**जुन्गा (शिमला)।** 11 केवी जोघो फीडर कोटी की आवश्यक मरम्मत के चलते कोटी और मुंडाघाट अनुभाग के अंतर्गत आने वाले गांव रोहलटी, ठठिया, धार करेवड़ी, कोटला बाग शलोठ, कोटी, चिखर, सतलाई, सेरी डगोण, कटैंया, मझार, जुग्गर, सेरी नीन सहित अनेक गांवों में 25 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल जुन्गा से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार आगामी बरसात आने से पूर्व बिजली की लाइनों और ट्रांसफार्मर की आवश्यक मरम्मत की जा रही है। इसी प्रकार 27 मई को 11केवी फीडर जुन्गा की आवश्यक मरम्मत की जानी है। इसके चलते जुन्गा सब-स्टेशन के अंतर्गत आने वाले अनेक गांव जुन्गा, एफ्ग्रास, महेड़ू, क्यारी, कयाणा, खरडकी, धार सहित अनेक गांव में 27 मई को बिजली बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि विद्युत लाइनों की मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने संबंधित क्षेत्र के लोगों से आग्रह किया कि सामान्य विद्युत आपूर्ति बहाल रखने के लिए बिजली बोर्ड का सहयोग करें।

## कर्मचारियों ने जाना ईवीएम के बारे में



**रिकांगपिओ।** सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उपमण्डलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रिकांगपिओ में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदान कर्मियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि तहसीलदार पूह कुलवंत सिंह व नायब तहसीलदार कल्पा रविंद्र सिंह ने ईवीएम/वीवीपैट की बारीकियों से मतदान कर्मियों को अवगत करवाया, ताकि पहली जून को मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान कर्मी अपना कार्य पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से करें, ताकि स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण संभव हो सके। इस अवसर पर जिला निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिलासपुर में विशेष लोक अदालतें 29 जुलाई से

**बिलासपुर।** मनीषा गोयल, सचिव (सीनियर सिविल जज), जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर ने यहां बताया कि 29 जुलाई से 3 अगस्त तक माननीय सर्वोच्च न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कोई भी व्यक्ति जिनका माननीय सर्वोच्च न्यायालय में मामला लंबित वह इस विशेष लोक अदालत में आपने मामले को लगवा सकता है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बिलासपुर के दूरभाष नंबर 01978-221452 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बिलासपुर में मां भगवती जागरण आठ जून को

**बिलासपुर।** 19वां विशाल मां भगवती जागरण आठ जून को लोअर मेन मार्केट में किया जा रहा है। सीमित के प्रधान चंद्रशेखर हांडा ने बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी मां भगवती सकीर्तन मंडल और शहरवासियों के सहयोग से 19 वां मां भगवती जागरण और विशाल भंडारे का आयोजन आठ जून को बड़ी धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है। इस बार जागरण में प्रसिद्ध गायक बिट्टू चंचल कैथल वाले और हिमाचल के प्रसिद्ध गायक अभिषेक सोनी मां भगवती का गुण गुणगान करेंगे। साथ मां चिंतपूर्णी, मां नयनादेवी, मां ज्वाला देवी तीन शक्ति पीठों से मां ज्योतियां लाई जाएगी। मां का सुंदर दरबार और सुंदर लाइट जागरण आकर्षण का केंद्र रहे गई।

## चौपाल में अधिकारियों के लिए पूर्वाभ्यास आयोजित

**नेरवा,चौपाल।** चौपाल विधान सभा क्षेत्र के सेक्टर ऑफिसर, पीठासीन अधिकारी, सहायक पीठासीन अधिकारी व मतदान कर्मचारियों का पूर्वाभ्यास तहसील मैदान चौपाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी हेम चंद वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेम चंद वर्मा ने इस प्रशिक्षण में आगामी पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए तैनात अधिकारियों को निर्वाचन सामग्री, ईवीएम मशीन, वीवीपैट, मॉक पोल, राजनैतिक पार्टियों के पोलिंग एजेंट के रोल, मतदान केन्द्र में पहुंचने का समय, मतदान केंद्र में मोबाइल फोन साथ न रखने, मतदान के समय वोटिंग मशीन व वीवीपैट को ऐसे स्थान पर स्थापित करने जहां मतदान की गोपनीयता बनी रहे, ईवीएम कंट्रोल यूनिट को सील करने के बारे विस्तृत जानकारी दी। सभी ईवीएम मशीनें चुनाव आयोग द्वारा अधिकृत वाहनों में ही ले जाई व लाई जा सकेगी और निर्धारित तिथि को सभी अधिकारियों को अपने -अपने पोलिंग स्टेशन के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनावी विधानसभा क्षेत्र से बाहर लगी है उनको 27 व 28 मई को रवाना किया जाएगा व उनका तीसरा व अंतिम पूर्वाभ्यास 29 मई को उनके संबंधित पोलिंग स्टेशन में होगा व 30 मई को अपने-अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना किया जाएगा।

## मतदान करने के लिए लोगों को किया जागरूक

**बिलासपुर।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बेहतर करने के लिए जिला बिलासपुर में एनएसएस वॉलिंटियर्स ने मोर्चा संभाल लिया है। एनएसएस वॉलिंटियर्स चारों विधानसभा क्षेत्र में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने में जुटे गए है। यह जानकारी जिला स्वीप नोडल अधिकारी हेमंत नेगी ने दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस वॉलिंटियर्स ने पहले दिन लगभग 25 पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों को पहली जून के दिन मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एनएसएस स्वयंसेवक अपने हाथों में 'लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है, मतदान करना हम सबका फर्ज है' आपका वोट आपकी ताकत, दोनो बने देश की ताकत 'सारा काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो स्लोगन लेकर एनएसएस वॉलिंटियर्स घर-घर पहुंच रहे हैं।

## केंद्रों में दी जानी वाली सुविधाएं बताईं

**शिमला।** शिमला शहर की स्वीप टीम ने इंदिरा गांधी अस्पताल प्रशासन के सहयोग से इंदिरा गांधी चिकित्सालय, शिमला में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा व सहभागिता अभियान चलाया। इसमें 63-शिमला शहरी विधानसभा की स्वीप टीम के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने चुनाव आयोग द्वारा चलाए जाने वाले इस विशेष कार्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को फॉर्म नंबर 6, 6(क),7 व 8 की विस्तृत जानकारी दी। नोडल अधिकारी ने चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों को घर से मतदान करने की सुविधा तथा अन्य मतदाताओं को मतदान केंद्र पर दी जाने विभिन्न सुविधाओं जैसे पीने का स्वच्छ पानी, रैंप, व्हील चेयर आदि के बारे में जानकारी साझा की। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल राव ने आईजीएमसी प्रशासन की ओर से अपने कर्मचारियों की ड्यूटी से संबंधित रोस्टर की विस्तृत जानकारी दी।

## आज शुरू होगा मतदाता जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** डॉ. भीम राव अंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोला के सदस्यों और पदाधिकारियों द्वारा माई महीने की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक युवक मंडल के प्रधान मुनीष कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मई महीने में युवक मंडल द्वारा किए जाने वाले कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया डॉ. भीम राव युवक मंडल के प्रधान मुनीष कुमार ने बताया युवक मंडल 25 मई से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत करेगा। यह अभियान 25 मई से 28 मई तक चलेगा यह अभियान बिलासपुर के चारों ब्लॉक में चलाया जाएगा क्योंकि पहली जून को हिमाचल में चार सीटों पर लोकसभा के चुनाव और छह सीटों के लिए विधानसभा के चुनाव होने है। इसलिए युवक मंडल पोस्टर के माध्यम से युवाओं, बजुर्गों, महिलाओं, बच्चों इत्यादि को वोट डालने के लिए जागरूक करेगा, ताकि सभी अपने मत का प्रयोग करें इस अभियान की मुख्य थीम यह रहेगी आओ मिलकर अलख जगाए, शत-प्रतिशत मतदान करे, आपका मत आपका अधिकार, हमारे भारत देश में प्रत्येक नागरिक को वोट देने का अधिकार प्राप्त है।

# चुनावों के दौरान कांग्रेस का कोई भी प्रलोभन नहीं चल पाएगा : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

विधानसभा चुनावों में झूठी गारंटिया देकर हिमाचल की सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस का कोई भी प्रलोभन लोकसभा चुनावों में नहीं चल पाएगा। हिमाचल प्रदेश में भाजपा चारों सीटों पर परचम लहराएगी। यह बात शुक्रवार को पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर के पक्ष में घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के मेहरन, तियून खास, डुगली व औहर सहित एक दर्जन स्थानों पर चुनाव प्रचार के दौरान कही।

इस दौरान मेहरन में पूर्व सैनिक कुलदीप ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा। जिन्हें पूर्व मंत्री ने पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गर्ग ने कहा कि हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से 2019 के लोकसभा चुनावों में मिली लीड से अधिक बढ़त दिलाई जाएगी। इससे इस क्षेत्र की जनता का भी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का योगदान रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश भर में विकास के नए आयाम स्थापित किये है। विकास का यह सिलसिला लगातार जारी रखने के लिए केंद्र में फिर से नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा की मजबूत सरकार बनना बेहद जरूरी है।

### कांग्रेस पार्टी पर साधा जमकर निशाना



**गर्ग** ने कहा कि कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल जहां केवल व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति के लिए सत्ता हासिल करना चाहते हैं, वहीं भाजपा के लिए देश सर्वोपरि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। उनके इस संकल्प को पूरा करने में पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ ही देश की जनता भी कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इसीलिए वह नरेंद्र मोदी व अनुराग ठाकुर के पक्ष में मतदान करने का आग्रह कर रहे हैं।

# 2827 मतदाताओं ने घर से डाला वोट

## 2745 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के और 841 दिव्यांग मतदाता शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में 3586 मतदाता घर से मतदान कर रहे हैं। इसमें 2745 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के तथा 841 दिव्यांग मतदाता शामिल है। जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जिला में 2827 मतदाताओं में घर पर रहकर अपने मत का प्रयोग किया है।

जिला में अभी तक 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 2175 मतदाताओं। जबकि 652 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। झंडुता निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक कुल 646 मतदाताओं में अपने मत का प्रयोग किय। इसमें 170 दिव्यांग मतदाता तथा 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 476 मतदाता है।

घुमारवीं निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अभी तक कल 1158 मतदाताओं में मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 881 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के एवं 277 दिव्यांग मतदाता शामिल है। बिलासपुर सदर के अंतर्गत अभी तक कुल 642 मत पड़े हैं जिसमें 511 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के तथा 131 दिव्यांग मतदाता है। श्रीनयनादेवी निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कल 381 मतदान घर पर रह कर मतदाताओं ने किया। इसमें 74 दिव्यांग तथा 307 मतदाता 85 वर्ष से अधिक आयु के है।





घर से वोटिंग करते हुए मतदाता।



## माइक्रो ऑब्जर्वर्स को दिया प्रशिक्षण

**शिमला।** 4-शिमला लोकसभा चुनाव क्षेत्र (अ.जा.) के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात सामान्य पर्यवेक्षक जंग बहादुर यादव की अध्यक्षता में आज यहां बचत भवन के सभागार में शिमला जिला के लिए तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों में तैनाती दी जाएगी। इसके आदेश 29 मई को दूसरे प्रशिक्षण के दौरान प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर का कार्य मतदान केंद्र में हो रही विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की देख-रेख करना रहेगा। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर पोलिंग पार्टी का हिस्सा न होते हुए, मतदान केंद्र में हो रही सभी प्रकार की गतिविधियों की देखरेख करेंगे तथा मतदान के उपरांत वह अपनी रिपोर्ट संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को सौंपेंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रिजाइडिंग ऑफिसर द्वारा किए जा रहे सभी कार्यों की देख-रेख भी करनी होगी।

# घुमारवीं में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवी में प्रचंड गर्मी का प्रकोप जारी है। मजबूरन लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। बहुत जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। इस बार भी मई महीने की चिलमिलाती गर्मी का असर घुमारवीं में देखने को मिल रहा है और बारिश न होने के चलते अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। घुमारवीं में गर्मी का सितम ऐसा है कि दोपहर के समय लोग अपने घरों से बाहर निकलने से परहेज करने लगे हैं। इसके चलते बाजारों में रौनक घटने लगी है और बाजार की गलियां सुनसान नजर आ रही हैं। शुक्रवार को भी पूरे दिन कुछ इसी तरह का मौसम का मिजाज बना रहा। शुक्रवार को भी तेज गर्मी के चलते राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ी। बाजारों में ग्राहकों की कमी का आलम ऐसा है कि स्थानीय दुकानदारों की आय पर भी खासा असर देखने को मिल रहा है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि घुमारवीं शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियर से ऊपर जा पहुंचा है।

### लू चलने का खतरा बढ़ा



**दुकानदारों** को कहना है कि दिन के समय जिस तरह की गर्मी का माहौल है लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे। इससे पूरा बाजार खाली नजर आ रहा है। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि आने वाले समय में अगर ऐसा ही मौसम रहा और बारिश कम हुई तो जून माह की गर्मी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ देगी और लोगों में गर्मी से लू का खतरा बढ़ जाएगा।




**शिमला।** सिंगल यूज प्लास्टिक प्रबन्धन के संबंध में राज्य स्तरीय विशेष कार्य बल की चौथी समीक्षा बैठक मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की अध्यक्षता में हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि वर्तमान में प्लास्टिक हानिकारक प्रदूषक कारकों में से प्रमुख है। प्लास्टिक धरती, वायु और पानी को प्रदूषित करता है। गैर-जैवनिम्नीकरणीय (गैर-बायोडिग्रेडेबल) होने के कारण इससे उत्पन्न होने वाली प्रदूषण की समस्या विकट है। प्रदेश में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, विशेषकर प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर गंभीरता से कार्य किए जा रहे हैं, ताकि प्लास्टिक कचरे के निपटान के लिए अधिक पर्यावरण अनुकूल और वैज्ञानिक विकल्प तैयार किए जा सकें।

# ढली सब्जी मंडी में पहाड़ी आलू की दस्तक, 25 रुपए प्रतिकिलो मिले दाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला की ढली सब्जि मंडी में अब पहाड़ी आलू आना शुरू हो गया है। शुरुआत में किसानों को 20 से 25 रुपए प्रतिकिलो दाम मिले।

ढली सब्जी मंडी में ठियोग क्षेत्र से 10 से 12 बोरी आलू की खेप पहुंची। हालांकि गत वर्ष के मुकाबले किसानों को आलू के कम दाम मिले हैं। इसकी वजह से किसान मायूस हैं।

किसानों का कहना है कि गत वर्ष ढली सब्जी मंडी में पहाड़ी आलू की बिक्री शुरुआत में 25 से 35 रुपए हुई थी। इस बार 20 से 25 रुपए प्रतिकिलो बिका। इस बार आलू की फसल अच्छी है। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में आवक बढ़ने के साथ अच्छे दाम मिलेंगे। वहीं आढ़तियों का कहना है कि इस बार मंडी में पहाड़ी आलू अच्छी गुणवत्ता वाला है। आने वाले दिनों में टुटू और मशोबरा से फसल पहुंचनी शुरू हो जाएगी। सब्जी मंडी में आढ़ती एसोसिएशन के सचिव बिट्टू वर्मा ने बताया कि सब्जी मंडी में इन दिनों फूलगोभी, मटर और बीन की खेप पहुंच रही है। अब दो दिनों से मंडी में पहाड़ी आलू की फसल पहुंचनी शुरू हो गई है। अभी आलू ठियोग क्षेत्र से ही आया है। आने वाले दिनों में अन्य क्षेत्रों से भी इसकी सप्लाई शुरू हो जाएगी।



# नावर क्षेत्र में छह लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**दशमी रावत, रोहड़ू**

नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शरौंथा के कशैणी गांव से स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त अमीर चंद त्रिलोकटा, पुलिस विभाग से सेवानिवत्त दुर्गा चंद नरसेठ।

वहीं, पुजारली नंबर-4 से संबंध रखने वाले व हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड से सेवानिवृत्त प्रकाश नैंटा, शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त व ग्राम पंचायत टिक्कर के खांगटा निवासी जोगिंद्र लाल बुशैहरी, नकराड़ी पंचायत से भाजपा कार्यकर्ता राम सिंह नेगी व ग्राम पंचायत हस्टाड़ी से भाजपा युवा मोर्चा के विशांत सरमेट ने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और उनके द्वारा क्षेत्र में करवाएं जा रहे विकास कार्यो से प्रभावित होते हुए कांग्रेस पार्टी में घर वापसी की है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी को माला और कांग्रेस पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा ने सभी का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया है और विश्वास दिलाया है कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** — किन्नौर में एक माह तक चलने वाला निशुल्क योग और स्वास्थ्य शिविर शुरू

# जो करते हैं योग, उन्हें नहीं छूते रोग

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिले के सभी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में 21 मई से 21 जून तक एक माह तक चलने वाले नि:शुल्क योग और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। जो कि 21 जून को मनाया जाता है। इस विशेष अभियान के तहत योग सत्र, निशुल्क चिकित्सा जांच और उपचार शिविर, और आयुष कल्याण जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर इंदु शर्मा के सक्षम मार्गदर्शन में किया जा रहा है। डॉक्टर इंदु शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग के डॉक्टर और कर्मचारी जिला के दुर्गम क्षेत्रों में भी लोगों को चिकित्सा सुविधाएं और कल्याण के बारे में जागरूकता प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों और जिला जनजातीय आयुष अस्पताल में प्रतिदिन योग सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से विभाग समाज में आयुर्वेद के प्रभाव को विस्तारपूर्वक समझा रहे हैं और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। योग के दैनिक जीवन में लाभ व तनाव में कमी जिला आयुष अधिकारी ने कहा कि योग नियमित रूप से करने से मानसिक तनाव कम होता है। योग से शरीर की लचीलेपन, ताकत और संतुलन में सुधार होता है। प्राणायाम जैसी योग विधियों से श्वसन प्रणाली मजबूत होती है। योग ध्यान और मानसिक शांति प्रदान करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता शर्मा ने कहा कि योग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है। डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों में योग और आयुर्वेदिक चिकित्सा सेवाओं के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



# कनौण स्कूल के बच्चों को बताए ट्रैफिक के नियम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसीसी अदानी ग्रुप गागल सीमेंट बरमाणा ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला कनौण में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी।

एसीसी कर्मचारी और इंटक जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने बताया कि एसीसी अदानी समूह बरमाना के सीडीएस विभागीय अधिकारी मनजीत सिंह ने नई पहल करते हुए सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पाठशाला में जाकर बच्चों को सड़क सुरक्षा बारे में जागरूक किया। वहीं, सुशांत ठाकुर ने भी ट्रैफिक के नियमों के बारे में बच्चों को समझाया। इस अवसर पर एसीसी अदानी ग्रुप की ओर से बच्चों को स्कूल बैग भी भेंट किए। उन्होंने बताया कि स्कूलों में बच्चों के लिए सड़क सुरक्षा में यह सुनिश्चित करना शामिल है कि बच्चों को पता हो कि सुरक्षित स्थिति की पहचान कैसे की जाए, फुटपाथों और सड़कों पर जोखिमों का आकलन कैसे किया जाए, साथ ही स्कूल आने-जाने के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार कैसे किया जाए। एसीसी कर्मचारी और इंटक जिला उपाध्यक्ष शिव सिंह वर्मा ने भी स्कूल में सड़क पर चलते वाहन व बस चालकों, पैदल चलने वाले विद्यार्थियों को यातायात संबंधी जानकारी दी। सीडीएस विभागीय अधिकारी मनजीत सिंह ने बच्चों को बताया कि सड़क पार करते हुए अपने दाएं और बाएं पूरी तरह से नजर रखें तभी सड़क पार करें। वहीं, इस दौरान सड़क सुरक्षा सामग्री भी वितरित की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### छत्तीसगढ़ में आठ संदिग्ध माओवादी ढेर

**छत्तीसगढ़।** छत्तीसगढ़ के माओवाद से प्रभावित नारायणपुर में सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में आठ संदिग्ध माओवादियों को मारने का दावा किया है। पुलिस का कहना है कि सर्च ऑपरेशन अभी जारी है और मारे जाने वालों की संख्या बढ़ सकती है। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बुधवार की रात नारायणपुर के रेकावाया इलाके में माओवादियों की उपस्थिति की खबर के बाद तीन जिलों नारायणपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा से बस्तर फाइटर, एसटीएफ और डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवानों ने ऑपरेशन शुरू किया। वीरवार सुबह 11 बजे के आसपास मुठभेड़ शुरू हुई। इस दौरान पुलिस ने मौके से सात संदिग्ध माओवादियों के शव और ऑटोमैटिक राइफल बरामद की। शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों ने एक और संदिग्ध माओवादी का शव बरामद करने की बात कही। इस तरह मारे जाने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई।

### पीएम मोदी के लिए मैं बनाऊंगी मंदिर : बनर्जी



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण की वोटिंग शनिवार को होने जा रही है। वोटिंग से पहले पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी पर सीधा हमला बोला है। दरअसल, ममता बनर्जी शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने हाईकोर्ट द्वारा ओबीसी सर्टिफिकेट खारिज किए जाने के मुद्दे पर भी बोला। ममता ने कहा कि मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है। ममता ने रैली के दौरान पीएम मोदी के एक बयान को लेकर उन पर तंज भी कसा। ममता ने कहा कि अगर उन्हें भगवान ने भेजा है, तो उनके लिए मंदिर में रहना बेहतर है। मैं उस मंदिर के निर्माण की व्यवस्था करुंगी।

### मेधा पाटकर मानहानि केस में दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की साकेत कोर्ट ने मेधा पाटकर को 2001 में दिल्ली के वर्तमान एलजी वीके सक्सेना द्वारा दायर मानहानि मामले में दोषी ठहराया है। राघव शर्मा द्वारा इस मामले में शुक्रवार को आदेश पारित किया गया। सक्सेना ने पाटकर पर उनके खिलाफ झूठे आरोप, व्यंग्यपूर्ण अभिव्यक्ति और लांछन लगाने का आरोप लगाते हुए मामला दायर किया था। कोर्ट का कहना है कि सक्सेना के खिलाफ पाटकर के बयान न केवल मानहानिकारक थे, बल्कि नकारात्मक धारणाओं को भड़काने के लिए भी तैयार किए गए थे।

### श्रीलंका में भारी बारिश से छह की मौत

**श्रीलंका।** देश के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि श्रीलंका में गंभीर खराब मौसम के बीच पेड़ गिरने से छह लोगों की मौत हो गई है। श्रीलंका में गंभीर खराब मौसम के बीच पेड़ गिरने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है, देश के आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने शुक्रवार को घोषणा की। डीएमसी के एक प्रवक्ता ने कहा, 'सभी छह लोगों की मौत भारी बारिश और तेज हवाओं के दौरान पेड़ गिरने से हुई।'इसके अलावा, द्वीप राष्ट्र में चरम मौसम की स्थिति के कारण 11 लोग घायल हो गए और 15 जिलों के लगभग 35,000 लोग विस्थापित हो गए हैं।

### 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने सीजेआई को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** कम से कम 21 अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उच्चतम न्यायालय से राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा लंबे अरसे से दाखिल मुकदमे के शीघ्र समाधान का अनुरोध किया है। निदेशालय इंडोनेशियाई कोयला आयात मामले में अडानी समूह की कंपनियों द्वारा कथित अधि-मूल्यांकन की जांच कर रहा है। लंदन के फाइनेंशियल टाइम्स ने जॉर्ज सोरोस समर्थित 'ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) के दस्तावेज के हवाले से एक खबर जारी की है, जिसके बाद संगठनों ने यह पत्र लिखा है।

### अमेरिका ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया

**ह्यूस्टन।** पाकिस्तानी मूल के तेज गेंदबाज अली खान के आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट की मदद से अमेरिका ने दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को छह रन से हराकर आईसीसी के पूर्णकालिक सदस्य देश के खिलाफ सीरीज में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पहले टी-20 में पांच विकेट से जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से ओत-प्रोत अमेरिका ने दूसरा मैच भी जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2 -0 की विजयी बढ़त बना ली। यह सीरीज अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम है। खान ने आखिरी दो ओवरों में तीन विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 25 रन देकर तीन विकेट लिए। अमेरिका ने छह विकेट पर 144 का स्कोर बनाया। जवाब में बांग्लादेश की टीम 19.3 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई।




**तीरंदाजी विश्व कप का दूसरा चरण**

### ज्योति, सुरेखा, वेन्नम व प्रियांश फाइनल में

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** ज्योति, सुरेखा, वेन्नम और प्रियांश की जोड़ी तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में शुक्रवार को कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गई। कंपाउंड महिला टीम बुधवार को ही फाइनल में पहुंच गई थी। ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने भारत का पहला पदक पक्का कर दिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम ने 16 तीरों में दो अंक ही गंवाते हुए मेजबान देश के हान सियुंगियोन और यांग जाएवोन को 158-157 से हराया। अब उनका सामना अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान से होगा।



### लैंगर ने भारत का कोच बनने का इरादा त्यागा



**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर जस्टिन लैंगर भारत का मुख्य कोच बनने की संभावना पर विचार कर रहे थे लेकिन इससे जुड़े 'दबाव और राजनीति' को लेकर केएल राहुल की सलाह के बाद उन्होंने यह ख्याल जेहन से निकाल दिया। लखनऊ सुपर जाइंट्स आईपीएल टीम के मुख्य कोच लैंगर ने 'बीबीसी स्टम्प्ड' पॉडकास्ट में कहा,''यह शानदार काम होगा। मैं आस्ट्रेलियाई टीम के साथ चार साल कोच रह चुका हूं, लेकिन यह काफी थकाऊ होता है, लेकिन किसी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने कहा,''मैं केएल राहुल से बात कर रहा था तो उसने कहा कि आईपीएल टीम में अगर आपको दबाव और राजनीति लगती है तो उसका हजारों गुना भारतीय टीम की कोचिंग में होता है। यह अच्छी सलाह थी। यह पद आकर्षक है लेकिन अभी मेरे लिए नहीं है ।''

### अब नए अंदाज में दिखेंगे दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स ने आरसीबी को हराया है। जिसके साथ ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सफर अब समाप्त हो गया। हार के बाद टीम के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भी अपने आईपीएल से संन्यास ले लिया। वहीं दूसरी ओर टी-20 वर्ल्ड कप के लिए आईसीसी भी पूरी तैयारियों में जुटी है और अब आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है। इसमें दिनेश कार्तिक भी शामिल हैं। दिनेश कार्तिक ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। इसके बाद भी पिछले कई सालों से कमेंट्री बॉक्स में दिख रहे हैं। 2023 वर्ल्ड कप के संस्करण में भारतीय टीम के विकेटकीपर रहने वाले कार्तिक को इस बार वर्ल्ड कप की टीम में जगह नहीं दी गई, लेकिन वह फिर भी इस टूर्नामेंट में नजर आएंगे और नई भूमिका में दिखेंगे।

# तीनों सेनाओं में एकजुटता की भावना बढ़ाएं कैडेट्स : जनरल पांडे

## मित्र देशों के 19 कैडेटों सहित सेना के 199, नौसेना के 38 और वायुसेना के 100 कैडेट्स हुए शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में प्रशिक्षण लेने वाले कैडेटों से तीनों सेनाओं में एकीकरण तथा तालमेल की भावना बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया है। जनरल पांडे ने पुणे में खड़कवासला स्थित अकादमी के खेतरपाल परेड ग्राउंड में शुक्रवार को 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की। परेड में कुल 1265 कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से 337 कैडेट इस कोर्स के थे। इन कैडेटों में भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव सहित मित्र देशों के 19 कैडेटों सहित सेना के 199, नौसेना के 38 और वायु सेना के 100 कैडेट शामिल हैं।



परेड में 24 महिला कैडेटों की टुकड़ी जो अभी तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र में है, ने भी भाग लिया। सैन्य नेतृत्व के उदग्म स्थल के रूप में जाना जाने वाला एनडीए देश का प्रमुख संयुक्त सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। अकादमी में 146वां कोर्स जून 2021 में हुआ था और तीन साल के कठोर सैन्य प्रशिक्षण के पूरा होने के बाद कैडेट एक भव्य समारोह में पास हुए। कैडेट अब अपनी संबंधित प्री-कमीशन ट्रेनिंग के लिए जाएंगे।

बटालियन कैडेट कैप्टन (बीसीसी) शोभित गुप्ता ने योग्यता के समग्र क्रम में प्रथम स्थान हासिल कर राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक जीता, अकादमी कैडेट एडजुटेंट (एसीए) माणिक तरुण ने समग्र योग्यता क्रम में दूसरे स्थान पर रहकर राष्ट्रपति का रजत पदक जीता और बीसीसी अत्री नेहरा ने समग्र योग्यता क्रम में तीसरे स्थान पर राष्ट्रपति का कांस्य पदक जीता।

# पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

**एजेंसी, पटना ( बिहार )**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव हम लोगों को डराते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम हैं। मैं लालू यादव एंड कंपनी को कहने आया हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं। हम पाकिस्तान के परमाणु बम से नहीं डरते हैं। यहां मैं कहकर जा रहा हूं कि पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा, हम उसे लेकर रहेंगे।

अमित शाह शुक्रवार को बिहार के भोजपुर जिले में आरा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजकुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों ने धारा 370 को संभाल कर रखा। पीएम मोदी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया। मोदी ने इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया। झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश और तेलंगाना पूर्ण रूप से नक्सलवाद से मुक्त है। आप मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे। अमित शाह ने महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि आरा में गलती से भी भाकपा-माले जीत गया तो यह लोग फिर से नक्सलवाद लेकर आएंगे। आप अपने खेत-खलिहान पर कब्जा चाहते हो क्या? यदि माले आया तो पीछे-पीछे नक्सलवाद भी आ जाएगा, लेकिन, इसका कोई सवाल ही नहीं है। हमारे आरके सिंह लाखों वोटों से जीतने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि लालू यदि फिर से आएंगे तो गरीबों के लिए चल रही योजना बंद करवा देंगे। कांग्रेस के साथ लालू यादव और ममता बनर्जी पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को हर बूथ का डाटा जारी करने का आदेश देने से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को फॉर्म 17सी का रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश देने से फिलहाल इनकार कर दिया है। साथ ही याचिका पर सुनवाई को स्थगित कर दिया है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही थी कि वर्तमान याचिका में उठाई गई अंतरिम मांग साल 2019 में डाली गई याचिका की मांग से मिलती-जुलती है और यह मामला कोर्ट में पेंडिंग है।

कोर्ट ने यह फैसला एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एनजीओ की याचिका के जवाब में दिया है। इस एनजीओ ने अपनी याचिका में अपील की थी कि आयोग अभी चल रहे लोकसभा चुनाव में 48 घंटे के अंदर हर पोलिंग स्टेशन पर वोटों का डाटा जारी करें। इसके लिए फॉर्म 17सी को सार्वजनिक करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। 17सी वह फॉर्म है, जिसमें एक पोलिंग बूथ पर डाले गए वोटों की संख्या दी होती है।

# नंदीग्राम में हिंसा पर ममता बनर्जी से राज्यपाल ने मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी, नंदीग्राम**

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने वीरवार को नंदीग्राम में एक बुजुर्ग महिला की 'हत्या' को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की आलोचना की और उनकी सरकार से रिपोर्ट मांगी। सूत्रों के अनुसार राज्यपाल ने ममता बनर्जी सरकार से इस मामले में अब तक क्या एक्शन लिए गए इस पर एक रिपोर्ट मांगी है। एक आधिकारिक बातचीत में बोस ने बनर्जी को चेतावनी दी कि वह हिंसा बंद करें और सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक कार्रवाई आदर्श आचार संहिता के मापदंडों के तहत ली जाए।

राज्यपाल ने नंदीग्राम में हो रही हिंसा को राज्य सरकार की ओर से प्रायोजित हिंसा बताते हुए कहा है कि किसी भी तरह के संवैधानिक उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा।

### राबड़ी देवी का बॉडीगार्ड सस्पेंड

**बिहार।** बिहार के सारण लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सुरक्षाकर्मी के दुरुपयोग के मामले में बॉडीगार्ड जितेंद्र सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है। सरकारी सुरक्षाकर्मी जितेंद्र सिंह को राबड़ी देवी की बेटी और सारण से आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के साथ चुनाव के दिन सारण जाने के मामले में सस्पेंड किया गया है।

# वैष्णो देवी जा रही ट्रैवलर ट्रॉले से टकराई, 7 की मौत; 20 घायल




**एजेंसी, अंबाला**

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे एक ही परिवार से भरी ट्रैवलर की ट्रॉले में भिड़त हो गई। यह हादसा अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित मोहड़ा के पास रात करीब दो बजे हुआ। ट्रैवलर में कुल 26 लोग सवार थे। उनमें से छह माह की बच्ची सहित सात की मौत हो गई है, जबकि 20 लोग घायल हुए हैं।

हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रैवलर का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और घायल हाईवे पर ही इधर-उधर गिर गए, जबकि कुछ घायल ट्रैवलर में ही फंसे थे। चीख-पुकार सुनने के बाद राहगीरों ने घायलों को निकाला और पुलिस की मदद से एंबुलेंस के जरिए छावनी नागरिक अस्पताल व आदेश अस्पताल में दाखिल करवाया। मौके पर पहुंची मोहड़ा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### अधीर के ड्राइवर ने फाड़ा खड़गे का पोस्टर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बहरामपुर (पश्चिम बंगाल) से कांग्रेस के प्रत्याशी अधीर रंजन चौधरी के बीच विवाद चल रहा है। अब पुलिस ने अधीर के करीबी ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसी ने मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्टर को बिगाड़ा था।

इस मामले में खबर लिखने तक अधीर रंजन चौधरी का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया। बहरामपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अधीर रंजन चौधरी ने हाल ही में बयान दिया कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का कोई भरोसा नहीं है, वह भाजपा को फायदा पहुंचाती रही हैं, लेकिन कांग्रेस आलाकमान ने इस बयान से किनारा किया। खुद खड़गे ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर ममता बनर्जी सरकार का हिस्सा होंगी या नहीं, इसका फैसला मैं और कांग्रेस आलाकमान करेंगे, अधीर नहीं, जो हमारे फैसले को नहीं मानेगा, वह पार्टी से बाहर चला जाएगा।

### सेंथिल कुमार व अभय क्यूएसएफ-3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में



**दोहा।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार और अभय सिंह 53500 डॉलर ईनामी राशि के क्यूएसएफ-3 स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। यह पीएसए विश्व टूर ब्रांज श्रेणी का टूर्नामेंट है। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने मिस्र के सातवीं वरीयता प्राप्त उमर मोसाद को 12-11, 11-3, 9-3 से हराया। चोट के कारण मोसाद ने 30 मिनट में कोर्ट छोड़ दिया। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय ने छठी वरीयता प्राप्त फ्रांस के आगस्टे डुसोर्ड को 11- 5, 5-11, 10-12, 11-5, 9-3 से मात दी। सेंथिल कुमार का सामना अब मिस्र के शीर्ष वरीयता प्राप्त तारिक मोमेन से होगा, जबकि अभय की टक्कर मलेशिया के तीसरी वरीयता प्राप्त ऐन योउ एंग से होगी।

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**एजेंसी, भुवनेश्वर**



कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिए भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है, जिसमें फॉरवर्ड पार्थिव गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं, जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।

मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिए टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे, जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा,''ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं।

टीम : (गोलकीपर) गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंद्र सिंह, विशाल कैथ, (डिफेंडर) अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर, निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस, (मिडफील्डर) अनिरुद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह, (फॉरवर्ड) डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

### फ्रेंच ओपन : सुमित नागल का सामना खाचानोव से



**पेरिस।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल क सामना फ्रेंच ओपन के पहले दौर में दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी रूस के कारेन खाचानोव से होगा। दुनिया के 94वें नंबर के खिलाड़ी नागल को मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश मिला है। वह 2019 में प्रग्नेश गुणेश्वरन के बाद फ्रेंच ओपन के मुख्य ड्रॉ में सीधे प्रवेश पाने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने। वह क्लेकोर्ट पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम से पहले हालांकि अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। उन्हें मोंटे कार्लो मास्टर्स के तीसरे दौर में होल्गर रूने ने हराया। इसके बाद वह बोर्डो चैलेंजर और जिनीवा ओपन में भी पहले दौर में हार गए।

# भारतीय क्रिकेट की समझ रखने वाले कोच की जरूरत : जय शाह

**एजेंसी, मुंबई**



बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को इन दावों का खंडन किया कि बोर्ड ने किसी पूर्व आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर से भारत का मुख्य कोच बनने के लिए संपर्क किया है। उन्होंने यह कहकर राहुल द्रविड़ के बाद भारतीय कोच की नियुक्ति का संकेत दिया कि नए कोच को देश में खेल के ढांचे की गहरी समझ होनी चाहिए।

समझा जाता है कि द्रविड़ ने बोर्ड को बता दिया है कि वह कार्यकाल में और विस्तार नहीं चाहते हैं। आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग और जस्टिन लैंगर ने दावा किया है कि उन्होंने इस पद की पेशकश ठुकरा दी है। कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटोर और पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर को भी इस पद के प्रमुख दावेदारों में माना जा रहा है। शाह ने एक बयान में कहा,''मैंने या बीसीसीआई किसी ने भी किसी आस्ट्रेलियाई पूर्व क्रिकेटर से कोच के पद के लिए संपर्क नहीं किया है। मीडिया में चल रही इस आशय की खबरें सरासर गलत हैं।'' बीसीसीआई सचिव ने यह भी कहा कि अगले कोच की नियुक्ति के लिए भारत के घरेलू क्रिकेट ढांचे की समझ होना महत्वपूर्ण है।

# पीवी सिंधू मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में, अश्मिता हारी

**एजेंसी, कुआलालंपुर**




दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त हान युइ को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने छठी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 55 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 21-13, 14-21, 21-12 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का सामना अब इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी या थाईलैंड की बुसानन ओंगामरूंगफान से होगा। अन्य मुकाबलों में अश्मिता चालिहा को क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त झांग यि मैन ने 21-10, 21-15 से हराया।

**मुकाबला** प्रो-लीग के यूरोप चरण में बेल्जियम ने 2-0 से दी मात

# भारतीय महिला हॉकी टीम दूसरा मैच भी हारी

**एजेंसी, एंटवर्प ( बेल्जियम )**

भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच प्रो-लीग के यूरोप चरण में लगातार दूसरी पराजय झेलनी पड़ी और इस बार उसे बेल्जियम ने 2-0 से हराया। नए कोच हरेंद्र सिंह और कप्तान सलीमा टेटे के साथ भारतीय महिला टीम को पहले मैच में अर्जेंटीना ने 5-0 से हराया था। बेल्जियम के लिए दोनों गोल फील्ड गोल थे, जो 34वें मिनट में अलेक्सिया टी सरस्टेवेंस और दो मिनट बाद डेवाएट लुईस ने किए।



भारत ने आक्रामक शुरुआत करके पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था, लेकिन गोल नहीं हो सका। पहले दो क्वार्टर में भारतीय डिफेंस काफी मुस्तैद रहा और बेल्जियम को गोल करने के मौके नहीं दिए। बेल्जियम को पहले क्वार्टर के आखिर में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारत की अनुभवी गोलकीपर सविता ने उसे बचा लिया। दूसरे क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार हमले बोले, लेकिन भारतीयों ने उसका माकूल जवाब दिया।

ब्रेक के बाद बेल्जियम ने हमले तेज कर दिए ओर तीसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में अलेक्सिया ने पहला गोल दागा। इसके दो मिनट बाद ही डेवाएट ने दूसर गोल कर दिया। भारत ने चौथे क्वार्टर में कुछ प्रयास किए लेकिन कामयाबी नहीं मिली। भारत को अब शनिवार को बेल्जियम से खेलना है।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम स्थानीय डच क्लब से हारी

**एजेंसी, ब्रेडा ( नीदरलैंड )**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था।

कप्तान रोहित ने 18वें मिनट, सौरभ आनंद कुशवाह ने 24वें मिनट, अंकित पाल ने 32वें मिनट और अर्शदीप सिंह ने 58वें मिनट में भारत के लिए गोल दागे। मेजबान क्लब ने हालांकि आक्रामक शुरुआत करके पहले ही मिनट में गोल दाग दिया और दूसरे मिनट में बढ़त दोगुनी कर ली।

भारत को दूसरे क्वार्टर में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर रोहित ने गोल किया। भारत की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक सकी, क्योंकि डच क्लब ने फिर पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सौरभ ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके अंतर कम करने का प्रयास किया। ब्रेक के बाद दूसरे ही मिनट में अंकित ने गोल किया, लेकिन डच टीम ने 42वें मिनट में गोल करके फिर बढ़त बना ली। अर्शदीप ने 58वें मिनट में गोल करके स्कोर 4-4 कर दिया। डच टीम ने आखिरी मिनट में गोल करके जीत दर्ज की। भारतीय टीम अब 28 मई को मोंशेंग्लाबाख में जर्मनी से खेलेगी।